kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-273 ❑ शुक्रवार, 07 नवम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



राजग की सरकार देश के महिलाओं को रोजगार उन्मुख व सशक्त बनाने को लेकर कई परियोजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में एक करोड़ तीस लाख जीविका दीदियों के खाते में 10-10 हजार रुपये देकर उन्हें छोटे रोजगारों से जोड़ने काम किया है। **अमित शाह**

इथियोपियाई प्रतिनिधिमंडल की ग्रामीण आजीविका मिशन संबंधी यात्रा समाप्त 11

तृतीय केदारनाथ तुंगनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद 12

## संक्षेप

### बनारस से लेकर बेंगलुरु तक, मिलेगी चार नई वंदे भारत ट्रेन

**वाराणसी।** यात्रियों की सुविधा, समय बचाने और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से रेल यातायात की बड़ी सौगात देने वाले हैं। श्री मोदी अपने काशी दौरे के दौरान देशवासियों को चार वंदे भारत ट्रेनों की सौगात देंगे। इसमें एक वाराणसी से खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात ख़ास काशीवासियों के लिए होगी है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बनारस (पूर्व का मंडुवाडीह) स्टेशन पर शहर के गणमान्य लोगों को सम्बोधित करना भी प्रस्तावित है। श्री मोदी सात नवंबर शुक्रवार की शाम लगभग पांच बजे दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचेंगे। वह विशेष विमान से लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर आएंगे। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य लोग प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगे। प्रधानमंत्री एयरपोर्ट से बरेका जाएंगे। प्रधानमंत्री आठ नवंबर को बनारस स्टेशन से देश को 4 वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात देंगे। इनमें एक विशेष ट्रेन वाराणसी से खजुराहो के बीच चलेगी, जो काशीवासियों और पूर्वांचल के लिए एक बड़ा उपहार मानी जा रही है। प्रधानमंत्री इस ट्रेन को बनारस (पूर्व मंडुवाडीह) रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा लखनऊ से सहारनपुर, फिरोजपुर से दिल्ली और एर्नाकुलम से बेंगलुरु जाने वाली अन्य स्थानों की तीन वंदे भारत एक्सप्रेस को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ट्रेनों के लोकार्पण के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री बनारस रेलवे स्टेशन पर गणमान्य लोगो से संवाद भी कर सकते हैं।

### एसआईआर में लापरवाही पर 30 जिलों को फटकार, शामली के डीएम को नोटिस

**लखनऊ।** मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए मतदाताओं को जिलों में सुस्त गति से गणना प्रपत्र बांटे जाने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने नाराजगी जताई है। उन्होंने लापरवाही बरत रहे लगभग 25 से 30 जिलों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को बीएलओ एप पर गणना प्रपत्र वितरित करने की सूचना हर दिन ऑनलाइन अपडेट करने के सख्त निर्देश दिए हैं। बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित होने पर शामली के डीएम अरविंद कुमार चौहान को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया। कई डीएम को सुस्त गति पर फटकार सीईओ नवदीप रिणवा ने गुरुवार को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की और बीते दो दिनों में एसआईआर की प्रगति का ब्यौरा लिया। जिसमें गोंडा, शामली, महोबा व अयोध्या सहित सुस्त गति से काम कर रहे अन्य जिलों को फटकार लगाई। उन्होंने सभी डीएम को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने जिलों में बीएलओ को बीएलओ एप का एडवांस वर्जन 8.7 प्ले स्टोर से स्मार्ट मोबाइल फोन पर अपलोड कराएं।

# अपराधियों को सत्ता का स्वाद चखाओगे तो कीमत चुकाओगे : सीएम योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो/एजेंसी




❑ यूपी में माफिया को बुलडोजर से रौंद दिया गया

❑ कांग्रेस ने किसानों को भूखमरी की ओर ढकेला तो राजद ने उनका शोषण किया

लखनऊ/सीतामढ़ी/पश्चिमी चंपारण। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, आज बिहार में विकास की सारी योजनाएं हैं। बिहार बदलकर समृद्धि की तरफ बढ़ा है। राजद काल में 1990 से 2005 के मध्य 60 से अधिक जातीय नरसंहार व अपहरण की 30 हजार घटनाएं हुईं। उस समय इंजीनियर, डॉक्टर, बच्चे, व्यापारी के साथ ही सड़क, पुल का भी अपहरण हो जाता था। पेशेवर माफिया व अपराधी इनके शागिर्द बनते थे। यूपी में माफिया को अब बुलडोजर से रौंद दिया गया है। सीएम ने मतदाताओं को चेताया कि माफिया व अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने देना चाहिए। जब भी इन्हें सत्ता का स्वाद चखाओ तो कीमत चुकाओगे। दंगाइयों को सत्ता का स्वाद चखने नहीं देना है।

सीएम योगी की बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार में ताबड़तोड़ रैली निरंतर जारी है। गुरुवार को दूसरी रैली में उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री व बेतिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रेणु देवी के लिए कमल खिलाने की अपील की। यहां जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाया तो कांग्रेस व राजद गठबंधन पर करारा प्रहार किया। सीएम ने विपक्षी प्रत्याशियों की जमानत जब्त कराने की अपील की। कहा कि आज पहले चरण की 121 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हो रही है। नौजवान, किसान, श्रमिक, माताएं, बहनें, युवा सभी एनडीए को वोट दे रहे हैं। रुझान बता रहा कि 14 नवंबर को परिणाम आने पर एनडीए सरकार का नारा फिर बुलंद होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, यूपी में इनके पार्टनर सपा व कंग्रेस माफिया को गले लगाकर चलती थी। जनता का शोषण करती थी। हमने कहा कि यह नहीं चलेगा। आज यूपी में नौजवान को नौकरी, रोजगार, शिक्षा, बहन-बेटियों को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन है। वहां युवा मस्त व माफिया पस्त है। यूपी में माफिया को बुलडोजर से रौंद दिया गया है। लखनऊ में डीजीपी आवास के सामने दुर्दांत माफिया ने गरीबों की जमीनों पर कब्जा करके हवेली बनाई थी। एक दिन मैंने कहा कि इसे कब्जे में ले लो। मैं बताऊंगा कि क्या करना है। फिर कब्जे में लेकर उस हवेली पर बुलडोजर चलवाया गया। वहां हमने गरीबों के लिए 72 आवास बनाकर उन्हें चाबी सौंपी। यही काम प्रयागराज में भी किया। माफिया व अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने देना चाहिए। जब भी इन्हें सत्ता का स्वाद चखाओ तो इसकी कीमत चुकाओगे।

योगी ने कहा, पीएम मोदी ने भारत को बदला है। जो काम कांग्रेस 65-70 वर्ष में नहीं कर पाई, मोदी जी ने 11 वर्ष में कर दिया। 46 करोड़ बैंक अकाउंट खोल दिए गए, जिससे गरीबों, महिलाओं व लाभार्थियों का पैसा सीधे अकाउंट में जाता है। पीएम ने कंग्रेस व राजद की दलाली को रोक दिया है, इसलिए यह लोग मोदी जी को गाली देते हैं। राजद के समय बिजली नहीं आती थी, जबकि अब तीन करोड़ लोगों के घर में बिजली कनेक्शन दिए गए। लालटेन की लाइट में मोबाइल-लैपटॉप नहीं चार्ज कर पाएंगे, क्योंकि बिजली तो एनडीए ही देगी। यह लोग लालटेन दिखाकर बंद कर देते थे, फिर रात में डकैती डालते थे। कंग्रेस, राजद व सपा वाले जाति के नाम पर बांटने का कार्य कर रहे हैं। सीएम ने मतदाताओं को आगाह किया कि बंटे थे तो कटे थे। बंटना नहीं है, एकजुट होकर कंग्रेस-राजद के माफियाराज व जंगलराज का मुंहतोड़ जवाब देना है।

सीएम ने बिहार की गौरवशाली धरा पर महापुरुषों का स्मरण किया। बोले कि मां जानकी ने इस धरा पर जन्म लेकर साक्षात लक्ष्मी का अवतार बनकर लोककल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। यूपी व बिहार सांझी विरासत के प्रतीक हैं। हमारा संबंध श्रीराम व मां सीता जैसा है। एक-दूसरे के साथ पवित्र संबंध के साथ जुड़े हैं। इसे कोई अलग नहीं कर सकता। शास्त्रीय संगीत की ध्रुपद शैली का जन्म बेतियाराज घराने में हुआ था। बिहार में ● शेष पेज 11 पर

### सिर्फ सत्ता की दोस्ती है महागठबंधन

# राजद के पोस्टर से कांग्रेस के नामदार गायब : मोदी

एजेंसी



भागलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि बिहार में महागठबंधन के झगड़े खुल कर सामने आ गए हैं और राष्ट्रीय जनता दल ((राजद) के पोस्टर पर कंग्रेस के नामदार का फोटो दूरबीन से भी नही दिख रहा है।

श्री मोदी ने आज भागलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)जहां प्रदेश में विकास की गंगा बहाने में मशगूल है, वही महागठबंधन के नेता सत्ता के लोभ में एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जब इस बात की पोल खोली गई कि कंग्रेस प्रदेश में राजद को बर्बाद करना चाहती है, तो उसके बाद दोनों पक्षों की तनातनी बढ़ गयी। उन्होंने कहा ह्लराजद के नेताओं ने कंग्रेस की कनपटी पर कट्टा रख कर मजबूर किया कि उनके नामदार नेता को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह अपनी रैलियों में राजद और कंग्रेस एक दूसरे का नाम लेने से परहेज कर रहे हैं, उससे पता चलता है कि सबकुछ ठीक नही है। उन्होंने कहा कि चारो तरफ भारी संख्या में राजद के पोस्टर लगे हुए हैं, लेकिन उनमें कंग्रेस के नामदार का चेहरा दूरबीन से भी नही दिख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि झगड़ा यहीं तक सीमित नही है, उनके एक नेता जिन्हें गठबंधन ने उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया था, आजकल खुलेआम जंगलराज की पोल खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कृत्रिम गठजोड़ चुनाव खत्म होने तक है और उसके बाद एक दूसरे के बाल नोचने की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने कहा कि यह युगलबंदी बिहार के सबसे भ्रष्ट और देश के सबसे भृष्ट परिवार के बीच है, जिसका यही अंत होना है। श्री मोदी ने कहा कि गंगा किनारे बसे दो शहरों बनारस और भागलपुर से उनका गहरा लगाव है। उन्होंने कहा कि बनारस में जहां बाबा विश्वनाथ की कृपा उन्हें मिली है, वहीं उत्तरवाहिनी गंगा के पास स्थापित अजगैवीनाथ में उनकी गहरी आस्था है। उन्होंने कहा कि बनारस की तरह यहां भी बाबा अजगैवी नाथ का नया कॉरिडोर बनाया जा रहा है। श्री मोदी ने भागलपुर की दो महान विभूतियों तिलका मांझी और कादम्बिनी गांगुली को याद किया और कहा कि यह शहर संघर्ष, संस्कार और सम्मान की अदभुत गाथा के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि विक्रमशिला की संस्कृति और यहां की पहाड़ियां एक अलग कहानी की गवाह हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार और ● शेष पेज 11 पर

# क्रिकेटर रैना और धवन की 11.14 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

एजेंसी

❑ ईडी ने धन शोधन मामले में की कार्रवाई




नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरूवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत पूर्व भारतीय क्रिकेटरों सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क की।

कुर्की में सुरेश रैना के नाम पर 6.64 करोड़ रुपये मूल्य के म्यूचुअल फंड निवेश और शिखर धवन के नाम पर 4.5 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्ति शामिल है। ईडी ने यहां जारी एक बयान में दोनों क्रिकटरों की चल और अचल संपति की कुर्की की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी जाँच विभिन्न राज्य पुलिस एजेंसियों द्वारा अवैध अवैध विदेशी सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म 1ब्बीईटी के खिलाफ दर्ज की गयी कई प्राथमिकियों पर आधारित है। गौरतलब है कि 1ब्बीईटी एक ऑनलाइन जुआ कंपनी है। कंपनी की स्थापना 2007 में हुई थी और इसका मुख्यालय साइप्रस में है। ईडी की जाँच से पता चला है कि 1ब्बीईटी और उसके सरोगेट ब्रांड 1ब्बीएटी और 1ब्बीएटी स्पोर्टिंग लाइन्स ने पूरे भारत में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के संचालन को बढ़ावा दिया । एजेंसी की जाँच से पुष्टि हुई कि दोनों क्रिकेटरों ने जानबूझकर 1ब्बीईटी के प्रतिनिधियों के माध्यम से उसे बढ़ावा देने के लिए विदेशी संस्थाओं के साथ विज्ञापन समझौते किए। ये विज्ञापन, अवैध सट्टेबाजी गतिविधियों से होने वाली आय, धन के अवैध स्रोत को छिपाने के लिए ● शेष पेज 11 पर

# अब्दुल्ला आजम के खिलाफ प्राथमिकी खारिज करने से इंकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरूवार को समाजवादी पार्टी नेता आज़म खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आज़म खान पर फर्जी दस्तावेजों से पासपोर्ट लेने के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति एम. एम. सुन्दरेश और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्र की खंडपीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि जब मामले का ट्रायल लगभग पूरा हो चुका है, तो इस स्तर पर हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। बेंच ने कहा, ''हम दखल देने के इच्छुक नहीं हैं। हालांकि, यह स्पष्ट किया जाता है कि निचली अदालत सभी मुद्दों पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लेगी और उच्च न्यायालय की किसी भी टिप्पणी से प्रभावित नहीं होगी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुन्दरेश ने कहा, '' निचली अदालत पर भरोसा रखिए। जब मुकदमे की सुनवाई पूरी हो चुकी है, तो अब हम क्यों दखल दें? प्राथमिकी के अनुसार, श्री अब्दुल्ला आज़म पर आरोप है कि उन्होंने पासपोर्ट ● शेष पेज 11 पर

# बिहार : प्रथम चरण की 121 सीटों पर करीब 65 प्रतिशत हुआ मतदान

एजेंसी

### 1314 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद



पटना। बिहार विधानसभा के प्रथम चरण के चुनाव में त्रिस्तरीय कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को 121 विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान में करीब 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर 1314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में बंद कर दिया।

प्रथम चरण के चुनाव में कुल तीन करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाताओं के करीब 65 प्रतिशत वोटरों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर बिहार के दो उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा, महागठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव,राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े पुत्र तेज प्रताप यादव समेत 1314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद कर दिया। प्रथम चरण में 121 विधानसभा सीटों के लिये 45341 मतदान केंद्रों पर वोटिंग सुबह सात बजे शुरू हुयी। सुरक्षा कारणों से मुंगेर जिले की तीन सीटें तारापुर,मुंगेर और जमालपुर के अलावा सहरसा जिले की सिमरी बख्तियारपुर ,महिषी और लखीसराय जिले की सूर्यगढ़ा सीट के 56 मतदान केन्द्रों पर मतदान शाम पांच बजे समाप्त हो गया, वहीं अन्य सीटों पर मतदान शाम छह बजे समाप्त हुआ। आज के मतदान में जिन दिग्गजों की किस्मत का फैसला मतदाताओं ने किया उनमें राजग से दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, 15 मंत्री विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार,मंगल पाण्डे, मदन सहनी,नितिन नवीन,महेश्वर हजारी, सुनील कुमार,रत्नेश सदा,केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र मेहता,संजय सरावगी, डा. सुनील ● शेष पेज 11 पर

# पोत 'इक्षक' को नौसेना ने अपने युद्धक बेड़े में शामिल किया




एजेंसी

❑ भारत की व्यापक समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करने के अपने मिशन को अंजाम देगा

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने अपनी जल सर्वेक्षण क्षमताओं को और मजबूत बनाने के लिए गुरुवार को कोच्चि के नौसेना बेस पर स्वदेशी हाइड्रोग्राफिक पोत 'इक्षक' अपने युद्धक बेड़े में शामिल किया है। दक्षिणी नौसेना कमान का हिस्सा बनने वाला यह सर्वेक्षण पोत समुद्री क्षेत्रों का अन्वेषण करने के साथ भारत की व्यापक समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करने के अपने मिशन को अंजाम देगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कमीशनिंग क्रू को बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि आप निडर भावना, साहस और दृढ़ता के साथ नाविकों को महासागरों के पार सुरक्षित मार्गदर्शन प्रदान करके 'इक्षक' के आदर्श वाक्य 'निर्भय वीर पथ प्रदर्शक' पर खरा उतरेंगे। नौसेना के मुताबिक अपनी श्रेणी के तीसरे पोत के रूप में 'इक्षक' का नौसेना में शामिल होना उन्नत, अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के निर्माण के प्रति नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे क्षमता वृद्धि और ● शेष पेज 11 पर

### राष्ट्रपति विश्वकप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों के मुलाकात की

# आप युवा लड़कियों के लिए रोल मॉडल है: मुर्मु

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को विश्वकप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों के मुलाकात की और कहा कि वे आज युवा पीढ़ी की लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं, इससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

आज यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेकर राष्ट्रपति मुर्मु के साथ फोटो खिंचवाई। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति को खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली टी-शर्ट भेंट की। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा, ''आप युवा पीढ़ी, विशेषकर लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं, इससे वह जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। राष्ट्रपति ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हर सदस्य को बधाई दी और कहा कि उन्होंने क्रिकेट विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया है। देश और विदेश में लाखों भारतीय इस जीत का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह टीम भारत को दिखाती है। वे अलग-अलग क्षेत्रों, अलग-अलग सामाजिक पृष्ठभूमि, अलग-अलग परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। लेकिन वे एक टीम हैं - भारत। यह टीम भारत को उसके सबसे अच्छे रूप में दिखाती है। श्रीमती मुर्म ने कहा कि टीम ने सात बार की विश्व चैंपियन और उस समय तक अजेय रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को सेमीफाइनल में हराकर सभी भारतीयों का अपनी काबिलियत पर विश्वास मजबूत किया है। एक मजबूत टीम के खिलाफ एक मुश्किल मैच में बड़े अंतर से फाइनल मैच जीतना टीम इंडिया की उत्कृष्टता का एक यादगार उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वे रोल मॉडल बन गई हैं। युवा पीढ़ी, खासकर लड़कियां, जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जिन खूबियों से उन्होंने इतिहास रचा है, उन्हीं खूबियों से वे भविष्य में भी भारतीय क्रिकेट को शीर्ष पर रखेंगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान टीम के सदस्यों ने उम्मीद और निराशा के उतार-चढ़ाव का अनुभव किया होगा। कभी-कभी उनकी नींद भी उड़ी होगी। लेकिन उन्होंने सभी चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड पर जीत के बाद, लोगों को पूरा विश्वास हो गया था कि मैच में उतार-चढ़ाव के बावजूद, हमारी बेटियां ही जीतेंगी। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी कड़ी मेहनत, बेहतरीन खेल कौशल, दृढ़ संकल्प तथा उनके परिवारों और क्रिकेट प्रेमियों का प्यार और आशीर्वाद ही उनकी सफलता के पीछे रहा है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट जैसे खेल में, सभी टीम सदस्यों को हर समय पूरी तरह से समर्पित रहना होता है। उन्होंने सभी - मुख्य कोच, गेंदबाजी कोच, फील्डिंग कोच और सपोर्ट स्टाफ की सराहना की। उन्होंने कामना की कि वे अपने प्रदर्शन से टीम इंडिया के लिए सफलता के नए रिकॉर्ड बनाते रहें। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ अपने-अपने गृहनगर लौटेंगे। फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रही शैफाली वर्मा अब नॉर्थ जोन टीम की कप्तानी करते हुए इंटर जोनल टी-20 टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी, जिसका आयोजन नागालैंड में हो रहा है। उल्लेखनीय है कि रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार महिला विश्वकप का खिताब जीता था।

### हरमनप्रीत ने मोदी से कहा..आपकी प्रेरणा से हम कामयाबी के शिखर पर पहुंचे

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात को यादगार बताते हुए कहा कि आपने हमें 2017 में प्रेरित किया था जिसकी बदौलत हम इस बार विश्वकप की कामयाबी तक पहुंच सके। एकदिवसीय विश्वकप विजेता भारतीय महिला टीम ने बुधवार को यहां ● शेष पेज 11 पर

# महेंद्र कुमार सिंह ने संभाला संयुक्त शिक्षा निदेशक अर्थ का कार्यभार

**विभागीय मातहतों के साथ बैठक कर दिये निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । 1998 बैच के सीनियर पीईएस महेंद्र कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को उप्र शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में संयुक्त शिक्षा निदेशक अर्थ (जेडी) का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने विभागीय मातहतों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए।सीतापुर से स्कूली शिक्षा प्राप्त करने वाले महेंद्र कुमार सिंह के माता-पिता किसान हैं। स्नातक की पढ़ाई मेरठ विश्वविद्यालय से की और परास्नातक गोविंद बल्लभ पंत संस्थान से किया। प्रशासनिक सेवा में प्रयागराज में रहते हुए महेंद्र कुमार सिंह ने शिक्षा विभाग की बहुत सी गतिविधियों को यूनिक प्रणाली का समायोजन किया था। 2012 में डीआईओएस प्रयागराज के पद पर रहते हुए उन्होंने पहली बार विभाग की वेबसाइट बनवाकर प्रयागराज जनपद के छात्र-छात्राओं का स्कॉलर रजिस्टर डिजिटल करने का काम किया। समय-समय पर शिक्षक गुणवत्ता का निरीक्षण और संशोधन का कार्य भी किया। नवनियुक्त जेडी फाइनेंस महेंद्र कुमार सिंह की पहली नियुक्ति 1998 में एडीआईओएस कानपुर देहात, डीआईओएस गाजियाबाद, मेरठ, अलीगढ़, बरेली, आजमगढ़ और प्रयागराज हुई। 2008 से 10 तक बेसिक शिक्षा परिषद के संयुक्त सचिव का भी पद भार संभाला। निदेशालय में उप शिक्षा निदेशक सेवा, मथुरा में और पीलीभीत में डायट प्राचार्य थे। प्रयागराज में संयुक्त शिक्षा निदेशक अर्थ का पद ग्रहण करने के उपरांत प्रयागराज के विभाग से लेकर विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षकों की ओर से बधाई का तांता लगा रहा। बधाई देने वालों में अजय सिंह यादव, वरिष्ठ शिक्षक नेता डॉ. हरि प्रकाश यादव, दुर्विजय सिंह, उपेंद्र वर्मा, अरुण, सहायक उप शिक्षा निदेशक विज्ञान श्रीमती रिफत मलिक, सहायक उप शिक्षा निदेशक अर्थ बीमा कमाल अहमद सिद्दीकी, विधि अधिकारी राजू यादव, सहायक शिक्षा निदेशक लालबाबू मौर्य, प्रशासनिक अधिकारी हरिहर द्विवेदी, राहुल पांडे, महेंद्र यादव अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

# उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिला जनसुनवाई में सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्या

**एंकुल 6 प्रकरणों की हुई सुनवाई, अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश महिलाओं की आवाज को सुनेगा आयोग, दिलाएगा न्याय: गीता विश्वकर्मा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने गुरुवार को सर्किट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित की। इस दौरान घरेलू हिंसा, राजस्व, पुलिस, अवैध कब्जा, एवं साइबर क्राइम से जुड़ी कुल 6 शिकायतें आईं, जिन्हें सम्बंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।सदस्य ने कहा कि ह्लथानों में आने वाले छोटे प्रकरणों का निस्तारण थाने स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ित महिलाओं को अदालतों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई में कल्लो देवी, प्रियंका पुरवार, अनुराधा सिंह और बुशरा रहमान सहित कई महिलाओं ने अपने उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं। मा0 सदस्य ने प्रत्येक प्रकरण पर सम्बंधित अधिकारियों, एसडीएम सदर व एसीपी अतरसुइया/सिविल लाइन को निरीक्षण व विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि महिला शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता बरती जाए तथा किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। आयोग स्तर से सभी प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।कार्यक्रम में एसडीएम सदर अभिषेक सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाषा विश्वविद्यालय में परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 नवंबर तक बढ़ाई गई

लखनऊ । ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने विद्यार्थियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 नवंबर तक बढ़ा दी है। जिन विद्यार्थियों ने अंतिम तिथि 06 नवंबर तक परीक्षा फॉर्म नहीं भरा है, ऐसे विद्यार्थी अब 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 10 नवंबर तक फार्म जमा कर सकते हैं।उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. अताउर रहमान आज़मी ने बताया कि यह निर्णय विद्यार्थियों के हित में लिया गया है ताकि कोई भी विद्यार्थी परीक्षा से वंचित न रह जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि के बाद किसी भी स्थिति में परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित छात्र की होगी। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय ने सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, विषय प्रभारियों एवं शिक्षकों से अनुरोध किया है कि वे इस सूचना को अपने-अपने स्तर पर सभी विद्यार्थियों तक समय से पहुंचाएं, जिससे सभी विद्यार्थी समय पर परीक्षा फार्म भर सकें।

## खाली पड़ी दुकान के अंदर शव मिलने से मचा हड़कंप

बंथरा (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। इलाके में बृहस्पतिवार सुबह 40 वर्षीय युवक का शव एक खाली पड़ी दुकान के अंदर पड़ा मिला। लोगों को जब जानकारी हुई इलाके में हड़कंप मच गया जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक सराय शहजादी जुनाबगंज निवासी आशीष गुप्ता ने बंथरा पुलिस को सूचना दी कि सड़क किनारे खाली पड़ी नन्हेके रावत की दुकान के अंदर एक युवक मृत अवस्था में पड़ा है। इस सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों से पूछा तो पता चला कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और आसपास ही घूमा करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सीडीओ ने निर्धनतम परिवारों को सभी सरकारी योजनाओं से शीघ्र आच्छादित करने के दिए निर्देश

प्रयागराज । मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को संगम सभागार में जीरो पावर्टी (शून्य गरीबी) अभियान की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने जनपद के 30,679 चिन्हित निर्धनतम परिवारों को सभी सरकारी योजनाओं के लाभ से शीघ्र आच्छादित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।मुख्य विकास अधिकारी ने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग की योजनाओं के अंतर्गत असंतृप्त परिवारों को जल्द से जल्द संतृप्त करें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना से वंचित 12,532 परिवारों को लाभान्वित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।सीडीओ ने आवास योजना के तहत लंबित 26 आवेदनों का सत्यापन शीघ्र पूर्ण करने और राशन कार्ड से वंचित 61 पात्र परिवारों के कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 260 परिवारों के राशन कार्ड बन चुके हैं, जिन्हें पोर्टल पर शीघ्र अपडेट किया जाएगा।समीक्षा के दौरान उन्होंने उप निदेशक कृषि को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, तथा सामाजिक कल्याण विभाग को दिव्यांगजन, विधवा और वृद्धावस्था पेंशन योजनाओं से पात्र परिवारों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम/सीएम जन आरोग्य योजना के लंबित सत्यापन को एक सप्ताह के भीतर पूरा करने पर बल दिया।मुख्य विकास अधिकारी ने श्रम विभाग को शिविर लगाकर श्रम कार्ड बनवाने तथा बेसिक शिक्षा विभाग को स्कूल से बाहर बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने उज्ज्वला योजना एवं हर घर नल से जल योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति हेतु 15 दिनों के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए।सीडीओ ने कहा कि जीरो पावर्टी अभियान उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य को गरीबी मुक्त बनाना और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर निर्धनतम परिवारों की पहचान कर उन्हें आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।बैठक में जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## इंस्पायर लिविंग मैनेजमेंट एकेडमी लखनऊ में हुआ कुलिनरी ब्रिलियंस वीक सीजन-4 का शुभारंभ



लखनऊ, (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। इंस्पायर लिविंग मैनेजमेंट एकेडमी लखनऊ में कुलिनरी ब्रिलियंस वीक आर्ट ऑन प्लेट सीजन 4 का शुभारंभ पूरे उत्साह, सृजनशीलता और पाक-कला के जीवंत माहौल में हुआ। यह आयोजन आईएलएमए के वार्षिक अकादमिक कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्लोबल कुलिनरी ट्रेंड्स और क्रिएटिव प्रेजेंटेशन टेक्नीक्स से परिचित कराना है। कार्यक्रम के उद्घाटन में आईएलएमए के एचओडी प्रवीण मिश्रा ने कहा कि हमारे लिए कुलिनरी एजुकेशन का अर्थ केवल रेसिपी सिखाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच और वैश्विक व्यावसायिकता का विकास करना है। यह आयोजन उसी विचार का उत्सव है। इस सप्ताह के दौरान छात्र कई विषयों पर गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन का संचालन प्रसिद्ध शेफ सूर्यांश के द्वारा किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों को बारीकियाँ सिखा रहे हैं।

## होटल नोवोटेल ने किया नए रूफटॉप रेस्टोबार द स्ट्रीट रिपब्लिक का भव्य उद्घाटन

लखनऊ (कैनविज टाइम्स संवाददाता) । नोवोटेल होटल ने अपने नए रूफटॉप रेस्टोबार द स्ट्रीट रिपब्लिक का भव्य उद्घाटन किया। पूलसाइड पर स्थित यह नया डेस्टिनेशन विश्वभर के प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड को भारतीय स्वाद के साथ प्रस्तुत करता है। होटल के जनरल मैनेजर राहुल नामा ने कहा कि यह सिर्फ एक रेस्टोरेंट नहीं, बल्कि एक अनुभव है जो स्ट्रीट फूड की ऊर्जा, विश्व व्यंजनों की रचनात्मकता और भारतीय स्वाद को एक साथ जोड़ता है।

# सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा में अल्का विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया

**कौशांबी की कक्षा 6 की मेधावी छात्रा अल्का विश्वकर्मा ने सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रांत स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । श्री मथुरा प्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर गौसपुर नवावा कड़ा कौशांबी की कक्षा 6 की मेधावी छात्रा अल्का विश्वकर्मा ने सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रांत स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यह जानकारी गुरुवार को विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने दी।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कठिन प्रतियोगिता में अल्का ने अपनी लगन और मेहनत से यह उच्च स्थान हासिल किया है। इस परीक्षा में विभिन्न जिलों से हजारों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था, जिसमें अल्का ने शीर्ष तीन में जगह बनाकर अपनी असाधारण शैक्षणिक क्षमता का परिचय दिया है। प्रबंधक ने बताया कि सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन फरवरी 2025 में हुआ था, जिसका परिणाम अभी प्राप्त हुआ। इस परिणाम में विद्यालय की छात्रा अल्का विश्वकर्मा ने प्रांत में तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि न केवल अल्का के उज्जवल भविष्य की ओर इशारा करती है, बल्कि अन्य छात्रों को भी कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित करती है।उन्होंने छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, ''अल्का शुरू से ही एक मेहनती और प्रतिभाशाली छात्रा रही है। हमें उसकी इस सफलता पर गर्व है और हम उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।''विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अल्का विश्वकर्मा ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और अथक प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# आबकारी राजस्व लक्ष्य को प्राप्त न करने पर अधिकारियों के विरूद्ध होगी कार्रवाई : नितिन अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग को 63 हजार करोड़ रुपये राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य मिला है। इस लक्ष्य को हर दशा में प्राप्त किया जाना है।

इसके लिए निर्धारित मासिक राजस्व लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जनपदों ने अक्टूबर माह में निर्धारित आबकारी राजस्व लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया है और लगातार उनकी परफारमेंस खराब चल रही है, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।आबकारी मंत्री ने बैठक में बताया कि माह अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 तक निर्धारित लक्ष्य 32,500 करोड़ के सापेक्ष प्राप्ति 30,657.54 करोड़ (94.33 प्रतिशत) रही। प्रदेश में गत वर्ष इसी अवधि में 26,330.87 करोड़ की आबकारी राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार वर्तमान वर्ष में गत वर्ष के सापेक्ष प्राप्त 4326.67 करोड़ (116.43 प्रतिशत) का अधिक राजस्व अर्जित किया गया है। आबकारी मंत्री द्वारा वर्ष 2025-26 में आबकारी विभाग ने लगभग 63,000 करोड़ के लक्ष्य की पूर्ति किये जाने के? लिए हर संभव प्रयास किये जाने के निर्देश दिये गये। प्रदेश के सीमावर्ती असेवित क्षेत्रों में मदिरा की सम्भावित नई दुकानों के लिए सर्वे कराकर 15 दिनों के अन्दर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।आबकारी मंत्री ने वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक प्रदेश में किसी भी जनहानि जैसी अप्रिय घटना के न होने पर संतोष व्यक्त किया। आगे और भी अधिक सजग रहकर प्रवर्तन कार्य को सम्पादित किये जाने के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए, जिससे किसी भी स्थिति में कोई अप्रिय घटना न हो। अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के सम्बन्ध में कड़ी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे कि अन्य प्रान्तों की मदिरा की बिक्री प्रदेश में न होने पाए। कच्ची शराब के निर्माण एवं बिक्री पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए सार्थक प्रयास किये जाने के निर्देश दिये गये।समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारी/निरीक्षकों/फील्ड स्टाफ का समय-समय पर कार्यशाला आयोजित करने, नवाचार व कानून-नियमों की जानकारी अद्यतन रखने के निर्देश दिये गये ताकि प्रवर्तन एवं निरीक्षण कार्य की गुणवत्ता में सुधार हो। शराब माफिया एवं अवैध गिराहों के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करते हुए प्रदेश में किसी भी माफिया या उनके समूहों को पनपने नहीं देने तथा ऐसे गिरोहों के समूल उन्मूलन के लिए विशेष कार्रवाई व समन्वित संचालन चलाने का निर्देश दिये गये।बैठक में अपर मुख्य सचिव वीना कुमारी, आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत ग्राम माधोपुर, फूलपुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत आज ग्राम माधोपुर, तहसील फूलपुर, प्रयागराज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा की गई। कार्यक्रम में तहसीलदार फूलपुर सुरेंद्र चंद्र, रौनक गुप्ता (सिविल डिफेंस, प्रयागराज), राधा रमन ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के निदेशक रविंद्र मिश्रा, स्वयं सर्वदा फाउंडेशन के सचिव मनीष शुक्ला, लीगल डिफेंस काउंसिल गौरव सिंह, तथा कामता प्रसाद लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राएं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।सचिव दिनेश कुमार गौतम ने उपस्थित महिलाओं को महिला अधिकारों, विधिक साक्षरता, मध्यस्थता की उपयोगिता तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधिक साक्षरता से ही महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर न्याय प्राप्त कर सकती हैं।डिप्टी लीगल डिफेंस काउंसिल श्री गौरव सिंह ने उपस्थित जनमानस को समान पारिश्रमिक भुगतान, महिला क्षतिपूर्ति योजना, एसिड अटैक, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, तथा पारिवारिक विवादों से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। रविंद्र मिश्रा ने ग्राम विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन, महाआरती के साथ हुआ भंडारा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। खदरा में श्रीमद्भागवत कथा समापन पर महाआरती के अवसर पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भंडारा का प्रसाद वितरित कर किया। कार्यालय मंत्री दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी 28 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित श्री श्रीमद्भागवत कथा वाचक श्री ओमप्रकाशा नंद स्वामी महाराज द्वारा रसपान कराया गया।

# रालोद 16 को मथुरा में करेगा राष्ट्रीय अधिवेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) का राष्ट्रीय अधिवेशन 16 नवंबर 2025 (रविवार) को भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में उत्तर प्रदेश के 2000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिवेशन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा होगी।

यह जानकारी रालोद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.रामाशीष राय ने गुरुवार को प्रदेश पार्टी मुख्यालय लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों को दी।रालोद के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि यह अधिवेशन संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक दिशा तय करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिवेशन में प्रदेश भर से आए पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ एवं किसान प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि भाग लेंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन में वर्ष 2027 के पंचायत चुनाव तथा 2027 के विधानसभा चुनावों की रूपरेखा एवं रणनीति पर व्यापक चर्चा की जाएगी। पार्टी नेतृत्व द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड जैसे सभी क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने की दिशा में ठोस निर्णय लिए जाएंगे। संगठन विस्तार, बूथ सुदृढ़ीकरण, स्थानीय नेतृत्व का सशक्तिकरण तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने जैसे विषयों पर भी अधिवेशन में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। यह अधिवेशन पार्टी के आगामी राजनीतिक अभियान की दिशा तय करेगा।राष्ट्रीय लोकदल ने वर्ष 2026 को ह्लचुनावी वर्षह्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस अवधि में पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए चरणबद्ध कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

इसमें मंडल, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर बैठकें, प्रशिक्षण शिविर और जनता के बीच संवाद कार्यक्रम शामिल होंगे।अधिवेशन में यह भी चर्चा होगी कि किस प्रकार राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाया जाए। राष्ट्रीय लोकदल का उद्देश्य है कि किसानों, नौजवानों, महिलाओं और मजदूरों की आवाज़ को और अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जाए। अधिवेशन में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की उपलब्धियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की जाएगी। यह बताया जाएगा कि किस प्रकार राष्ट्रीय लोकदल किसानों, युवाओं और रोजगार सृजन के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

साथ ही अधिवेशन में किसानों के कल्याण से संबंधित प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे। इसमें गन्ना किसानों के हित, फसल लागत का उचित मूल्य, सिंचाई एवं कृषि उपकरणों पर रियायत, और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने जैसे विषय

# खाली पड़ी दुकान के अंदर शव मिलने से मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। इलाके में बृहस्पतिवार सुबह 40 वर्षीय युवक का शव एक खाली पड़ी दुकान के अंदर पड़ा मिला। लोगों को जब जानकारी हुई इलाके में हड़कंप मच गया जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक सराय शहजादी जुनाबगंज निवासी आशीष गुप्ता ने बंथरा पुलिस को सूचना दी कि सड़क किनारे खाली पड़ी नन्हेके रावत की दुकान के अंदर एक युवक मृत अवस्था में पड़ा है। इस सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों से पूछा तो पता चला कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और आसपास ही घूमा करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | PYGS-SMU-25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at PYGS station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.10.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.11.2025 at 10:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 14.11.2025 at 10:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under: -

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date /Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-42-24-1 | PYGS/ PF-1/ 104/NEW | 14.11.2025 at 10: 30 hrs. | SMU | SC |

3444/25

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक उत्तर रेलवे, लखनऊ

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-PYGS-Mx-169-25-2 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.11.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-SKN-MX-147-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.11.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-BSB-TW-176-25-1 (Parking Two-wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.11.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: C/113-E-Auction Policy/2024/SKS Dt. .11.2025 3453/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया जाएगा उत्सव

**18 अलग-अलग स्थानों पर 150 कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक ''वंदे मातरम् गायन एवं सभा का आयोजन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । कैसरबाग स्थित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय पर प्रेसवार्ता में महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने बताया कि 01 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में उत्सव मनाने का निर्णय लिया। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा मनाये जाने वाले उत्सव और अभियानों में 07 नवम्बर 2025 को उत्तर प्रदेश के 18 अलग-अलग स्थानों पर 150 कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक ''वंदे मातरम् गायन एवं सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा सीतापुर रोड स्थित सेट जोसेफ स्कूल में सुबह 10 बजे सामूहिक वंदे मातरम् गायन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम 08 से 15 नवम्बर तक सभी मण्डल स्तर पर सामूहिक गायन एवं सभा के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विधानसभा स्तर पर सांसदों, विधायकों के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मण्डल स्तर पर आमजनमानस की सहभागिता के साथ वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। अभियान के तहत तिरंगा यात्राएँ, प्रभात फ़ेरियाँ, बाइक रैलियाँ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जनभागीदारी के साथ निकाली जायेंगी। प्रदर्शनी लगाकर साहित्यिक गतिविधियों भी आयोजित की जायेंगी। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में राष्ट्रगीत ''वंदे मातरम्'' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर निबंध, कविता व चित्रकला की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी।

# लखनऊ विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों को क्यू.एस. एशिया व दक्षिण एशिया रैंकिंग में स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से बढ़ी उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों की पहचानः मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय**

लखनऊ । प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्रतिष्ठित क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग प्रणाली में एशिया एवं दक्षिण एशिया श्रेणी में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त करना सम्पूर्ण प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सतत सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार आधारित अनुसंधान और शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में चलाए जा रहे ठोस प्रयासों का परिणाम है।मंत्री उपाध्याय ने बताया कि क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में लखनऊ विश्वविद्यालय को 781-790 तथा दक्षिण एशिया रैंकिंग में 244वां स्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ एवं बाबा भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ को 801-850 तथा दक्षिण एशिया में 254वां स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झाँसी, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को 901-950 एशिया रैंकिंग एवं 297वाँ दक्षिण एशिया स्थान मिला है।दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को एशिया में 1001-1100 तथा दक्षिण एशिया में 330वां, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर को 1201-1300 एशिया तथा 397वां दक्षिण एशिया रैंक प्राप्त हुआ है।मंत्री उपाध्याय ने कहा कि इस क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में प्रदर्शन यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी पहचान बना रहे हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पिछले कुछ वर्षों में लागू की गई नई शिक्षा नीति 2020, डिजिटल लर्निंग सिस्टम, शोध प्रोत्साहन योजनाएं एवं इंडस्ट्री-एकेडमिक लिंक के प्रयासों ने इस दिशा में निर्णायक भूमिका निभाई है।उच्च शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, शोधकर्ताओं, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सामूहिक परिश्रम, शोधनिष्ठा और नवाचारोन्मुख दृष्टिकोण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय और भी ऊंचाइयां प्राप्त करेंगे तथा शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक विकास के क्षेत्र में पूरे देश का गौरव बढ़ाएंगे।

## बांग्लादेशी कर्मी मिले तो कंपनी होगी ब्लैकलिस्ट

**लखनऊ ।** लखनऊ राजधानी लखनऊ से बड़ी खबर सामने आई है। नगर निगम में कार्यरत करीब 12 हजार सफाई कर्मियों की पहचान की जांच अब पुलिस करेगी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि सभी कर्मियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में बाहरी राज्यों और संदिग्ध विदेशी नागरिकों के सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत होने की जानकारी सामने आई है। इसको लेकर लखनऊ पुलिस ने ऑपरेशन पहचान के तहत जांच अभियान शुरू किया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने साफ निर्देश दिए हैं कि यदि किसी सफाई कंपनी के अधीन कार्यरत कर्मियों में बांग्लादेशी या किसी अन्य विदेशी नागरिक के शामिल होने की पुष्टि होती है, तो संबंधित कंपनी को तुरंत ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यरत कर्मियों का ब्योरा जल्द से जल्द तैयार कर पुलिस को उपलब्ध कराएँ ताकि सत्यापन प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जा सके।इस कदम से लखनऊ नगर निगम की सफाई व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी और संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा

## महिला कल्याण निगम की अध्यक्षा ने आज लोकबंधु चिकित्सालय में आयोजित कन्या जन्मोत्सव लिया हिस्सा

**लखनऊ।** इसी बीच, बीती मध्यरात्रि लगभग 3 बजे आगरा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क दुर्घटना घटित हुई। बस पलटने से लगभग 47 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एम्बुलेंस सेवा ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को लोकबंधु चिकित्सालय पहुँचाया।चिकित्सालय के ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों और कर्मचारियों ने तुरंत एकजुट होकर सभी मरीजों का इलाज शुरू किया। विभिन्न विभागों के स्टाफ ने रातभर मेहनत कर घायलों का समुचित उपचार किया, जिससे स्थिति अब सामान्य है।ड्यूटी पर मौजूद कर्मियों के साथ ही अस्पताल के वैभव एवं रोहित सिंह जैसे कर्मी, जो ड्यूटी पर नहीं थे, सूचना मिलते ही मदद के लिए पहुँच गए। लोकबंधु अस्पताल प्रशासन ने सभी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को उनके साहस, सेवा भावना और तत्परता के लिए बधाई दी है।

## ट्रक का टायर फटने से डरकर गिरा बाईक सवार दंपति,महिला की मौत

**बीकेटी,लखनऊ।** महिंगवा थाना अंतर्गत बीकेटी कुम्हरावा मार्ग पर ट्रक का टायर फटने से पास से गुजर रहे बाईक सवार दंपति लड़खड़ाकर नीचे गिर गए,जिससे महिला बुरी तरह चोटिल हो गई और उसका पति ईलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से अपनी पत्नी को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।वही सूचना पाकर मौक़े पर पहुंची पुलिस शव के पंचनामा की कार्यवाही करने जा रही थी लेकिन मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया,जिसके बाद पुलिस ने अपनी संबंधित कार्यवाही कर शव को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्लू नगर डिगुरिया थाना मडियावं निवासी राम प्रवेश गुरुवार सुबह अपनी पत्नी के साथ अपने घर बाईक से वापस जा रहे थे तभी बीकेटी कुम्हरावां मार्ग पहाड़पुर सरैया के पास ओवर लोडेड ट्रक का टायर फट गया और तेज़ आवाज़ से डरकर पास से गुजर रहे राम प्रवेश अपनी पत्नी सहित बाईक से गिर गए,जिससे उनकी पत्नी बुरी तरह चोटिल हो गई एम्बुलेंस की मदद से उन्हें ईलाज के लिए बीकेटी राम सागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।वही शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए मृतक महिला के परिजनों ने मना कर दिया जिसके बाद पुलिस ने अन्य संबंधित कार्यवाही किया।

## संदिग्ध अवस्था में सड़क के किनारे घायल पड़े मिले युवक की मौत

**बंथरा।** थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक युवक संदिग्ध अवस्था में सड़क के किनारे घायल अवस्था में पड़ा मिला। मेला देखने जा रहे गांव के कुछ लड़कों ने उसे देखा तो उठाकर उसके घर छोड़ आए । सुबह करीब पांच बजे उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक मृतक को कोई जाहिरा निशान नहीं था और शराब के नशे में था शायद इसीलिए उसे अस्पताल नहीं ले जाया गया । हालांकि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया । थाना इंचार्ज का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला मार्ग दुर्घटना का लग रहा है। मवई पंडियाना निवासी विमलेश उर्फ बबलू उम्र 26 वर्ष मजदूरी करके अपने परिवार का जीवन यापन करते थे। बुधवार को अमावा का मेला था और वह अपने दो साथियों के साथ बाइक पर बैठकर उसे देखने निकला था। बताया गया कि उसके दोस्त मेला देखकर वापस आ गए। लेकिन बबलू अकेले वहीं पर रुक गया था । बुधवार रात करीब 8:00 बजे नारायणपुर फतेहगंज मार्ग स्थित अमावा जंगल के पास सड़क किनारे विमलेश घायल अवस्था में पड़े हुए थे । मेला देखने जा रहे उसके गांव के दो और लड़के जब उधर से निकले तो विमलेश को देखकर उसे अपनी बाइक से उसके घर छोड़ आए।

# बिटिया फाउंडेशन ने 21 बेटियों का कन्यादान कर मनाया विवाह उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । डालीगंज स्थित रामाधीन सिंह लॉन में बिटिया फाउंडेशन की ओर से 21 गरीब बेटियों का दसवां सामूहिक विवाह एवं कन्यादान समारोह गुरुवार को धूमधाम से संपन्न हुआ।मुख्य संयोजक व बिटिया फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि विवाह उत्सव की शुरुआत दोपहर 12 बजे तिलकोत्सव के साथ हुई।भव्य बारात और सांस्कृतिक कार्यक्रम विवाह स्थल पर दोपहर में डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग से शुरू हुई बारात रामाधीन सिंह लॉन पहुँची। रास्ते में लोगों ने बारात का भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया। शाम 6 बजे से विवाह की मांगलिक रस्मों के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति दी गई जिसमें गणेश वंदना, लोक नृत्य, पंजाबी, राजस्थानी, अवधी गीतों की प्रस्तुतियों के साथ राधाकृष्ण फूलों की होली ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।संयोजक मनीष गुप्ता ने बताया कि फाउंडेशन ने 21 बेटियों को विवाह के खर्च से लेकर गृहस्थी के सामान तक सब कुछ सहयोगियों के समर्थन से दिया। हर बेटी को करीब 80 वस्तुओं से भरा दहेज/उपहार दिया गया।बिटिया फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि उनका उद्देश्य गरीब कन्याओं को एक सुखी और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। यह प्रयास सहयोगी व्यापारियों के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता नीरज सिंह, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, निवर्तमान उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लखनऊ व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल, धनश्याम अग्रवाल, सह संयोजक जय सिंह सहित समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोग और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।समारोह में शामिल सभी अतिथियों ने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

# मामूली कहासुनी पर पेट्रोल पंप कर्मी की पिटाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पुलिस ने पीड़ित पंप कर्मी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर अपनी जांच शुरू कर दी है**

बंथरा, लखनऊ । इलाके में बुधवार की रात नशे में धुत थार सवार युवकों ने मामूली बात पर पेट्रोल पंप कर्मी की पिटाई कर दी। मारपीट में पंप कर्मी की आंख के ऊपर चोट लगने से वह बुरी तरीके से घायल हो गया। अंदर सो रहे पंप कर्मी के साथी शोर शराबा सुनकर जब उठे और बीच बचाव के लिए आगे बढ़े तो उनको आता देखकर दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

पुलिस ने पीड़ित पंप कर्मी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर अपनी जांच शुरू कर दी है। मारपीट करने वाले कौन थे पुलिस पंप में लगे सीसीटीवी की मदद से इसका पता लगा रही है । हरदोई के उम्र सेणडा फतेहपुर हरिगंवा निवासी अनूप कुमार बंथरा में कानपुर रोड स्थित एस एस पेट्रोल पंप पर काम करता है। अनूप के मुताबिक बुधवार की रात करीब 3:30 बजे काले रंग की बिना नंबर की थार फ्यूल भरवाने पंप पर आई। चालक ने थार जहां लगाई थी फ्यूल भरने में दिक्कत होती इसलिए उससे गाड़ी मशीन के और नजदीक लाने को कहा गया। इस पर थार सवार लोगों ने बहस शुरू कर दी। इसी बीच पीछे बैठा एक युवक नीचे उतरा और उसे पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद गाड़ी में मौजूद उसके अन्य साथी भी नीचे उतरे और उन्होंने भी पंप कर्मी की लात-घूंसों से पिटाई शुरू कर दी। इसी बीच एक युवक ने अनूप के आंख के ऊपर हाथ में पहने भारी-भरकम लोहे के कड़े से प्रहार कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया। शोर शराबा सुनकर अंदर सो रहे अनूप के अन्य साथी उसे बचाने के लिए दौड़े तो आरोपित मौके से भाग गए। अनूप का कहना है कि थार सवार के साथ एक और कार थी दोनों कारों में करीब दर्जन भर लोग सवार थे। मारपीट में उस कार के लोग भी शामिल थे।

# लखनऊ पुलिस ने शुरू किया ऑपरेशन पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में बढ़ती आबादी और बाहरी जनपदों से आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए लखनऊ पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनज़र ऋऑपरेशन पहचानङ्क अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य शहर में रह रहे किरायेदारों की सही पहचान सुनिश्चित करना और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना है।

लखनऊ पुलिस के अनुसार, कई बार अपराधी और संदिग्ध व्यक्ति किराए पर कमरा लेकर अपराध की घटनाओं को अंजाम देते हैं, इसलिए मकान मालिकों के लिए किरायेदारों का पुलिस सत्यापन अब अनिवार्य कर दिया गया है।अभियान के तहत पुलिस ने किरायेदार पंजीकरण की प्रक्रिया को पूरी तरह आसान और ऑनलाइन बना दिया है। मकान मालिक ह्वद्गह्य://द्यह्वष्द्म-ह्मद्बधबध्धद्यद्बदद्द.फ्द्र.द्दधफ.द्बद्ध वेबसाइट या ठ्यद्द्घ मोबाइल ऐप के माध्यम से किरायेदार का विवरण दर्ज कर सकते हैं।अभियान के प्रमुख बिंदु:किरायेदार की जानकारी पुलिस वेबसाइट या ठ्यद्द्घ ऐप पर ऑनलाइन दर्ज करनी होगी।किराया देने से पहले या अधिकतम एक माह के भीतर सत्यापन अनिवार्य।यदि एक से अधिक किरायेदार हों तो सभी का अलग-अलग सत्यापन जरूरी। पुलिस टीम द्वारा भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा।किरायेदार का फोटो, पहचान पत्र, मोबाइल नंबर आदि दस्तावेज आवश्यक होंगे। आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त किरायेदार पाए जाने पर मकान मालिक पर भी कार्रवाई की जाएगी।किसी विदेशी नागरिक को किराए पर देने की स्थिति में क्चटख्र-ए भरना अनिवार्य।पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और संबंधित क्षेत्राधिकारी सक्रिय रूप से निगरानी रखेंगे, साथ ही लोगों को जागरूक भी करेंगे ताकि शहर में कोई व्यक्ति बिना सत्यापन के न रह सके।लखनऊ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपराध रोकथाम और सुरक्षित शहर की दिशा में सहयोग करते हुए अपने किरायेदारों का समय से सत्यापन अवश्य कराएं।

# बीकेटी में सड़क हादसा, मासूम की गई जान, पुलिस कर्मियों ने पेश की मानवता की मिशाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी , लखनऊ । बुधवार शाम को बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत फ़ौजी ढाबा के पास अज्ञात तेज़ रफ़्तार वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे मासूम बुरी तरह घायल हो गया और वाहन चालक मौक़े से फरार हो गया,वही घायल मासूम को ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां ईलाज के दौरान मासूम बालक की मौत हो गई। वही पुलिस ने मृतक बालक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

जानकारी के अनुसार सीतापुर जनपद के खैराबाद निवासी मूलचंद्र अपनी पत्नी रिंकी व बेटी मोनी,सोनी,राधा तथा अपने आठ वर्षीय बेटे कृष्णा के साथ बीकेटी थाना अंतर्गत फ़ौजी ढाबा के पास ही रहकर मेहनत मज़दूरी कर अपने परिवार का खर्चा उठाते थे,वही बुधवार शाम लगभग पांच बजे उनका बेटा कृष्णा सड़क के पास खेल रहा था तभी तेज़ रफ़्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया,ईलाज के लिए उसे तत्काल बीकेटी साढ़ामऊ स्थित राम सागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया जहां ईलाज के दौरान बालक की मौत हो गई।वही बेटे की मौत से उसके पिता मूलचंद्र,मां रिंकी तथा तीनों बहनों का रो-रोकर बुरा था और आसपास के लोगों की भी आँखें घटना को लेकर नम थी।वही मिली जानकारी के अनुसार मृतक बालक के परिजन अत्यंत गरीब थे और उनके पास मौक़े पर भोजन करने तथा बच्चें के अंतिम संस्कार करने तक के रुपए नहीं थे,वही जब इसकी जानकारी मौक़े पर मौजूद पुलिस कर्मियों को हुई तो वह मददगार बने और तत्काल मृतक के परिजनों के भोजन का प्रबंध किया तथा अंतिम संस्कार के लिए भी अपने पास से रुपए देकर मदद कर मानवता की मिशाल क़ायम किया।

## मासूम के पिता के पास नहीं थे अंतिम संस्कार के लिए पैसे पुलिस ने दिखाई मानवता

बीकेटी थाना अंतर्गत सड़क हादसे में घायल मासूम की रामसागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई थी,गुरुवार सुबह पुलिस शव के पंचनामा की कार्यवाही कर रही थी,तभी मौक़े पर मौजूद बीकेटी थाना पर तैनात हेड कांस्टेबल आशीष सिंह,महिला कांस्टेबल रचना शर्मा,हेड कांस्टेबल अमरीश यादव को जानकारी हुई कि मृतक के परिजन के पास बेटे के अंतिम संस्कार के लिए रुपए नहीं है तो इन सभी पुलिस कर्मियों ने मानवता की मिशाल क़ायम करते हुए तत्काल अपने पास से अंतिम संस्कार के लिए रुपए दिए।वही मृतक मासूम के पिता ने भी पुलिस की इस मदद का आभार जताया।

# सरदार पटेल जयंती के अवसर पर 8 किमी पदयात्रा को लेकर बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री राजकुमार ने किया**



लखनऊ । गोसाईगंज ब्लॉक परिसर में आगामी 10 नवम्बर को आयोजित होने वाली 8 किलोमीटर पदयात्रा की तैयारी को लेकर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री राजकुमार ने किया जिसमें मुख्य रूप से सहकारी बैंक को-ऑपरेटिव के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं जिलाध्यक्ष विजय मौर्य साथ में पूर्व जिलाध्यक्ष गोकरन नाथ वर्मा उपस्थित रहे। बैठक में देश के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में होने वाली पदयात्रा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मोहनलालगंज विधानसभा प्रभारी हंसराज रावत, शंभू नाथ पांडेय, ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला , भाजयुमो के धीरू पांडेय सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मंडल अध्यक्ष बलराम कश्यप, पंकज नयन समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। मोहनलालगंज विधान सभा प्रभारी हंसराज रावत ने बताया कि लगभग 8 किमी की यह पदयात्रा गंगा से गोसाईगंज स्थित पटेल पार्क तक होगी।कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार पटेल के आदर्शों और उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। उपस्थित नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से इस पदयात्रा को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपती को मारी जोरदार टक्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**हादसे के शिकार दंपती मोहनलालगंज से सामान खरीद कर घर की ओर जा रहे थे**

मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के नगर पुरसेनी गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी दोनों घायल हो गए जबकि पत्नी की टांग की हड्डी टूट गई। घायल दंपती को उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज लाया गया, जहां से गंभीर हालत में आगे रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पुरसेनी निवासी रमेश चंद्र पुत्र कन्हैया लाल अपनी पत्नी के साथ बीते 18 अक्टूबर की शाम करीब 8 बजे मोहनलालगंज कस्बे से सामान लेकर अपनी बाइक संख्या ठ्य32 एट 4637 से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा, मोहनलालगंज के पास पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही कार संख्या ठ्य32 ड्डग 04504 ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से पुलिस को 112 पर सूचना दी गई, जिसके बाद दोनों को इलाज के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक्स-रे कराने की सलाह दी। अगले दिन जब पत्नी का एक्स-रे कराया गया, तो पता चला कि उसकी टांग की हड्डी टूट गई है।घटना के बाद से पीड़ित परिवार इलाज में व्यस्त था, जिसके कारण अब जाकर उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने अपनी बाइक की क्षति का भी उल्लेख करते हुए कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।पीड़ित रमेश चंद्र ने बताया कि कार चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई। उन्होंने कोतवाली प्रभारी। डी के सिंह से वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।

## सत्ताधारियों ने अब पीडीए की जान भी लेनी शुरू कर दी : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने देशवासियों के नाम पर गुरुवार को पाती लिखते हुए कहा है कि सत्ताधारियों ने तो अब पीडीए की जान भी लेनी शुरू कर दी है। पीडीए की मौत होना जिनके लिए 'छुटपुट घटना' हो उनके राज में शासन-प्रशासन से कोई उम्मीद करना बेकार है। उत्पीड़न और अत्याचार से बचने के लिए अपनी सरकार बनाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। हमें अपना वोट बचाना है और इकट्ठे होकर डालना है, क्योंकि एकजुटता ही हमारी ढाल है। उन्होंने शाहजहांपुर में दबिश के दौरान छत से गिरकर दलित की मौत पर कहा है कि हमें पीडीए के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करना है।

पीडीए पंचायत से सबको जोड़ना है। हर गांव, पुरवा, मजरा, टोला, हर गली, नुक्कड़, बस्ती और घर-द्वार-दरवाजे और दिल तक पीडीए की एकता का ये संदेश पहुंचाना है। इसमें बताया जाए कि पीडीए की सरकार बनेगी तभी हमारा मान, सम्मान, संविधान और वोट का अधिकार बचेगा। राशन, पेंशन और खेत-जमीन के कागज से नाम नहीं कटेगा, तभी आरक्षण बचेगा और नौकरी मिलेगी। उन्होंने पाती में कहा है कि काम-कारोबार और रोजगार के लिए बराबर मौका मिलेगा, हमारा और बच्चों का भविष्य सुधरेगा। खाद-पानी, बीज की किल्लत खत्म होगी। पुलिस का अत्याचार और भ्रष्टाचार नहीं होगा। तहसीलदार से लेकर डीएम तक हर अधिकारी बात सुनेगा। बीमारी या दुर्घटना पर घर तक एंबुलेंस पहुंचेगी। महिलाओं की सुरक्षा होगी। उनके हाथों में समाजवादी पेंशन की तरह हम हर महीने उनके खातों में सीधे पैसे पहुंचाने के लिए 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना चलाएंगे। पीडीए का मतलब घर-घर जाकर समझाएंगे और अपनी सरकार बनाएंगे, तब जाकर अत्याचार, उत्पीड़न, शोषण से मुक्ति पाएंगे और सिर उठाकर अपनी रोजी-रोटी कमाएंगे और अपना जीवन बचाएंगे।

# इंडियन बैंक सीतापुर में वृहद ग्राहक संवर्द्धन अभियान आयोजित

**5.10 करोड़ के ऋण व 12 लाख के बीमा क्लेम चेक वितरित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । इंडियन बैंक अंचल कार्यालय सीतापुर प्रांगण में आज एक वृहद ग्राहक संवर्द्धन अभियान का आयोजन हुआ, जिसके अंतर्गत वित्तीय समावेशन, री-के0वाई0सी0, आपकी पूंजी आपका अधिकार एवं बैंक के डिजिटल अभियान की जानकारी दी गयी।

इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के पाँच सौ से अधिक लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री ब्रिजेश कुमार सिंह रहे। उन्होंने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओ एवं बैंकिंग सेवाओं जैसे एस0एच0जी0 का क्रेडिट लिंकेज, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी, पी0एम0 स्वनिधि मुद्रा एवं पी0एम0एफ0एम0ई0 का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया और प्रतिभागिओं को इंडियन बैंक द्वारा चलाई जा रही आरसेटी संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक श्री सुधीर कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को समय-समय पर अपनी के0वाई0सी0 जानकारी अद्यतन रखने, आपकी पूंजी आपका अधिकार तथा सरकारी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी एवं डिजिटल जुड़ाव के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर उपस्थित सभी लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत कुल रु 5.10 करोड़ के स्वीकृत ऋण चेक वितरित किए गए एवं प्रधानमंत्री जनसुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थिओं को रु0 12 लाख के बीमा क्लेम के चेक दिए गये। कार्यक्रम में अंचल प्रमुख श्री आर0पी0 दुबे जी, उप अंचल प्रमुख श्री अश्वनी कुमार सिंह एवं अग्रणी जिला प्रबंधक श्री मनोज कुमार एवं बैंक के समस्त अधिकारीगण, स्थानीय प्रतिनिधि, लाभार्थिओं और आमजन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अंचल प्रबंधक द्वारा किया गया और अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

रायबरेली। बीते दिनों लंबे समय से बड़ोखर थाना क्षेत्र में बड़ी से बड़ी चोरियां हो रही थी जिनके विरुद्ध अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत थाना भदोखर पुलिस टीम द्वारा संदीप व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 478/2025 धारा 303(2)317(2) बीएस के वांछित अभियुक्त गढ़ नाजिम पुत्र बब्बन हाल पता निवासी इंदिरा नगर जेल रोड थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली हनी जोशी पुत्र स्वर्गीय बाराती निवासी महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के पास मोहल्ला अहमदनगर थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ थाना क्षेत्र से नियम अनुसार गिरफ्तार किया गया है जिनके विरुद्ध भदोखर पुलिस विधि कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है बाराबंकी एक आदर्श सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 33इठ 6495 गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक अनुज कुमार आरक्षित बृजेश कुमार आरक्षित गौरव सिंह आरक्षी नरेश पाल सहित पुलिस बल मौजूद रहे।

# डीएम ने की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डीएम ने बूथ चयन व शिकायत निस्तारण के दिये निर्देश**

**जिलाधिकारी ने बताया कि जहां पर 1200 से अधिक वोटर है, उन क्षेत्रों में नए बूथों का चयन किया जाना है**

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जहां पर 1200 से अधिक वोटर है, उन क्षेत्रों में नए बूथों का चयन किया जाना है।

साथ ही नए बूथों के चयन तथा क्षेत्रों में बूथों का परिवर्तन हुआ है, उसकी भी सूचना कारण सहित समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत करायें। उन्होंने सभी से अपील की है कि यदि कोई बूथ संबंधी कोई भी समस्या एवं शिकायत हो तो निर्धारित तक अवगत करा दें।इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसीलों पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण तहसील स्तर पर गुणवत्तापरक ढंग से किया जाये। लेखपाल एवं कानूनगो की कार्यप्रणाली पर विशेष ध्यान रखते हुये स्वयं भी निगरानी करते रहें।

उन्होंने कहा कि जो भी कार्य हों, वह मैरिट के अनुसार ही किया जाये। सभी उपजिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमण करते रहें तथा आमजन मानस से वार्ता मधुरता के साथ करें।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, सभी उपजिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने मिश्रिख तहसील का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि तहसीलदार के न्यायालय में जो भी कब्जा संबंधी लम्बित वाद है उनका शीघ्र निस्तारण किया जाये**

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने तहसील मिश्रिख के फौजदारी कक्ष, अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग आदि पटलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण करते हुये सभी पुराने आवश्यक दस्तावेजों को गहनतापूर्वक अवलोकन किया।

उन्होंने निर्देशित किया कि तहसीलदार के न्यायालय में जो भी कब्जा संबंधी लम्बित वाद चल रहे हैं, उनका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाये, कोई भी कब्जा संबंधी वाद अधिक समय लम्बित न रखा जाये, इसका मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि निरन्तर न्यायालय में बैठें, जिससे कोई भी वाद लम्बित न रहे। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि निरन्तर जनसुनवाई करते रहें। साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कड़े निर्देश दिये कि साफ-सफाई निरन्तर कराते रहें। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाली के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष 13 लोग गंभीर रूप से घायल

रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के जिहवा गांव में नाली को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों और कुल्हाड़ियों से हमला हो गया घटना में एक पक्ष के आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जबकि दूसरे पक्ष के पाँच लोग भी चोटिल हुए हैं जिसमें मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी तेरह घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर डॉक्टरी परीक्षण कराया। जिसमें दो लोगों को हालत नाजुक देख सकते चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते चले कि? कोतवाली क्षेत्र के जिहवा गाँव में नाली को लेकर पूर्व में भी कई बार विवाद हो चुका है लेकिन प्रशासन द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कदम न उठाए जाने के कारण आज एक बार फिर सुबह पानी निकलने को लेकर दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ जिसमें लाठी डंडे और कुल्हाड़ियां जमकर चली तो वही एक पक्ष से राम सजीवन पुत्र राम मनोहर, संत सेवक पुत्र राम मनोहर ,संतलाल पुत्र रतिपाल, सुनीता पत्नी राम सजीवन शांति देवी अन्य घायल हुए है।

## महिला की हत्या करने वाले प्रेमी को 24 घंटे के अंदर भेजा जेल

रायबरेली। बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामपुर समोद के पास धन के खेत में अज्ञात महिला का शो मिलने से की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बछरावां द्वारा फॉरेंसिक टीम घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा महिला की साईनाथ सोनी पत्नी गुरु प्रसाद निवासी ग्राम इचौली थाना बछरावां जनपद रायबरेली के रूप में हुई मृत्यु का सही कारण ज्ञात करने हेतु शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट हुआ मृत्यु का की माता द्वारा अमृत का के पति पर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए दिए गए तहरीर के आधार पर थाना बछरावां मुकदमा अपराध संख्या 583/2025 धारा 103(1)/238(इ) बीएनएस बनाम गुरु प्रसाद पति अभियोग पंजीकृत किया गया था विवेचना के क्रम में अमृत का वह राजू पासी पुत्र कल निवासी सिक्का खेड़ा थाना बछरावां जनपद रायबरेली के मध्य प्रेम प्रसंग होने के तहत प्रकाश में आए थे साक्ष्य संकलन बयानों के आधार पर आज थाना बछरायूं पुलिस टीम द्वारा मृत्यु का की हत्या करने वाले मुख्य अभियुक्त राजू पासी पुत्र कर लो निवासी सिक्का खेड़ा थाना बछरावां जनपद रायबरेली को आल्हा कत्ल एक आदत बांका के साथ थाना क्षेत्र के झारखंडेश्वर मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# सभी दल बूथ लेवल एजेंटों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं: जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण तथा मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के पश्चात गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई।जिलाधिकारी ने बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के जारी दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर का प्रमुख उद्देश्य निर्वाचन नामावलियों को पूर्णतः शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाना है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है, वहीं मृतकों अथवा अपात्र व्यक्तियों के नामों को सूची से हटाया जाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने इस प्रक्रिया में राजनैतिक दलों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बूथ लेवल एजेंट्री प्रणाली लागू की है। इसके अंतर्गत प्रत्येक राजनैतिक दल अपने बूथ स्तर के एजेंटों की नियुक्ति कर सकेगा, जो मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने एजेंटों को प्रशिक्षित कर मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन कार्य में सहयोग प्रदान करें, ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूट न जाए। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे आम जनमानस को भी इस प्रक्रिया से जोड़ें और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित करें। साथ ही मतदाता सूची में त्रुटियों अथवा पुनरीक्षण संबंधी सुझाव समय पर प्रस्तुत करें, जिससे आयोग द्बारा निर्धारित समयावधि में संशोधन कार्य पूर्ण कराया जा सके।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में बताया कि अपने पार्टी से बूथ लेवल एजेन्ट की नियुक्ति करके तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दें। बूथ लेवल अधिकारी द्बारा गणना प्रपत्र का वितरण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा की बूथ लेवल अधिकारी द्बारा गणना प्रपत्र फार्म को पुनः निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने के पश्चात उसके जॉच के लिए समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को बूथ आवंटित करके जाँच करा ली जाय। मतदाताओं के नाम इत्यादि विवरण पर बूथ लेवल एजेन्ट द्बारा आपत्ति दिया जा सकता है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली टिनशेड में घुसी हादसे में दंपति की मौत, पोता-पोती घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। बुधवार रात थाना पुवायां क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली हाईवे किनारे टिनशेड में घुस गई। जिससे उसमें सो रहे दंपती की मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। सीओ के समझाने पर परिजन माने। तब जाकर नौ घंटे बाद जाम खुल सका।

बुधवार रात थाना पुवायां क्षेत्र के गांव सुनारा बुजुर्ग निवासी 50 वर्षीय रामशंकर और उनकी पत्नी 46 वर्षीय तारा देवी घर के बाहर टीनशैड में सो रहे थे। रामशंकर के पास उनका पोता अरूण (6) और तारा देवी के पास पोती वंदना (13) सो रही थी। रात करीब 11 बजे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली टिनशेड में घुस गई। जिससे उसमें सो रहे रामशंकर और उनकी पत्नी तारा देवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पोता अरूण और पोती वंदना गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चीख- पुकार मच गई। चालक मौके पर ट्रैक्टर- ट्राली छोड़कर फरार हो गया। गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से पुवायां- निगोही रोड पर जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ पुवायां सीओ प्रवीण मलिक मौके पर पहुंचे, उन्होंने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, किसी तरह समझा बुझाकर पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को शांत कराया। पूरी रात रोड पर जाम लगा रहा। गुरूवार सुबह जाम खोला गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पोस्टमॉर्टम के बाद शव घर पहुंचे तो परिजनों ने शव को दरवाजे पर रख दिया और अंतिम संस्कार से इन्कार करते हुए चालक को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर परिजनों को शांत किया। इसके बाद दोनों शवों का अंतिम संस्कार किया गया। फिलहाल, पुवायां पुलिस ने मृतक के पुत्र बृजेश की तहरीर पर क्षेत्र के ओम ब्रिक फील्ड/ ईट भट्ठा मालिक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# यातायात माह के तहत छात्र-छात्राओं ने किया जागरूक, वाहनों पर लगाए स्टीकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । यातायात माह नवंबर के तहत एसपी और एसपी सिटी के निर्देशन में ट्रैफिक सीओ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडेय ने एनटीआई और डायट ददरौल के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान विनय कुमार पांडे ने लोगों से अपील की है कि दो पहिया वाहन पर हेलमेट और चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें। ओवर स्पीडिंग, ट्रिपल राइडिंग, स्टंट्स करके अपने जीवन को खतरे में ना डालें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं, दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं और राहगीर योजना के तहत 25 हजार रुपए का नगद इनाम और प्रशस्ति पत्र प्राप्त करें। सीओ ट्रैफिक संजय कुमार ने कहा कि आप सभी इस समाज के भावी निर्माता हैं और आपकी नैतिक जिम्मेदारी है कि आप स्वयं जागरूक हों और समाज को भी जागरूक करें। एआरटीओ सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी इस समाज के मुख्य स्तंभ है और हमें विश्वास है कि आप इस मुहिम को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। इस दौरान यातायात पुलिस टीम के साथ छात्र-छात्राओं ने भी वाहनों पर स्टीकर लगाकर लोगों को जागरूक किया। यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडे ने बताया कि अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब 300 वाहनों के चालान किए गए।

## प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस आयुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा




वाराणसी। प्रधानमंत्री, भारत सरकार के आगमन, भ्रमण एवं अवस्थान कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल की ब्रीफिंग की गई तथा तत्पश्चात ग्रैंड रिहर्सल आयोजित हुआ। पुलिस आयुक्त महोदय ने वीवीआईपी सुरक्षा प्रोटोकॉल के शत-प्रतिशत अनुपालन, सतर्कता एवं समन्वय के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था को त्रिस्तरीय स्वरूप में लागू किया गया है, जिसमें आंतरिक, मध्य एवं बाह्य सुरक्षा घेरा सम्मिलित है। यातायात की सुगमता हेतु रूट डायवर्जन एवं अतिथियों के लिए अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था की गई है । वीवीआईपी मार्ग पर कोई भी वाहन खड़ा न होने दिया जाये । सम्पूर्ण क्षेत्र ङ्क्षनो फ्लाई जोनङ्क घोषित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर चेकिंग-फ्रिस्किंग, भीड़ नियंत्रण, रूफ टॉप ड्यूटी एवं सीसीटीवी/ड्रोन निगरानी की व्यवस्था की गई। सभी कर्मियों को उचित टर्न-आउट, पहचान पत्र, समय पालन एवं मोबाइल फोन से परहेज करने के निर्देश दिए गए । महिलाओं की चेकिंग महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जाएगी। रिहर्सल के दौरान सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने अपने ड्यूटी प्वाइंट्स पर पहुंचकर अभ्यास किया तथा ड्यूटी के दौरान क्या करना है और क्या नहीं, इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त की । इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक, सुरक्षा श्री तरूण गाबा, अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय श्री शिवहरी मीणा, अपर पुलिस आयुक्त अपराध श्री राजेश सिंह सहित कमिश्नरेट वाराणसी, वाह्य जनपदों, पीएसी व अर्धसैनिक बलों से आये हुए समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा तय भ्रमण कार्यक्रम के तहत पहुंचे अयोध्या



अयोध्या। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के शर्मा तय भ्रमण कार्यक्रम के तहत पहुंचे अयोध्या अनुसार अयोध्या भ्रमण पर रहे।अयोध्या पहुंचकर सर्किट हाउस सभागार में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान मंत्री श्री शर्मा ने शहरी क्षेत्रों में आन्तरिक मार्ग/गलियों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए नगर विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया तथा इसके सम्बंध में बजट के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त द्वारा गलियों के निर्माण के सम्बंध में किए जा रहे कार्यो से अवगत कराया गया। मंत्री श्री शर्मा ने ऊर्जा विभाग की बैठक में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, स्ट्रीट लाइटों के रख रखाव, नई विद्युत परियोजनाओं की प्रगति तथा ऊर्जा संरक्षण से जुड़ी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा जिन क्षेत्रों में बार-बार बिजली बाधित होती है, वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के चौड़ीकरण से जिन स्थलों पर विद्युत पोल सड़क के बीच में आ गए है उन्हें तत्काल स्थानान्तरित किया जाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खुले तारों के स्थान पर केबिल लगाने के कार्य में तेजी लाई जाय। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि तेज हवा एवं बारिश में गिरे हुए पोलों को तथा ट्रांसफार्मर जलने के उपरांत उसे समय सीमा के अन्दर सुधार सुनिश्चित करें।मंत्री श्री शर्मा ने नगर विकास विभाग की समीक्षा करते हुए विभाग की चल रही विकास योजनाओं, शहरी निकायों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता अभियान, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं तथा अवसंरचना विकास से संबंधित प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास परियोजनाएँ समयबद्ध ढंग से और गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरी की जाएँ। उन्होंने कहा कि नगर निकायों की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाए ताकि जनता को सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि शहरी क्षेत्रो में पानी के निकासी की समुचित व्यवस्था की जाय।

# पॉक्सो एक्ट का वांछित 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बीती 04 नवंबर को थाना कलान क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर श्यामबाबू के खिलाफ दी थी**

शाहजहांपुर । थाना कलान पुलिस और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने पॉक्सो एक्ट के वांछित 25 हजार के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना कलान क्षेत्र के गांव रूकनपुर का रहने वाला श्यामबाबू पुत्र गुलाब सागर है।

बीती 04 नवंबर को थाना कलान क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर श्यामबाबू के खिलाफ दी थी। तहरीर के आधार पर थाना कलान में श्यामबाबू के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने पीड़िता को बरामद किया और उसका मेडिकल कराया?। पीड़िता का मेडिकल और उसके बयान के आधार पर पुलिस ने दर्ज मुकदमे में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में बढ़ोत्तरी की। इस मामले में अभियुक्त श्यामबाबू फरार चल रहा था। जिस पर एसपी ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।थाना कलान पुलिस और सर्विलांस टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर ग्राम रूकनपुर में पुलिया के पास से अभियुक्त श्यामबाबू को गिरफ्तार किया। फिलहाल, कलान पुलिस ने अभियुक्त को विधिक कार्रवाई करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया।? जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कलान के प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र और सर्विलांस सेल प्रभारी मनोज कुमार गौतम के साथ थाना कलान के उपनिरीक्षक मनोज कुमार उपाध्याय, आरक्षी प्रदीप कुमार एवं आरक्षी वसु आर्य मौजूद रहे।

# क्यूएस एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग-2026 में राष्ट्रीय स्तर पर ट्रिपल आईटी इलाहाबाद 67वें स्थान पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान,इलाहाबाद ने क्यूएस एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग-2026में509वां स्थान हासिल किया है। दक्षिणी एशिया में,संस्थान132वें स्थान पर है,जबकि राष्ट्रीय स्तर पर ट्रिपल आईटी इलाहाबाद67वें स्थान पर है।समकक्ष ट्रिपल आईटीसंस्थानों में ट्रिपल आईटी दिल्ली 544वें स्थान,ट्रिपल आईटी जबलपुर791-800बैंड में है और ट्रिपल आईटी कांचीपुरम एशिया में 951-1000 के बैंड में है।संकाय प्रभारी (संस्थान रैंकिंग) डॉ. शिव राम दुबे ने बताया कि यह उल्लेख करना भी उचित है किट्रिपल आईटी इलाहाबाद गत्र्क्ष्क 2025रैंकिंग के शीर्ष 100में शामिल नहीं हुआ था,जिसका मुख्य कारण परसेप्शन स्कोर में गिरावट थी। संस्थान को उम्मीद है कि सामूहिक और निरंतर प्रयासों से,यह निकट भविष्य में अपने परसेप्शन (गत्र्क्ष्क)और प्रतिष्ठा (ड्ड्ट)स्कोर में उल्लेखनीय सुधार करेगा।क्यूएस रैंकिंग पर आईआईआईटी इलाहाबाद के निदेशक प्रो. मुकुल शरद सुतावने ने कहा कि यह निश्चित रूप से हम सभी के लिए एक उत्साहजनक उपलब्धि है। एशिया,दक्षिणी एशिया और राष्ट्रीय स्तर पर हमारी सापेक्षिक रैंकिंग हमारे प्रतिभागी भारतीय समकक्षों की तुलना में बेहतर हुई है और पिछले दो वर्षों में हमारा प्रदर्शन बेहतर होता जा रहा है। हमें प्रतिष्ठा,अंतरराष्ट्रीय संकाय और छात्र गतिशीलता-विनिमय, और अंतरराष्ट्रीय छात्र नामांकन बढ़ाने जैसे मानदंडों पर काम करना जारी रखना चाहिए।मीडिया प्रभारी डॉ. पंकज मिश्रा ने बताया कि निदेशक ने समर्पित संकाय सहयोगियों, पदाधिकारियों,छात्रों,अधिकारियों और कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी। जिन्होंने संस्थान को ऐसी मान्यता दिलाने के लिए लगन से काम किया है। उन्होंने सभी से अपील की एनआईआरएफ में अपना उचित स्थान पुनः प्राप्त करने के लिए हम सभी अथक प्रयास करें। रास्ते में आने वाली उपलब्धियों से संतुष्ट न हों,बल्कि उत्कृष्टता की ओर अपनी निरंतर यात्रा जारी रखें।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 7 नवंबर को 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाये जाने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम गीत के ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व के दृष्टिगत जनपद स्तर तथा विद्यालय स्तरों एवं अन्य स्थान पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गयी। कार्यक्रम 4 चरणों में आयोजित किया जाना है प्रथम चरण दिनांक 07 नवंबर से 14 नवंबर 2025 तक रहेगा तथा द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 तक तथा तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त 2026 तथा चतुर्थ चरण दिनांक 01 से 07 नवंबर 2026 तक रहेगा। बैठक के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि दिनांक 07 नवंबर 2025 को जनपद के समस्त स्कूलों में विद्यालयों में सामूहिक रूप से प्रातः 10:00 बजे वंदे मातरम का गायन किया जाए तथा उसके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व से विद्यार्थियों को अवगत भी कराया जाए। उच्च शिक्षा संस्थानों में वंदे मातरम के राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को लेकर विशेष रूप से सेमिनार संगोष्ठी परिचर्चा एवं लेक्चर आदि का आयोजन किया जाए । स्वतंत्रता संग्राम शहीद स्थलों ,स्मारकों एवं अन्य युद्धों में शहीद हुए शहीदों के नाम से बनाए गए स्मारकों पर वंदे मातरम गीत के डेढ़ सौ वर्ष के अवसर पर वंदे मातरम ध्वनि का वादन स्काउट गाइड आदि के बैंड द्वारा किया जाए। दिनांक 07 नवंबर 2025 को कलेक्ट्रेट परिसर में भी प्रातः 10:00 बजे सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत का गायन किया जाए तथा जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह एवं खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनपीके खाद की हो रही कालाबाजारी खुलेआम ओवर रेट बेच रहे दुकानदार

**कृषि विभाग की मिलीभगत से 1850 रुपये मूल्य का एनपीके खाद का कटटा 2100 से 2200 तक का बिक रहा**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी । तहसील चन्दौसी अन्तर्गत थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र में संचालित खाद एवं बीज की दुकानों पर एनपीके खाद का कटटा इक्कीस सौ से बाईस सौ रुपये तक बिक रहा है और कृषि विभाग मौन है।

इस समय गेंहू बुबाई का समय चल रहा है और गेंहू बुबाई के लिए एनपीके खाद की जरूरत होती है। सरकारी किसान समितियों पर खाद के लिए भारी भीड़ चल रही है और किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। प्राईवेट इफको की दुकानों पर दुकानदार इफको एनपीके खाद ओवर रेट बेच रहे हैं। सरकारी समितियों पर खाद न मिल पाने के कारण किसान मजबूरन प्राइवेट दुकानों से खाद लेने को मजबूर हैं और दुकानदार समय का फायदा उठाते हुए किसानों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। खाद की कमी के चलते दूसरे जनपदों के किसान कुढफतेहगढ़ क्षेत्र से ओबर रेट पर एनपीके खाद के इकट्ठे कट्टे ई-रिक्शा भर भर कर ले जा रहे हैं। किसी दुकानदार द्बारा खाद- बीज की ओवर रेट बिक्री या अन्य कोई शिकायत कृषि विभाग के अधिकारियों से किसान द्बारा की जाती है तो कृषि विभाग से जांच कर कार्यवाही करने से पहले ही सूचना सीधी दुकानदार के पास पहुंच जाती है कि आपकी शिकायत हमारे पास आ चुकी है। ओबर रेट बिक्री कर खाद की कालाबाजारी कर रहे दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होने से दुकानदार बेखौफ धड़ल्ले से खाद की ओबर रेट बिक्री कर रहे हैं।

# गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को ठंड से बचाव के संबंध में बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल । आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गो वंशों को ठंड से बचाव के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गो वंशों को ठंड से बचाने हेतु पर्याप्त मात्रा में पोष्टिक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। गोवंश को ठंड से बचाव हेतु गो आश्रय स्थलों में शीत लहर के प्रभाव को रोकने के लिए त्रिपाल, बोरा, इत्यादि का प्रयोग किया जाए। वृद्ध, अशक्त तथा नवजात गो वंशों पर विशेष ध्यान दिया जाए। गौ आश्रय स्थलों पर गो वंशों हेतु जूट के बोरे के झूल का उपयोग किया जाए। गौ आश्रय स्थलों पर बोरा एवं टाट की उपलब्धता को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौ आश्रय स्थलों पर समुचित साफ सफाई तथा तथा पर्याप्त मात्रा में भूसा, पराली हरा चारा, दाना गुड़, आदि को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गौ आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहें अगर लापरवाही संज्ञान में आयी तो ग्राम प्रधान तथा ग्राम सचिव पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। केयर टेकर के भुगतान को लेकर भी निर्देशित किया तथा गो वंशों के शव का निस्तारण शासनादेश के अनुसार हो। पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान तथा केयर टेकर का संवेदीकरण किया जाए। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह, समस्त खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ किया अर्जित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर । कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए कूड़े-कचरे व अपशिष्ट पदार्थ को हटाना पालिका के लिए चुनौती बन गया हैं। मेला की सफाई के लिए पालिका कर्मियों द्वारा कूड़े को एकत्रित कर डंपिंग ग्राउंड में डाला जा रहा है। कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। किंतु श्रद्धालुओं ने अपने साथ लाए गए खंडित देवी देवताओं की मूर्तियां व तुलसी के सूखे पौधे पूजा के बचे फूल, पुराने कपड़े पॉलिथीन आदि अपशिष्ट पदार्थ गंगा तट के अलावा पूरे मेला क्षेत्र में छोड़े गए हैं। पालिका सफाई कर्मी कूड़ा हटाने में लगे हुए हैं। इस बारे में पालिका सफाई निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति 24 घंटे में 400 ग्राम कचरा छोड़कर जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर लगभग चार लाख श्रद्धालुओं ने स्नान गंगा स्नान किया, जिससे नगर में 10 टन कचरा विभिन्न स्थानों पर छोड़ गए हैं। जिससे पालिका ने 50 अतिरिक्त सफाई कर्मी तैनात किए कुल 100 कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया है। जल्द ही गंगा क्षेत्र की सफाई कर दी जाएगी। पालिका अधिशासी अधिकारी गार्गी त्यागी ने बताया है कि सफाई करने के बाद सभी घाटों पर कलाई डाली जाएगी जिससे मच्छर अन्य कीटों पर नियंत्रण किया जा सके।

## कार्तिक मेले में ऑनलाइन होने वाली बिक्री का पड़ा बड़ा प्रभाव

अनूपशहर । कार्तिक मेला मैं बिकने वाले सामान को खरीदने के लिए क्षेत्र के रहने वाले तथा उनके रिश्तेदार मेला आने का इंतजार करते थे। इस मेले में रसोई में काम आने वाले कढ़ाई, चिमटा, फुकनी, संडासी व अन्य वह सामान जो बाजार में नहीं मिलते वह बिकने आया करते थे। इसके अलावा ढोलक, चकला, बेलन, खरल, मूसली, ओखली जैसे सामान भी इसी मेला में मिलते थे। युवाओं का क्रेज मेला में बिकने वाले रामपुर के चाकू मुख्य हुआ करते थे। इस मेला में लाठी, बल्लम, भाला खरीदने के लिए ग्रामीण लोग दूरदराज से आते थे। समय परिवर्तन के साथ जो सामान बाजार में नहीं मिलता है, उस सामान को ऑनलाइन सामान बेचने वाली कंपनियां मन माने रेट पर लोगों को घर बैठे उपलब्ध करा रही हैं। समय परिवर्तन के इस चक्र में मेला में बिकने वाले सामान पर दुष्प्रभाव पड़ा है। जो लोग पूरे साल मेला का इंतजार करते थे, किंतु अब ऑनलाइन बुक करा कर तत्काल घर पर बैठकर ही मंगा लेते हैं। इसी चक्र के कारण अब मेला में आने वाले दुकानदारों का आर्थिक लाभ घट गया है।

# वार्ड में अधूरा सड़क निर्माण बना परेशानी का सबब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**तीन माह से बंद पड़ा कार्य, नाली अधूरी कृ मोहल्लेवासी परेशान**

सुलतानपुर। विवेकनगर वार्ड की गली नं. 09 में आर.डी. पाण्डेय के मकान से ट्रांसफार्मर तक पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत पालिका द्वारा कराए जा रहे सड़क व नाली निर्माण कार्य की रफ्तार थम गई है। कार्यदायी संस्था ने तीन माह पहले खुदाई कर सड़क को ऊबड़-खाबड़ छोड़ दिया और नाली निर्माण अधूरा छोड़कर काम बंद कर दिया है। इस संबंध में 24 अक्टूबर 2025 को विभाग को पत्र भेजा गया था, परंतु 28 अक्टूबर तक भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधूरा निर्माण न केवल असुविधा का कारण बन रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ा रहा है। प्रार्थी संजय कप्तान सभासद ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्य पूर्ण नहीं कराया गया तो मोहल्लेवासी जनहित में पालिका कार्यालय पर क्रमिक अनशन करने को विवश होगे।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को पीटा

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरापुर निवासी महिला को ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में कार और पांच लाख रुपए न मिलने पर मारपीट कर मायके में छोड़कर फरार होने का मामला सामने आया है। कौशल्या शर्मा पुत्री चेतन प्रकाश ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में कहा है कि उसकी शादी गत 2 फरवरी 2025 को जिला गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र के गांव शमशेर निवासी मनीष कौशिक के साथ हुई थी। शादी में काफी दहेज दिए जाने के बावजूद भी ससुराल के लोग खुश नहीं थे और अतिरिक्त दहेज बतौर कार और पांच लाख रुपए की मांग शुरू कर दी गई। मांग पूरी न होने पर उसका कई बार शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया गया। पुलिस में दर्ज कराए मामले में कहा गया है कि पति मनीष कौशिक, ससुर मदन शर्मा, सास राजेश देवी, जेठ विकास चौहान और जेठानी कल्पना शर्मा ने एक राय होकर उसकी लाठी डंडों से पिटाई की और उसके गांव छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## अलग-अलग मामलों में तीन लोग गिरफ्तार

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र शिकारपुर में अलग-अलग जगह से तीन लोगों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया है। शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया कि गांव बादशाहपुर पंचगाई निवासी दानिश खान पुत्र राजू को गांव गेट के पास से छुरी, इसी गांव निवासी हसरत उर्फ बोना पुत्र राहत अली खान को गांव गेट के पास से 20 पव्वा देसी शराब और शिकारपुर के मोहल्ला खेल निवासी सटोरिया शाहनवाज मलिक पुत्र आस मोहम्मद को हैप्पी ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल के पास से सट्टा पर्ची और नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## ग्राहक और दुकानदार के बीच मारपीट

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सलेमपुर थाना क्षेत्र के गिनोरा जन्नारदार गांव में दुकान पर सामान लेने गए एक ग्राहक और दुकानदार के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मुनेंद्र पुत्र रामभूल शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव स्थित चतरी की दुकान पर उनके पिता रामभूल सामान लेने गए थे। इसी बीच चतरी के पुत्र पवन और उसके बेटे सूरज व डोली ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिसमें उसके पिता घायल हो गए। पुलिस ने परिवार के तीनों लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## हमला कर दो महिलाओं समेत तीन लोगों को घायल किया

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सलेमपुर थाना क्षेत्र के गांव रिझोड़ा में एक परिवार के आठ लोगों ने घर में घुसकर दो महिलाओं समेत तीन लोगों को लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। बंटी पुत्र रामकिशन ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में कहा है कि गांव निवासी सोनू, रिंकू, राहुल, प्रीति, लाला, अभय, नितिन, सोनम ने एक राय होकर घर पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिसमें वह और आरती पत्नी अजय तथा हर कौर पत्नी रामकिशन घायल हो गए। पुलिस ने सभी आठों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## उधर के रुपए वापस मांगने पर दंपति को पीटा

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील शिकारपुर क्षेत्र के पहासू कस्बे में उधार के रुपए मांगने पर दंपति के साथ एक दंपति ने अपने पुत्र के साथ मिलकर मारपीट की। कस्बा पहासू की अनाज मंडी निवासी श्रीमती चंचल पत्नी राजेश ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि अनाज मंडी निवासी जयवीर सिंह ने पिछले दिनों उनसे बीस हजार रुपए उधार लिए थे। रुपए वापस मांगने पर जयवीर सिंह ने अपनी पत्नी रेखा और पुत्र काकू के साथ मिलकर उन दोनों के साथ मारपीट की। जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी दंपति और उनके पुत्र के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## बाइक की किस्त जमा न करने पर फायरिंग, दो युवक घायल

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील शिकारपुर के पहासू थाना क्षेत्र के कसूमी गांव में खरीदी गई बाइक की किस्त जमा न होने पर फाइनेंसर पर गाली गलौज, मारपीट और फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है। नरेश पुत्र नेत्रपाल सिंह ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में कहा है कि उनके भतीजे गुरुवेश पुत्र उदल सिंह ने अपने एक साथी से बाइक खरीदी थी। बाइक की किस्त टूटने पर गांव निवासी फाइनेंसर ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला किया और फायरिंग की। जिसमें उसके दो भतीजे अमन पत्र धीरज और पुष्पेंद्र पुत्र शेर पाल घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुल के नीचे लगा मेला उजाड़ने लगा

अनूपशहर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कार्तिक पूर्णिमा पर ग्रामीण अंचल से भैंसा-बुग्गी, ट्रैक्टर-ट्राली आदि साधनों से गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं ने पुल के निकट गंगा की तलहटी में डेरा-तंबू की बस्तियां बनकर रह रहे थे। गंगा स्नान के बाद डेरा-तंबू अब तेजी के साथ उजड़ने गए हैं। ग्रामीण श्रद्धालु अपनी बुग्गी जोड़कर अपने घरों की ओर प्रस्थान करने चुके हैं। प्रशासन द्वारा पुल के नीचे जुटाई गई व्यवस्थाओं को तेजी के साथ समेटा जा रहा है।

## यातायात पुलिस ने दो लाख पैंसठ हजार रुपया जुर्माना लगाया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर के छठवें दिन अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आमजनमानस को जागरूक किया गया और यातायात पुलिस द्वारा दो सौ पैंतीस वाहनों का चालान कर दो लाख पैंसठ हजार रुपये का जुर्माना योजित किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं समस्त क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में गुरुवार को यातायात जागरूकता माह नवम्बर के छठवें दिन यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहन चालकों व आमजनमानस को जागरूक किया गया तथा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित बैनर व पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाते हुये आम जनता को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये वाहनों पर रेट्रो रिफलेक्टर टेप लगाये गये एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया तथा दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन (जैसे- गलत दिशा में वाहन चलाना,सड़क के किनारे हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग कर वाहन खड़ा करना व तेज गति से वाहन चलाना आदि) करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया व इस दौरान कुल दो सौ पैंतीस वाहनों का चालान कर दो लाख पैंसठ हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया।

# गंगा घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल/बबरालाः नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय के नेतृत्व में गुरुवार को राजघाट गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान चेयरमैन ने स्वयं झाड़ू लगाकर घाट परिसर की सफाई की और उपस्थित लोगों से गंगा तटों को स्वच्छ एवं पवित्र बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि गंगा हमारी आस्था और जीवन का आधार हैं, इसलिए उनकी स्वच्छता बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान घाट परिसर और आसपास फैले कचरे, प्लास्टिक की बोतलों, पत्तों एवं पूजा सामग्री को एकत्र कर साफ किया गया। नगर पंचायत की टीम ने घाट की सीढ़ियों और रास्तों की भी धुलाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। चेयरमैन ने कहा कि स्वच्छ गंगा अभियान तभी सफल होगा जब प्रत्येक श्रद्धालु और नागरिक गंगा में कूड़ा, प्लास्टिक या गंदगी फेंकने से परहेज करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि पूजा के बाद बची सामग्री को गंगा में प्रवाहित न करें, बल्कि उसे निर्धारित स्थान पर ही डालें। इस मौके पर चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि नगर पंचायत नियमित रूप से गंगा घाटों की सफाई सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाएगी। इसके साथ ही घाटों पर स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे और स्वयंसेवकों की टीम भी गठित की जाएगी, जो लोगों को गंगा की स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेगी। अभियान में प्रमुख रूप से मुकेश गुप्ता, अश्वनी पंडित, प्रशांत वार्ष्णेय, मकित गुप्ता, अरविंद कुमार, डिम्पल वार्ष्णेय सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने मिलकर गंगा घाट की सफाई कर ḷस्वच्छ गंगा, निर्मल गंगा का संदेश दिया।

# डीएपी खाद की किल्लत बोआई पर संकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




दूबेपुर/सुल्तानपुर। दूबेपुर में रबी सीजन की शुरुआत के साथ ही किसानों को डीएपी खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को खाद लेने के लिए सहकारी समिति बंधुआ कला पर किसानों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे उनमें रोष देखा गया। सीमित आपूर्ति के कारण कई किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा, जिससे बोआई पर संकट गहरा गया है। बंधुआ कला साधन सहकारी समिति पर डीएपी खाद लेने के लिए सुबह से ही सैकड़ों किसान उमड़ पड़े। समिति के पास केवल 180 बोरी डीएपी खाद उपलब्ध थी। वितरण के दौरान धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। बायोमेट्रिक मशीन का नेटवर्क ठीक से काम न करने के कारण खाद वितरण देर से शुरू हुआ। व्यवस्था बनाए रखने के लिए समिति के कर्मचारियों ने आधार कार्ड के आधार पर प्रत्येक किसान को केवल एक बोरी खाद देने की व्यवस्था की। इसके बावजूद, बड़ी संख्या में किसानों को खाद नहीं मिल पाई और उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा।किसानों ने बताया कि पहले उन्हें यूरिया के लिए भी परेशानी झेलनी पड़ी थी और अब डीएपी खाद की कमी से बोआई का कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण किसान मालिक राम, अखिलेश और प्रकाश ने जानकारी दी कि सुबह से लाइन में लगने के बाद भी उन्हें मात्र एक बोरी खाद ही मिल पाई। किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पर्याप्त डीएपी खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है ताकि समय पर बोआई पूरी हो सके। समिति के सचिव संदीप वर्मा ने बताया कि डीएपी खाद की अतिरिक्त खेप जल्द ही आने की संभावना है।

## सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायबरेली। बीते दिनों थाना मिलएरिया के निवासी महेश मौर्या पुत्र सूरज प्रसाद निवासी सकरा रतनशीपुर में हुए मामूली विवाद को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई थी। जिसमें आज थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया पर विशेष जातिगत अमरयदित टिप्पणी करने वाले सचिन तिवारी उर्फ पुष्पेश तिवारी पुत्र आदित्य कुमार तिवारी निवासी ग्राम देवऊ का पुरवा थाना जगतपुर रायबरेली को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। जिसमें विगत दिनों सोशल मीडिया पर विशेष जातिगत टिप्पणी करने व समाज में सौहार्द बिगाड़ने के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा अपराध संख्या 387 धारा196(2) 299/127 (2)351 (3) बीएनएस व धारा 67 आईटी एक्ट व धारा 7 बीएस एक्ट अभियोग पंजीकृत किया गया जिसमें थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत विनोद मौर्य उर्फ सुनील कुमार पुत्र राजा रामनिवासी ग्राम बहादुरपुर थाना जायज अमेठी को गिरफ्तार कर धारा 170/126/135 बीएस के तहत चलन न्यायालय किया गया था ।

# क्षेत्राधिकारी नगर के साथ पुलिस के जवानों ने किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। वृहस्पतिवार को पुलिस अस्पताल में रक्तदान के लिए एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस के जवानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, जवानों का उत्साह उस वक्त देखने को मिला जब क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सावंत ने स्वयं रक्तदान से शिविर की शुरुआत किया। मुख्य अतिथि डॉ. भारत भूषण सीएमओ सुल्तानपुर व विशिष्ट अतिथि डॉ. आरके मिश्रा मुख्य चिकित्साधिक्षक मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर ने जवानों का हौसला बढाते हुए रक्तदान से होने वाले शारीरिक लाभ के बारे में विस्तार से बताया। रक्तदान कैंप में मुख्य रूप से डॉ. सुपर्णा दूबे, डॉ. संजय सिंह, डॉ. रविंद्र यादव, एलटी विजय चौधरी, देवनाथ, अनुराग पांडेय, सुशील कुमार, स्टाफनर्स संजू, अब्बास अली(संजू) कुलदीप मौजूद रहे। पुलिस के जवानों ने 30 यूनिट रक्तदान किया। क्षेत्राधिकारी सौरभ सावंत ने पुलिस के जवानों को अनुशासन और आमजन की सेवा करने का पाठ पढाया, वही मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भारत भूषण ने कहाकि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति 90दिनों में एकबार रक्तदान कर सकता है। मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ.आरके मिश्रा ने जवानों को संबोधित करते हुए कहाकि इससे बड़ा दान और पुनीत कार्य दूसरा कोई नहीं है, आपके रक्त से एक अनजान व्यक्ति को जीवन मिलता है जो तमाम साधन व संसाधन से परे होता है।

## यातायात माह के अवसर पर 846 वाहनों का किया गया चालान

रायबरेली। यातायात माह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के कुशल नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा के कुशल नेतृत्व पर्यवेक्षण में रायबरेली में यातायात पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चला कर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने का कार्य करते हुए शहर के प्रमुख चौराहा पर डिग्री कॉलेज, सिविल लाइन, रतापुर ,लालगंज तिराहा,पुलिस लाइन सहित विभिन्न चौराहा पर चेकिंग लगाकर यातायात नियमों का पालन करने को किया गया जागरूक।

नाबालिक चालक ओवरलोडिंग चलने वाले ऑटो, ई- रिक्शा आदि का पालन न करने वाले वाहन चालकों स्वामियों के विरुद्ध नियम अनुसार एमवी एक्ट के अंतर्गत चलन चीज की कार्रवाई की गई तथा लोगों को यातायात के नियमों का पालन करते हुए सड़क सुरक्षा संबंधी यातायात जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की जाती है ।

## 12 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई कर एक नेपाली तस्कर को 12 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बॉर्डर पिलर संख्या 665 के पास की गई। 59वी वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में बी समवाय बलाईगांव के पार्टी कमांडर सुभास चंदर, निरीक्षक एवं उनकी टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी शामिल रही। पकड़ा गया आरोपी नेपाल निवासी बल बहादुर सरकी (29 वर्ष), पुत्र चौरी सरकी, ग्राम मैनापोखर, नेपाल का रहने वाला बताया गया है, जो मादक पदार्थों की तस्करी कर नेपाल से भारत में दाखिल होने का प्रयास कर रहा था। गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बरामद स्मैक को थाना मोतीपुर को सुपुर्द कर दिया गया है। सीमा सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार की जा रही ऐसी कार्रवाई यह दर्शाती है कि भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए सतर्कता और सख्त निगरानी बरकरार है।

### मुख्य अधिकारी ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, गोरखपुर के एसआईआर कार्यों की समीक्षा

# एसआईआर में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लखनऊ से बृहस्पतिवार को राज्यभर के जिलों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान गोरखपुर जिले से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम दीपक मीणा, सहायक निर्वाचन अधिकारी/एडीएम (वित्त) विनीत कुमार सिंह, तथा जनपद के सभी उप जिलाधिकारी ऑनलाइन जुड़कर उपस्थित रहे। बैठक में आगामी विधानसभा निर्वाचन से पूर्व चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने गोरखपुर जिले की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए और कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रह जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जहां मतदाता स्थानांतरित हो चुके हैं या मृत्यु हो गई है, उन नामों को सूची से हटाने की प्रक्रिया भी पूरी सावधानी से की जाए। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विशेष रूप से कहा कि गणना प्रपत्रों (काउंटिंग फॉर्म) को प्रत्येक बीएलओ को समय से उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे घर-घर जाकर जानकारी एकत्र कर सकें। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मतदाता के घर पहुंचकर सत्यापन करें और नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में गोरखपुर से जुड़े अधिकारियों में एसडीएम सदर दीपक गुप्ता, एसडीएम चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह, एसडीएम कैंपियरगंज सिद्धार्थ पाठक, एसडीएम सहजनवा केशरी नंदन तिवारी, एसडीएम खजनी राजेश प्रताप सिंह, एसडीएम बांसगांव प्रदीप सिंह और एसडीएम गोला अमित जायसवाल मौजूद रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के सुपरवाइजरों और बीएलओ से सतत संपर्क बनाए रखें और प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य निष्पक्ष, पारदर्शी और सटीक मतदाता सूची तैयार करना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या त्रुटि स्वीकार्य नहीं होगी।

इस दौरान डीएम दीपक मीणा ने बताया कि जिले में एसआईआर कार्य तेजी से प्रगति पर है। सभी तहसीलों में सुपरवाइजरों और बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण एवं सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कर रहे हैं और फॉर्म-6, 7, 8 एवं 8ए के माध्यम से नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन का कार्य किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि गोरखपुर प्रशासन निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्ण पालन कर रहा है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिले में मतदाता सूची शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित तैयार हो। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि वे अपने क्षेत्र की लगातार समीक्षा करें और जहां भी कठिनाई आए, उसे तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय के माध्यम से समाधान कराया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अंत में कहा कि लोकतंत्र की सशक्त नींव सही मतदाता सूची पर निर्भर करती है।

# नगरौर स्थित वृद्धा आश्रम में महिला आयोग अध्यक्ष का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। नगरौर (चित्तौरा) स्थित वृद्धा आश्रम में राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ बबिता सिंह चौहान ने आकस्मिक निरीक्षण कर आश्रम की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा वृद्धा आश्रम के बेहतर रख रखाव एवं वृद्धो के बेहतर जीवन प्रबंधन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। वृद्धा आश्रम परिसर (नगरौर चित्तौरा) में राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ बबिता सिंह चौहान ने कहा कि वृद्ध एवं अशक्त हमारे घर परिवार के मुखिया होते हैं इनका जीवन सुखमय बीते इसके लिए हम सबको समय समय पर बेहतर संसाधन एवं चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करवाए जाने का प्रबंध करना चाहिए साथ ही इन लोगो को वृद्धा पेंशन, गरम वस्त्र, औषधियों व अन्य जीवन उपयोगी वस्तुओं के भी आपूर्ति अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए तथा समय समय पर सम्बद्ध अधिकारियों को यहाँ का सघन निरीक्षण भी करना चाहिए।संचालन करते हुए महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि वृद्धा आश्रम में रहने वाले अंतः वासियो के स्वावलंबन एवं रोजगार सृजन हेतु दोना पत्तल बनाने की मशीन, चरखा व अन्य स्थानीय रोजगार सृजन के संसाधन उपलब्ध करवाया जाना चाहिए ताकि अन्तः वासियो का जीवन सुखमय बीत सके। इस विषयक पर महिला आयोग अध्यक्ष ने तात्कालिक प्रभावी योजन की बात कही ।महिला आयोग अध्यक्ष ने वृद्धा आश्रम के रसोई घर, शयन कक्ष, शौचालय,पूजा घर आदि का भी सघन निरीक्षण किया तथा अंतवासियो को फल वितरित कर उनके सुखमय जीवन की कामना की।

# एफआईआर दर्ज होने के बाद आठ नवंबर तक छुट्टी पर गए बीएसए

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले की नगर कोतवाली में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी समेत ती न लोगों पर रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्श न कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है,मुकदमा दर्ज होने के चौबीस घंटे के भीतर ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी आठ नवंबर तक छुट्टी लेकर अपने घर अंबेडक रनगर चले गए हैं ,मुकदमा दर्ज होने के बाद बे सिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी जिला स मन्वयक निर्माण विद्याभूषण मिश्रा और जिला समन्वयक जेम पोर्टल प्रेम शंकर मिश्रा की अब मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं अतुल तिवा री के छुट्टी पर जाने के कारण बीएसए का अति रिक्त प्रभार खंड शिक्षा अधिकारी राम खेलावन सिंह को सौंपा गया है। राम खेलावन सिंह आठ नवंबर तक गोंडा बीएसए का कार्यभार संभालें गे।वह वर्तमान में खंडशिक्षा अधिकारी मुख्याल य और नगर क्षेत्र हैं।प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम खेलावन सिंह ने बताया कि बे सिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी घर जाने के लिए छुट्टी पर गए हैं।उन्होंने प्रार्थना प त्र में इसी बात का जिक्र किया है।हालांकि, वि भागीय सूत्रों के अनुसार, बीएसए मुकदमे से ब चने के लिए हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं, जि सके लिए उन्होंने छुट्टी ली है।इससे पहले भी बहुचर्चित अनामिका शुक्ला प्रकरण में गोंडा की नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी छुट्टी लेकर चले गए थे। तब उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था और उन्हें वहां से राहत मिली थी। इस बार छुट्टी लिए जाने को लेकर जब उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया तो बात नहीं हो पाई।वहीं, सीओ नगर आनंद राय ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।वादी मुकदमा को बुलाया गया है और साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।कल मुझे पूरे मामले की जांच मिली है मुझे इसमें जांच अधिकारी बनाया गया है क्योंकि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा भी लगी है ऐसे में इस पूरे मामले की मेरे द्वारा जांच की जा रही है।

# जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत संचालित जिला विज्ञान क्लब बहराइच के तत्वावधान में महाराज सिंह इंटर कॉलेज बहराइच में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नंद, वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा, जिला समन्वयक डॉ नंद कुमार शुक्ल एवं निर्णायक सदस्यों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने अपने संबोधन में सभी बच्चों द्वारा बनाए गए प्रदर्श की सराहना करते हुए आह्वान किया कि यह सब भविष्य के वैज्ञानिक हैं तथा जनपद को अग्रणी बनाने में इनकी सर्वाधिक महती भूमिका है। जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद ने कहा कि जिज्ञासा ही ज्ञान का पहला कदम है सवाल पूछो, खोज करो, इसके माध्यम से ही छात्र और छात्राएं अपनी जिज्ञासाओं का निवारण कर सकते है। जिला समन्वयक डॉ नंद कुमार शुक्ल ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद के राजकीय, अशासकीय, सीबीएसई विद्यालयों से आये लगभग 210 बाल वैज्ञानिकों ने अपने-अपने 100 नवोन्मेषी विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किये। जिनमे साइबर सिक्योरिटी, स्टेम सेल टेक्नोलॉजी, स्मार्ट स्कूल नैनोटेक्नोलॉजी, सेंसर टेक्नोलॉजी, स्पेस टेक्नोलॉजी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी रोबोटिक्स, सोलर ट्रेकिंग सिस्टम, स्मार्ट होम, वायरलेस चार्जिंग, फ्यूचर ट्रांसपोर्टेशन स्मार्ट डस्टबिन आदि थे। जनपद स्तर से प्रथम 15 उत्कृष्ट मॉडल मण्डल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे, राज्य स्तर पर श्रेष्ठ मॉडल को 50 हजार रुपये पुरस्कार के साथ प्रौद्योगिकी परिषद नियमानुसार पेटेंट की व्यवस्था भी करती है। पुरस्कार सत्र के विशिष्ट अतिथि डॉ एस पी सिंह व वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने कहा कि ने कहा कि आप बाल वैज्ञानिकों में से ही कोई न्यूटन, आइंस्टीन बने, बाल वैज्ञानिकों के सतत प्रयास अनुशासन और अध्यापकों के मार्ग दर्शन से ही नित नवीन आविष्कार संभव हैं। जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में अर्शी खान ऐम्स इंटरनेशनल स्कूल बहराइच प्रथम स्थान, अल जफीरा नूर सेवेन्थ डे इंटर कॉलेज को द्वितीय स्थान, अनुष्का शर्मा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बहराइच तृतीय स्थान, प्रतिष्ठा सिंह अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल बहराइच व साक्षी सिंह बल शिक्षा निकेतन बहराइच को सांत्वना पुरस्कार प्रमाणपत्र, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार हेतु क्रमश 5000, 3000, 2000, 1000 व 1000 रुपये के पुरस्कार जिला विज्ञान क्लब के खाते से आरटीजीएस के माध्यम से दिए जाएंगे।

# मेडिकल कॉलेज में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । समाज में बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने की संस्कृति को प्रोत्साहित करने तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति आमजन में जनजागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से महर्षि बालार्क चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने मेडिकल कॉलेज में जन्मी 19 कन्याओं की माताओं के साथ केक काटा तथा माताओं को उपहार प्रदान किया। इस अवसर पर श्रीमती चौहान ने 06 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों को अन्नप्रासन भी कराया। मुख्य अतिथि डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटी के जन्म की खुशी और सम्मान का उत्सव है। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता।' अर्थात जहाँ नारी का सम्मान होता है वहाँ देवताओं का वास होता है। बेटी घर की लक्ष्मी ही नहीं बल्कि समाज की शक्ति और सम्मान की पहचान भी है। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षा, सम्मान और समान अवसर देना हम सबकी जिम्मेदारी है ताकि वे अपने सपने पूरे कर सकें। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने कहा कि हाल ही में भारत की बेटियों ने क्रिकेट सहित कई क्षेत्रों में देश का नाम रोशन किया है। यह बताता है कि अवसर मिलने पर बेटियां किसी भी मुकाम को हासिल कर सकती हैं। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हर बेटी को जन्म से लेकर जीवन के हर चरण तक समान सम्मान, शिक्षा और स्वास्थ्य का अधिकार मिले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर बेटी स्वस्थ जन्म ले, सुरक्षित वातावरण में पले-बढ़े और उसे आगे बढ़ने के बराबर अवसर मिलें। ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता और सम्मान दोनों बढ़ते हैं।

कार्यक्रम के बाद डॉ. बबीता सिंह चौहान ने महिला विंग के प्रसव कक्ष, पीएनसी वार्ड और ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं से हालचाल लिया तथा साफ-सफाई और भवन रंगरोगन में सुधार के निर्देश दिए। तीमारदारों की अधिक भीड़ पर उन्होंने समझाया कि हर प्रसूता के साथ अधिकतम दो तीमारदार ही रहें, ताकि अस्पताल की व्यवस्था बेहतर ढंग से चल सके।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम.एम.एम. त्रिपाठी, प्रोफ़ेसर कम्यूनिटी मेडिसिन डॉ निपेन्द्र सिंह, डीपीओ विनोद राय, विभागाध्यक्ष डॉ. शिवांगी, संकाय सदस्य और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरपीएफ की कस्टडी में मौत के मामले में दो उपनिरीक्षक सहित एक सिपाही निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । आरपीएफ की कस्टडी में मोतीगंज थाना क्षेत्र किनकी गाँव निवासी संजय कुमार सोनक र की मौत के प्रकरण में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है को तवाली पुलिस ने बिसरा सुरक्षित कर लिया है इस प्रकरण में आरपीएफ के दो उपनिरीक्षक समेत तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर लाइन में भेज दिया गया है।संजय के परिवार जन की शिकायत पर हत्या की एफआईआर दर्ज होने के बाद रेल अफसरों ने यह कार्रवाई की है,मृतक संजय कुमार सोनकर के गांव मा हौल पर नियंत्रण रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात हैं मृतक संजय कुमार सोन कर का अंतिम संस्कार बुधवार की रात में छह थानों की पुलिस की मौजूदगी में किया गया है। महिला थाना प्रभारी अनीता यादव की अगुवाई में पुलिस बल को गांव में तैनात किया गया है। स्वजनों की पुलिस की कार्रवाई पर भी नजर टिकी है। नगर कोतवाली पुलिस ने आरपीएफ के उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार व करण सिंह सहि त एक सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है आरपीएफ ने उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार व करण सिंह यादव सिपाही अमित कुमार यादव को निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया है।

मोतीगंज थाना क्षेत्र के किनकी गांव के रहने वाले संजय कुमार सोनकर को चोरी के आरोप में मंगलवार की सुबह आरपीएफ के उपनिरीक्ष क सुरेंद्र कुमार और करण सिंह यादव व अमित कुमार यादव पकड़ा। घर वालों का आरोप है कि संजय को बिजली का करंट लगाया गया । थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया और उसकी पिटाई की गई जिससे संजय की मौत हो गई इसके बा द उसे मेडिकल कालेज से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय लाकर छोड़ दिया गया।

संजय के परिवारजन ने इस मामले में आरपीए फ के सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, करण सिंह यादव तथा कांस्टेबल अमित कुमार यादव पर संजय की पिटाई करने और थर्ड डिग्री देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था।

### 16 वीं बार रक्तदान कर मानवता का पेश किया मिशाल



गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नई उम्मीद मानव सेवा संस्था के संचालक समाजसेवी दुर्गेश यादव जो गोरखपुर के बेलघाट निवासी है ने 16 वीं बार रक्तदान कर समाज के लिए मानवता का मिशाल पेश किया । यह मिशाल उन लोगों के लिए भी है जो रक्तदान करने में हिचकते है , क्योंकि ''खून देने से डरें नही,इससे जीवन बचता है और शरीर स्वस्थ रहता है ।'' ज्ञात हो कि दुर्गेश यादव समाजसेवा में निरंतर अग्रणी रहते है । हाल ही में उन्होंने अपनी टीम के साथ एक कैंसर पीड़ित बच्चें की सहायता कर मानवता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया । समाजसेवी दुर्गेश यादव वार्ड नम्बर 34 से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीत कर समाजसेवा का दायरा और बढ़ाना चाह रहे है ।

### यातायात माह में उड़ रही नियमों की धज्जियां



गोंड़ा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में एक नवम्बर से यातायात माह चल रहा है। इस दौरान पुलिस जहां लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक कर रही है।वहीं वाहन चालक पुलिस के सामने ही यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।सामान ढोने वाले वाहन में क्षमता से अधिक सवारियां भरकर ढोया जा रहा है। लेकिन कार्रवाई करने के बजाय जिम्मेदार लापरवाह बने हुए हैं।बुधवार को गुरु पूर्णिमा के पर्व पर जिले से बड़ी संख्या में लोग गंगा स्नान के लिए रवाना हुए।जिनके जाने के लिए वाहन की कोई व्यवस्था नहीं थी।जिसके चलते मेले मे जाने के लिए ट्रैक्टर तथा सामान ढोने वाले पिकअप वाहनों का उपयोग किया।भूसे की तरह भरकर सामान ढोने वाले वाहन व ट्रैक्टर चालक स्नानार्थियों को लेकर में गए।यह वाहन कस्बों में पुलिस कर्मियों के सामने से होकर बेरोकटोक आवागमन करते रहे।कस्बे की चौक चौराहों पर यातायात व्यवस्था में तैनात दरोगा और सिपाही लोगों की सुरक्षा को लेकर लापर वाह बने रहे।जबकि ऐसे वाहन कई बार दुर्घट ना का शिकार हो चुके हैं।

### विधायक ने करही नाव हादसे में मृतक कृष्ण कुमार चतुर्वेदी के परिवार को सौंपा चार लाख रुपए का चेक

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। चौरी-चौरा विधायक ई.सरवन निषाद ने बीते दिनों करही घाट पर नाव हादसे में गुरुवार को जयराम कोल जोगिया पहुंचकर मृतक कृष्ण कुमार चतुर्वेदी के परिजनों को चार लाख रुपए का चेक सौंपा और अन्य आर्थिक सहायता भी दिया और कहा कि घटना बेहद दुखद था बच्चे को मै वापस तो नहीं कर सकता लेकिन परिवार को आर्थिक सहायता से आगे जीवन यापन में मदद मिलेगी और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित हुआ है नाव संचालक पर केस दर्ज किया गया है अन्य संबंधित विभाग की जांच हो रही है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की ज़िम्मेदारी मेरी है और परिवार को हर संभव मदद किया जा रहा है मेरी प्राथमिकता पीड़ित को न्याय दिलाना ही है। इस विधानसभा की देवतुल्य जनता ने जो जिम्मेदारी दी है उनके वादा पर खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूं। सरकार के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प को चौरी चौरा विधानसभा में साकार किया जा रहा है। इस दौरान तहसीलदार सत्यप्रकाश गुप्ता, रामदयागर निषाद, धनराज निषाद, संदीप मिश्रा,सुग्रीव तिवारी, मंदीप निषाद, सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

### शर्मा पेट्रोल पंप पर लकी ड्रॉ आयोजित

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। शर्मा पेट्रोल पंप पर लकी ड्रॉ शहर के रोड वेज बस स्टैंड के पास स्थित शर्मा पेट्रोल पंप भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अपने उपभोक्ताओं के लिए खुशियों का त्यौहार भार त पेट्रोलियम के संग स्लोगन के साथ 31 अक्टू बर 2025 तक एक आकर्षक इनाम योजना चलाया गया।जिसका कूपन लकी कूपन ड्रॉ 6 नवंबर को बैजनाथ शर्मा एंड संस पेट्रोल पंप निकट बस स्टैंड गोंडा पर आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के सेल्स ऑफिसर मंगी लाल एवं शहर के गणमान्य लोगों द्वारा किया गया।सार्वजनिक रूप से निकाले गए लकी ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार विजेता अयांश सिंह को मोटर साइकिल, द्वितीय पुरस्कार विनोद शर्मा को टीवी एवं तृतीय पुरस्कार राधेश्याम,रमेश गुप्ता एवं विनोद कुमार को एक-एक वॉशिंग मशीन प्राप्त हुई। इसी तरह गीजर के चार, हीटर के पांच एवं आयरन प्रेस के दस पुरस्कार निकाले गए।लकी ड्रा कार्यक्रम में शर्मा पेट्रोल पंप के मलिक अंतरिक्ष कृष्ण पांडेय ने बताया कि कंपनी द्वारा लगभग प्रत्येक त्योहारों के उपलक्ष में ऐसी योजनाएं उपभोक्ताओं के लिए संचा लित की जाती है,जो आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान अनोखेलाल,आरपी तिवारी, अंकित,अविरल पांडे,विमल वर्मा,पत्रकार नरेंद्र लाल गुप्ता,हेमन्त पाठक,प्रदीप तिवारी,अशोक पाठक,सुनील तिवारी सहित नगर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कैंट पुलिस ने प्रोफ़ेसर के घर हुई लाखों की चोरी का किया खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए डीएवी डिग्री कॉलेज की सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर डॉ. सरोज श्रीवास्तव के घर में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर चोरों – मोनू गौड़ उर्फ बाबा नायक और हसन खान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से करीब 30 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, डिजिटल कैमरा और 1,98,472 नगद बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी ने गुरुवार को पुलिस लाइन वाइट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान घटना का खुलासा किया। यह मामला मु0अ0सं0 609/2025 धारा 331(4), 305(ए), 317(2), 112 बीएनएस थाना कैंट, जनपद गोरखपुर से संबंधित है। रिटायर प्रोफ़ेसर डॉ. सरोज श्रीवास्तव, जो डीएवी डिग्री कॉलेज में प्राचार्या रह चुकी हैं, अपने बेटे के पास बेंगलुरु गई थीं। इस दौरान उनके मकान में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी कर ली। सूचना पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और महज 24 घंटे के भीतर चोरी का खुलासा कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे बंद पड़े घरों की रेकी करते थे। घटना के दिन उन्होंने मकान के पीछे की खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गैस कटर मशीन से आलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर, नगदी और अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी के बाद वे अपने ठिकाने पर जाकर माल को छिपा दिए थे। मोनू गौड़ उर्फ बाबा नायक, पुत्र सुनील गौड़, निवासी भभवली चौराहा थाना मदनपुर, देवरिया (वर्तमान पताः भरवलिया बुजुर्ग, थाना रामगढ़ताल, गोरखपुर)।

इसके खिलाफ हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट और सरकारी कार्य में बाधा सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। हसन खान, पुत्र स्व. शाजिद खान, निवासी चौरा भाना, थाना चौरीचौरा, जनपद गोरखपुर। पूर्व में बकरी चोरी के मामले में जेल जा चुका है और उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई भी की गई है।

# रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर डग्गामार वाहनों का कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । रेलवे जंक्शन गोंडा पर रेलवे सुरक्षा बल की निष्क्रियता व ट्रैफिक पुलिस कि लापरवाही के चलते यातायात माह में डग्गामार वाहनों की रेलवे स्टेशन पर चांदी है, जिससे आम यात्रियों समेत स्टेशन पर आने-जाने में दिव्यांग जनों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। रेलवे सुरक्षा बल की लापरवाही से टैक्सी संचालक इस कदर बेलगाम हो चुके हैं की रेलवे स्टेशन के मुख्य निकास द्वार की सीढ़ियों समेत नो पार्किंग जोन में वाहनों को खड़ा करके अवैध रूप से सवारियों को बेतरकीब ढंग से ठूंस कर भरा जा रहा है।जिससे एक तरफ रेलवे संपत्ति की क्षति होती है वहीं दूसरी तरफ यात्रियों को असुविधा होना आम बात हो गई है। यही नहीं जाम के कारण कई बार यात्रियों की ट्रेन भी छूट चुकी है। वही टैक्सी संचालक कभी-कभी सामान्य यात्रियों को स्टेशन परिसर में ही सीसी टीवी कैमरे के सामने हाथ पकड़ कर जबरिया अपने टैक्सी में बैठाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। और एतराज करने पर यात्रियों से विवाद भी होता रहता है।इसके बावजूद स्टेशन परिसर के संबंधित एरिया में न तो कहीं आर पी एफ नजर आती है और ना ही जीआरपी पुलिस। जिससे अवैध टैक्सी संचालकों की चांदी रहती है।वही रेलवे स्टेशन के आस पास कई बार टैक्सी संचालकों द्वारा कुछ घटनाओं को भी अंजाम दिया जा चुका है,जिसके संबंध में विगत दिनों मुकदमे भी पंजीकृत हुए थे,फिर भी रेलवे सुरक्षा बल अपनी कार्यशैली से बाज नहीं आ रहा है।और अवैध संचालकों को निजी स्वार्थ के चलते शायद खुली छूट दे रखी है। व हीं इस संबंध में जब आरपीएफ प्रभारी अनिरु द्ध राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ह मारी तरफ से निरंतर ऐसे लोगों के चालान भी किए जाते हैं और समय-समय पर कार्यवाही भी होती रहती है,लेकिन हमारी ही जिम्मेदारी नहीं है सबकी जिम्मेदारी बनती है क्या है सिवि ल पुलिस हो या फिर जीआरपी सब की जिम्मे दारी बनती है कि अवैध टैक्सी स्टैंड ना लगाई जाए सभी लोग कार्रवाई कर सकते हैं लेकिन ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही से रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर डग्गामार वाहनों का रात दिन मुख गेट पर जमवाड़ा रहता है।

# डीएम ने खरीफ फसल धान की कटाई कर किया शुभारम्भ

## किसानों से पराली न जलाने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने आज तहसील सदर अंतर्गत विकास खण्ड दूबेपुर के ग्राम पंचायत पैगापुर में खरीफ फसल धान की कटाई कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत औसत उपज एवं उत्पादकता आंकलन कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग द्वारा चिन्हित कृषक मोहम्मद मुनीर के खेत में सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल की क्रॉप कटिंग कर औसत उपज का परीक्षण किया। समबाहु त्रिभुज आकार के प्लॉट में की गई फसल कटाई एवं मड़ाई (झड़ाई) के पश्चात कुल 13.938 किलोग्राम धान की उपज प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि वे अपनी उपज सरकारी क्रय केन्द्रों पर ही बेचें, जिससे उन्हें फसल का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने किसानों से यह भी आग्रह किया कि किसी भी बिचौलिये के बहकावे में न आएं और अपनी मेहनत की फसल का पूरा लाभ स्वयं उठाएं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद के सभी किसानों से पराली न जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को हानि होती है। उन्होंने किसानों को पराली के वैज्ञानिक प्रबंधन के तरीकों को अपनाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी सदानन्द चौधरी ने बताया कि क्रॉप कटिंग प्रयोगों के माध्यम से जनपद में फसलों की औसत उपज और उत्पादकता के सटीक आंकड़े प्राप्त किए जाते हैं। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर राज्य स्तर पर कृषि निदेशालय द्वारा अंतिम रिपोर्ट जारी की जाती है, जिसके अनुरूप क्षतिपूर्ति एवं फसल बीमा की राशि निर्धारित होती है। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी सहित कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मनुष्य को जीवन में उतार–चढ़ाव में धैर्य नहीं खोना चाहिये : प्रणवपुरी जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । नवीन कलेक्ट्रेट के समीप पूरे नेमधर पंडित में चल रही महामृत्युंजय महाकाल लोक कथा का आयोजन गुरुवार को और अधिक भावनात्मक व भक्ति रस में डूब गया। उज्जैन के महामृत्युंजय महाकाल लोक के पीठाधीश्वर स्वामी प्रणव पुरी जी महाराज ने कथा के छठवें दिवस पर भरत-शत्रुघ्न आगमन, निषादराज गुह की भक्ति और श्रीराम के चित्रकूट प्रवास का ऐसा मार्मिक चित्रण किया कि पूरा पंडाल श्रद्धा और भावविभोरता से भर उठा।महाराज जी ने कहा कि जब राजा दशरथ ने श्रीराम वियोग में प्राण त्याग दिए, तब गुरु वशिष्ठ ने ननिहाल में रह रहे भरत और शत्रुघ्न को बुलवाया। गुरु वशिष्ठ ने भरत को उपदेश देते हुए कहा ललसुनहु भरत भावी प्रबल, बिलख कहे मुनिनाथ। हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ?ङ्कउन्होंने समझाया कि मनुष्य को जीवन के उतार-चढ़ाव में धैर्य नहीं खोना चाहिए, क्योंकि सब कुछ विधाता के हाथ में है।कथा व्यास ने आगे बताया कि भरत ने सती प्रथा के प्रचलन को बंद कर मानवता को नया संदेश दिया। वहीं भरत और माता कौशल्या के भावुक संवाद का ऐसा हृदयस्पर्शी वर्णन किया गया कि अनेक श्रद्धालु आंखों में आंसू लिए बैठे रहे।इसके बाद महाराज श्री ने श्रृंगवेरपुर प्रसंग का विस्तार करते हुए बताया कि किस प्रकार निषादराज गुह ने प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की अतुल भक्ति करते हुए गंगा पार कराई। उन्होंने कहा–ललनिषादराज की भक्ति में सच्चे प्रेम की झलक थी, जिसने ईश्वर को भी मित्र बना लिया। भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण में जब कथा व्यास ने भजन ललकर्म हमारा लिखा विधाता, मिटाने वाला कोई नहींङ्क और ललतेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार, उदासी मन काहे को करेङ्क गाया, तो श्रोतागण भाव-विभोर होकर ललजय श्रीरामङ्क के जयघोष में डूब गए।महाराज श्री ने आगे श्रीराम के भारद्वाज मुनि आश्रम आगमन और वहां से चित्रकूट धाम प्रस्थान का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि चित्रकूट की पावन धरती पर प्रभु श्रीराम ने दंडकारण्य वन का संदेश दिया और ताड़का व सुबाहु जैसे राक्षसों के विनाश से धर्म की स्थापना की।इस अवसर पर जन सत्ता दल (लोकतांत्रिक) के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र विजय मुन्ना सिंह, जगदीशपुर के पूर्व विधायक राधेश्याम कनौजिया,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, केशव सिंह, उपभोक्ता न्यायालय सदस्य देव कुमार, सेवानिवृत्त सीएमओ डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी, डॉ. प्रदीप तिवारी, यज्ञ नारायण उपाध्याय, भोला नाथ त्रिपाठी, लाल मोहम्मद राईन, गायत्री परिवार जिला संयोजक डॉ. त्रिवेणी सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिजली लाइन से झुलसे से लाइन मेन से मिले व्यापारी नेता



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। व्यापारी नेता के पैतृक गांव निवासी भारत टेंट हाउस व्यापारी ताहिर अंसारी के 11 हज़ार की लाइन से करंट लग जाने के कारण उनका एक हिस्सा बुरी तरह से झुलस गया था। जो कि पीलीभीत अस्पताल में भर्ती थे। उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इकाई शेरपुर कलाँ महामंत्री और ईंट भट्टा स्वामी नदीम हसन खां ने पीलीभीत अस्पताल में जाकर ताहिर से मुलाकात की और उनके जल्द सेहतयाफ होने की अल्लाह से दुआ की फिलहाल आप सबकी दुआओं से अब हालत बेहतर है। व्यापारी नेता नदीम हसन खान ने ताहिर को जल्द से जल्द शिफा अता करने की बात कही है।उक्त जानकारी नदीम हसन खान अजन्ता ब्रिक फील्ड नगर महामंत्री उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश ने दी है।

## पीपरपुर में नवयुवक का शव सड़क किनारे मिलने से फैली सनसनी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पीपरपुर क्षेत्र के गांव बालीपुर डुहिया के पास देर रात एक नवयुवक का संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे शव मिलने से सनसनी फैल गई और उसकी बाइक सड़क किनारे क्षतिग्रस्त पड़ी थी।मृतक अपने परिवार के साथ मौसी के घर आया था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव बालीपुर के पास रात्रि करीब दो बजे सड़क किनारे एक युवक का शव दिखाई पड़ा जिसके पास ही उसकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पीपरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलावस्था में युवक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर भेजा गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की शिनाख्त प्रतापगढ़ जनपद के थाना अंतू क्षेत्र के गांव डंगरी निवासी मनीष कुमार पुत्र तुलसीराम के रुप में हुई। बताया जाता है कि मृतक मनीष कुमार की शादी करीब डेढ़ साल पहले हुई थी और उसकी पत्नी की गोद में चार माह का मासूम बच्चा है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस सम्बंध में थाना पीपरपुर के प्रभारी निरीक्षक रामराज कुशवाहा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## पुलिस ने गुमशुदा बालक परिजनों को सौंपा, पुलिस की कार्यशैली की जनता ने की सराहना

पूरनपुरकैनविज टाइम्स संवाददाता। माधोटांडा पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने दो 2 (काव्या) और 6 (हिमांशु) वर्षीय गुमशुदा बालक को उसके परिजनों से मिलाया बुधवार को माधोटांडा के गोमती उद्गम स्थल से ये बच्चे अपने परिजनों से बिछड़ गये थे घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गवाएं भीड़–भाड़ वाले जगह मे तलाश तेज की और कुछ ही समय में पुलिस की मेहनत रंग लाई और सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को उसके असली माता–पिता को सौंप दिया गया अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजन भावुक हो गए और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया और ट्टध पीलीभीत और मिशन शक्ति टीम थाना माधोटांडा पुलिस के इस कार्य की जनता द्वारा खूब प्रशंसा की जा रही है, जिससे पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ा है।

## धान क्रय केंद्र पर हंगामा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कृषि उत्पादन मंडी समिति में लगे पीसीयू धान क्रय केंद्र प्रभारी महेश प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा कि दिनांक 6 नवंबर को समय लगभग 11:00 बजे केंद्र पर बैठा था। कि किसान सुखजीत सिंह आया और धान की तौल को लेकर गली गलौज करने लगा साथ ही जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए केंद्र पर सरकारी अभिलेख में एक रजिस्टर फाड़ दिया जबकि सुखजीत सिंह लगभग अन्य केदो पर 800 कुंतल तुला चुका है। इसकी भी जांच करने की मांग केंद्र प्रभारी ने की है।फिर लगभग 3:00 बजे किसान नेता रंजीत सिंह कहलो को लेकर आया सुखजीत सिंह ने गाली गलौज की और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया तभी दूसरे केंद्र के प्रभारी सिद्धार्थ सिंह एवं हैंडलिंग ठेकेदार के प्रतिनिधि आरिफ खान ने बीच–बचाव कराया केंद्र प्रभारी ने कोतवाली पुलिस को पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## किसान सेवा समिति ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील परिसर में पतंजलि किसान सेवा समिति के पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन चीनी मिल प्रबंधक को सौंपा। ज्ञापन में किसानों के हित से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। किसानों का कहना है कि चीनी मिल को एक नंबर से चालू हो जानी चाहिए थी, उसके बाद भी अभी तक चीनी मिल शुरू नही की गई, चीनी मिल शुरू कराने की मांग की है।ताकि किसानों की गन्ना फसल समय से पेराई के लिए जा सके। इसके साथ ही गन्ने का मूल्य 450 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित करने की मांग की गई। समिति ने कहा कि बढ़ती महंगाई और कृषि लागत के अनुपात में वर्तमान गन्ना मूल्य किसानों के हित में नहीं है। किसानों ने यह भी मांग की कि बीते वर्षों का गन्ना भुगतान शीघ्र कराया जाए ताकि किसानों को आर्थिक राहत मिल सके। ज्ञापन में धान खरीद से जुड़ी अनियमितताओं पर भी सवाल उठाए गए। किसानों ने बताया कि मंडियों में तौल व खरीद प्रक्रिया में हो रही मनमानी के कारण उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ ही मंडी परिसर में किसानों के लिए पेयजल, शौचालय और छायादार स्थान जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराने की मांग की गई।पतंजलि किसान सेवा समिति ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलनात्मक रुख अपनाया जाएगा। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं, और उनकी उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पराली जलाने से बढ़ा प्रदूषण का खतरा प्रशासनिक आदेश हो रहे नाकाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। पराली जलाने की समस्या एक बार फिर गहराने लगी है। सुप्रीम कोर्ट और प्रदेश सरकार के स्पष्ट आदेशों के बावजूद क्षेत्र में किसान पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसके चलते वातावरण में धुएँ और जहरीले तत्वों की मात्रा तेजी से बढ़ रही है, जो मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है।

चकफाजिलपुर मौजा चक्कारीभीट में जलाई गई पाँच बीघा पराली- बल्दीराय तहसील के थाना क्षेत्र के चकफाजिलपुर मजरे चक्कारीभीट निवासी राजभवन वर्मा ने लगभग पाँच बीघे खेत में धान की पराली को आग के हवाले कर दिया। धुआँ फैलने से आसपास के ग्रामीणों को साँस लेने में परेशानी हुई। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के कार्यों को देखकर अन्य किसान भी पराली जलाने के लिए प्रेरित होते हैं, जिससे प्रदूषण का स्तर और बढ़ता जा रहा है।

'सरकारी आदेशों की उड़ रही धज्जियाँ'

सुप्रीम कोर्ट और उत्तर प्रदेश सरकार ने पराली जलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया है। शासन द्वारा पराली प्रबंधन हेतु किसानों को आधुनिक यंत्रों, जैसे रीपर-बैलर, स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम आदि के लिए अनुदान भी दिया जा रहा है, ताकि किसान पराली को खेत में मिलाकर मिट्टी की उर्वरता बढ़ा सकें। इसके बावजूद क्षेत्र में प्रशासनिक निगरानी की कमी के चलते किसान खुलेआम आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। 'पराली जलाने से बढ़ता प्रदूषण और बीमारियाँ' -विशेषज्ञों के अनुसार पराली जलाने से निकलने वाला धुआँ वातावरण में कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सूक्ष्म धूलकणों की मात्रा बढ़ाता है। इससे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, खाँसी, आँखों में जलन और साँस की बीमारियाँ बढ़ जाती हैं। साथ ही, यह मिट्टी की उर्वरता घटाकर पर्यावरणीय असंतुलन पैदा करता है।

'प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग'

ग्रामीणों ने मांग की है कि तहसील प्रशासन ऐसे किसानों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएँ न दोहराई जाएँ। पर्यावरण की सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य के हित में पराली जलाने की प्रवृत्ति पर तत्काल रोक आवश्यक है।

# अब गांव–गांव विकास पहुंचा बस लोग ढूंढ नहीं पा रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने घोषणा की कि अब अपराधियों की नहीं चलने वाली। हालांकि जनता में चर्चा है कि अपराधी भी यही बात पिछले चुनाव से सुन रहे हैं और हर बार उनका मनोबल ललविकासङ्क के साथ बढ़ता ही जा रहा है।

नंदी ने नगर में ऐस्प्रा ज्वेलर्स के 13वें शोरूम का उद्घाटन करते हुए बताया कि हर गांव, हर गली तक विकास की रोशनी पहुंच रही है। ग्रामीणों ने सहमति जताई बस थोड़ी दिक्कत है कि वो रोशनी किस दिशा से आ रही है, ये अब तक कोई पकड़ नहीं पाया। मंत्री ने कहा अपराधी और माफिया भयभीत हैं। शायद इसलिए अब वो खुलेआम इंटरव्यू देने से बचते हैं सीधे सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर वार करते हुए बोले कि अब कोई अपने बच्चे का नाम राहुल नहीं रखता। हालांकि एक चुटकी लेते हुए लोगों ने कहा साहब, महंगाई और बेरोज़गारी के दौर में लोग अब बच्चे भी कम रख रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं, व्यापारियों और शहर के गणमान्य नागरिकों की भीड़ जुटी कुछ विकास देखने, कुछ सेल ऑफर का लाभ लेने पहुंचे। शोरूम में खास योजनाएं घोषित की गईं, क्योंकि सुनहरी बातें और सोने के जेवर दोनों ही जनता का मन चमकाने का पुराना तरीका हैं।

## जायस में पति पत्नी की एक साथ उठी अर्थियां

अमेठी । थाना जायस क्षेत्र से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। निखई वार्ड निवासी आकाश और उसकी पत्नी ज्योति की एक ही घर से एक साथ उठीं अर्थियां देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। विवाह को अभी महज़ एक वर्ष ही हुआ था मगर किस्मत ने दोनों को मौत के बंधन में भी एक साथ जोड़ दिया।जानकारी के अनुसार ज्योति का प्रसव पीड़ा के चलते जिला अस्पताल असैदापुर में इलाज चल रहा था जहां पर हालत गम्भीर होते देख चिकित्सकों ने रायबरेली स्थित एम्स अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां पर उसका इलाज चल रहा था।इलाज के दौरान बुधवार रात ज्योति ने दम तोड़ दिया। पत्नी की मौत की खबर सुनते ही पति आकाश सदमे को सहन नही कर सका और कुछ ही घंटों बाद उसकी भी सांसें थम गईं।गुरुवार की सुबह जब एक ही घर से दो अर्थियां एक साथ उठीं तो पूरे मोहल्ले में कोहराम मच गया। चारों ओर से विलाप की आवाज़ें गूंज उठीं। लोगों की आंखें आंसुओं से भर आईं। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर में दंपत्ति का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित सैकड़ों लोगो ने शामिल होकर नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# कलक्ट्रेट तिराहे पर बनाए गए सेल्फी पॉइन्ट का जिला जज ने किया लोकार्पण

## नगर पालिका द्वारा किया गया सौंदर्यीकरण चारों तरफ हो रही प्रशंसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा कलक्ट्रेट तिराहे पर बनाए गए सेल्फी पॉइंट का लोकार्पण जिला जज रविन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल, जिला जज की पत्नी आरती भी लोकार्पण में साथ रहीं। कलक्ट्रेट तिराहे का सौंदर्यीकरण करके रंग बिरंगे फब्बारे लगाए गए हैं और सेंटर में किताब और ग्लोब बनाया गया है।

गुरुवार शाम कलेक्ट्रेट तिराहे पर किए गए सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया गया। काफी संख्या में अधिवक्ता और शहर के लोगों के साथ सभासद और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया कि सेल्फी पॉइन्ट पर लगाई गई फुलवारी की देखरेख के लिए हर दूसरे दिन माली की ड्यूटी लगाई गई है। जिला जज से सुझाव मांगा गया तो उन्होंने कहा कि पुस्तक पर सत्यमेव जयते लिखवाया जाना चाहिए। जिला जज को अवगत कराया गया कि एक-दो दिन में लिखवाया जाएगा। सेल्फी प्वाइंट के सभी और जानवरों से बचाव के लिए फेंसिंग भी की जाएगी।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, ईओ संजीव कुमार, संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा एडवोकेट, सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरोज बाजपेई, सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, सभासद शिवम श्रीवास्तव, सुनीता सिंह, शरीफ अंसारी, विपिन कुमार उर्फ राजू फौजी, वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, निर्मल सिंह टीटू, राशिद हुसैन, अनस अंसारी, निजाकत अली कादरी, विकास बाबू, अखिलेश मिश्रा, मोनू मिश्रा, सुरेश, रोहित रॉय सहित काफी संख्या में अधिवक्ता और शहर के लोग मौजूद रहे। सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन होने के बाद काफी देर तक शहर के लोग वहां पर सेल्फी लेने पहुंचते रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर धनाराघाट के शारदानदी में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम, सुरक्षा और व्यवस्था में जुटा प्रशासन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के धनाराघाट के शारदानदी पर मंगलबार रात से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा पावन अवसर कार्तिक पूर्णिमा पर दूर–दराज़ से आए हज़ारों श्रद्धालुओं ने मां शारदा की आराधना की और शारदा नदी में पवित्र स्नान कर पुण्य अर्जित किया भोर की पहली किरण के साथ ही घाटों पर आस्था का ज्वार दिखाई देने लगा। श्रद्धालु ललहर हर गंगे, जय मां शारदाङ्क के जयघोष के साथ शारदा नदी में डुबकी लगाते दिखे इस दौरान पूरे क्षेत्र में घंटों की गूंज और भक्ति–गीतों की स्वर–लहरियां वातावरण को आध्यात्मिक बना रही थीं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में दीपदान कर अपने परिवार की सुख–समृद्धि की कामना करती नजर आईं भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे पुलिस, होमगार्ड और एनडीआरएफ की टीमें घाटों पर तैनात रहीं प्रशासन ने मेले में मेडिकल कैंप और सफाई और पेयजल की व्यवस्था संभाली पूरनपुर एसडीएम ने बताया ललश्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है नदी के किनारों पर सुरक्षा घेरा बनाया गया है नाव का संचालन बन्द कर दिया गया और लगातार निगरानी रखी जा रही है।वही लोगो को कहना है धार्मिक आस्था से जुड़ी स्थानीय मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन शारदा नदी में स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है कहा जाता है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था, इसलिए यह तिथि विशेष पुण्यदायी मानी जाती है मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ–साथ स्थानीय व्यापारियों के लिए भी यह दिन उत्साह का रहा। प्रसाद, खिलौने, आभूषण की दुकानों पर भीड़ लगी रही स्थानीय लोग इसे आर्थिक दृष्टि से भी शुभ मानते हैं क्योंकि इससे क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा मिलता है कार्तिक पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर धनारा घाट एक बार फिर आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया श्रद्धालुओं की भीड़ और प्रशासन की मुस्तैदी ने इस धार्मिक पर्व को शांति और अनुशासन के साथ संपन्न किया हैं।

# लोकाधिकार सेवा समिति द्वारा 4246 दिव्यांगों को मुफ्त कंबल वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। गरीबों के मसीहा स्वर्गीय चंद्रशेखर शुक्ल 'बेबी भइया' द्वारा आरंभ की गई सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए लोकाधिकार सेवा समिति ने सेवा के 21वें वर्ष में सुलतानपुर स्थित कमला हॉस्पिटल, जयसिंहपुर रोड, बरौंसा में दिव्यांगजनों हेतु मुफ्त कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बेबी भइया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत कुल 4246 जरूरतमंद दिव्यांग लाभार्थियों को कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और संतोष के भाव झलक उठे। शिविर का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, विधायक राजेश गौतम, एसपी (पीटीएस) बृजेश कुमार मिश्र आईपीएस, भाजपा नेता डॉ. सीताशरण त्रिपाठी, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम चौहान, दोसपुर प्रमुख प्रतेश सिंह बंटी, कूरेभार प्रमुख नवनीत सिंह, तथा मोतीगरपुर प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

सभी अतिथियों का स्वागत साल,स्मृति चिन्ह पुष्पगुच्छ एवं संकल्प पत्रिका भेंटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल 'रिंकू भइया' एवं जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. सी.बी. शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य नंदन चौबे, प्रधान प्र.रौनक सिंह, प्रधान प्र.रमन सिंह, हैपी सिंह, अतुल पांडेय, रामविशाल यादव, मकसूद अहमद, सुनील कसौधन, भाजपा नेता रत्नेश तिवारी, हरिशंकर वर्मा, रामजीत पाल, बाबा शुक्ला, राजनारायण यादव, प्र. शैलेश सिंह, राधेश्याम वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में समिति पदाधिकारी संदीप दुबे, संजीत सिंह, नवीन सिंह, आदेश मिश्र, डॉ. नीरज पांडेय, सिंटू श्रीवास्तव, वशिष्ठ पांडेय, गौरव पांडेय, आशुतोष पांडेय, परिक्रमा सिंह, गुरु प्रसाद मिश्रा, आकाश दुबे, प्रदीप जायसवाल, अंजनी यादव, महेश यादव, सुनील वर्मा, अमित तिवारी, अमित शुक्ला, महेश तिवारी, लक्ष्मीकांत शुक्ला, पंच बहादुर वर्मा, राजेश तिवारी आदि की प्रमुख भूमिका रही।इसी कड़ी में समिति ने सूचित किया है कि 7 नवंबर दिन शुक्रवार को सुबह 9 बजे से कमला हॉस्पिटल पर मुफ्त नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। सभी जरूरतमंद लाभार्थियों से समय पर पहुँचकर सेवा का लाभ लेने की अपील की गई है।

## सम्पादकीय

# भयावह असमानता

उदारीकरण व वैश्वीकरण के दौर के बाद पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता अपने चरम पर जा पहुंची है। एक तरफ लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सड़कों पर उतर रहे हैं तो दूसरी ओर अमीर से और अमीर होते लोगों की विलासिता के किस्से तमाम हैं। जिस बात की पुष्टि स्वतंत्र विशेषज्ञों के जी-20 पैनल द्वारा किए एक अध्ययन के निष्कर्षों में की गई है। इस अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 और 2024 के बीच दुनिया भर में बनी नई संपत्तियों का बड़ा हिस्सा दुनिया के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास है। जबकि निचले स्तर की आधी आबादी के हिस्से में एक प्रतिशत ही आया है। निस्संदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब गुरबत के दलदल से बाहर आने के लिए छटपटा रहे हैं। इस आर्थिक असमानता का ही नतीजा है कि अमीर व गरीब के बीच संसाधनों का असमान वितरण और बदतर स्थिति में पहुंच गया है। निस्संदेह, पैनल की हालिया रिपोर्ट नीति-निर्माताओं को असमानता के इस बढ़ते अंतर को पाटने के तरीके तलाशने और नये साधन खोजने के लिये प्रेरित करेगी। पिछले ही हफ्ते, केरल सरकार ने दावा किया था कि राज्य ने अत्यधिक गरीब तबके की गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने इन दावों को लेकर संदेह जताया है। वहीं दूसरी ओर राज्य के विपक्ष ने भी इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद राज्य में जन-केंद्रित विकास और सामुदायिक भागीदारी के लाभों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निस्संदेह, इस पहल ने हजारों अत्यंत गरीब परिवारों को भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के बेहतर साधनों तक पहुंचने में मदद की है। इसमें दो राय नहीं कि यदि सरकारें वोट बैंक की राजनीति से इतर ईमानदारी से पहले करें तो गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक पहल की जा सकती है। चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की तेजी से बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह एक हकीकत है कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं हो सकती। इस तरह की लोकलुभावनी कोशिशों से राज्यों का वित्तीय घाटा ही प्रभावित होता है। जिसकी कीमत लोगों को विकास योजनाओं से दूर रहकर ही चुकानी पड़ती है। जनता को मुफ्त में सुविधाएं देने के बजाय ऋण व अनुदान से उत्पादकता बढ़ाकर उन्हें स्वावलंबी बनाना होगा। प्रत्येक चिन्हित गरीब परिवार के लिए सूक्ष्म योजनाएं तैयार करना और उन्हें क्रियानवित करना उचित होगा। निस्संदेह, देश के अन्य राज्य भी अपनी जरूरतों और परिस्थितियों के अनुसार केरल के मॉडल को अपना सकते हैं। इसमें केंद्र व राज्य सरकारों को अनुकूल आंकड़ों का सहारा लेना भी जरूरी होगा। इस साल की शुरुआत में, विश्व बैंक ने बताया था कि भारत 2011-12 और 2022-23 के बीच 17 करोड़ लोगों को गरीबी की दलदल से बाहर निकालने में सफल रहा है। केंद्र सरकार ने अपने काम के लिये खुद की पीठ भी थपथपाई थी। हालांकि, गरीबी के अनुमानों की रिपोर्टिंग की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाये गए थे। निर्विवाद रूप से सभी हितधारकों को यह तथ्य समझना होगा कि केवल संख्याएं ही पूरी तस्वीर को नहीं उकेर सकती हैं। गरीबी कम करने के प्रयासों के दावों के मुताबिक जमीनी स्तर पर गुणात्मक बदलाव नजर भी आना चाहिए। हालांकि, अर्थशास्त्री आमतौर पर संपत्ति कर लगाने के पक्षधर नहीं होते हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अति-धनी लोग सरकारी खजाने में अपना उचित योगदान दें। अब चाहे कोई अमीर हो या गरीब, सबका ध्यान विकास पर केंद्रित किया जाना चाहिए। तभी देश उत्पादकता के क्षेत्र में आगे बढ़कर गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकता है।

# शिशु सुरक्षा के लिए उठाने होंगे ठोस कदम

**शिशु सुरक्षा दिवस पर विशेष**

**देश में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और शिशु जन्म दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। 2023 की नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) रिपोर्ट के मुताबिक देश में शिशु मृत्यु दर न्यूनतम 25 पर आ गई है। 2013 में 40 के मुकाबले इसमें 37.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, शिशु जन्म दर में पिछले 10 साल में 14 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। 2013 में ये दर 21.4 प्रतिशत थी अभी ये 18.4 प्रतिशत है। आइएमआर एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संकेतक है, जिसे एक वर्ष से कम आयु के पैदा होनेवाले प्रति 1,000 शिशुओं पर होनेवाली मौतों की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह संख्या जितनी कम होगी स्वास्थ्य सेवा की पहुंच उतनी ही बेहतर मानी जाएगी। एसआरएस रिपोर्ट के मुताबिक 1971 में शिशु मृत्यु दर के मुकाबले 2023 में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बाल मृत्यु दर प्रति हजार पर 37 दर्ज की गई है। वहीं, मणिपुर में ये आंकड़ा तीन का है। 21 राज्यों में केरल ही एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जहां शिशु मृत्यु दर इकाई में दर्ज की गई है। राज्य में ये आंकड़ा 5 का है और मणिपुर के बाद ये दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट में ग्रामीण क्षेत्रों में ये आईएमआर 44 से घटकर 28 पर आ गई है। वहीं शहरी इलाकों में 27 से घटकर 18 पर आंकी गई है। इस तरह 10 साल में इस दर में 36 प्रतिशत और 33 प्रतिशत की गिरावट क्रमशः दर्ज की गई है। शिशु जन्म दर में भी गिरावट का रुख रिपोर्ट में शिशु जन्म दर में भी गिरावट का रुख दर्ज किया गया है। ये दर जनसंख्या वृद्धि का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है।**

हर साल 07 नवम्बर को शिशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शिशु सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रारंभिक स्वास्थ्य देखभाल, पोषण, टीकाकरण और माता-पिता की शिक्षा को बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर को कम करने पर केंद्रित है। दुनिया भर में लाखों शिशु अभी भी संक्रमण, कुपोषण और चिकित्सा सुविधा की कमी जैसे रोकथाम योग्य कारणों से मर जाते हैं। यह दिवस समाज और सरकारों को यह याद दिलाता है कि वे हर बच्चे के जीवन में एक स्वस्थ शुरुआत के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए और अधिक ठोस कदम उठाएँ। भारत और कई अन्य देशों में शिशु संरक्षण दिवस मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी पहलों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसे कार्यक्रम शिशुओं की प्रारंभिक देखभाल में सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह दिवस माता-पिता को स्वस्थ विकास सुनिश्चित करने के लिए उचित आहार, स्वच्छता और टीकाकरण के नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। नवजात शिशुओं की उचित सुरक्षा ना हो पाने के कारण दुनिया में बहुत सारे बच्चे मौत के आगोश में चले जाते है। हालांकि सरकार ने इसे रोकने कि दिशा में सार्थक प्रयास किये है। जिनकी बदौलत देश में शिशु मृत्यु दर में कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के अनुसार देश 2030 तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है। भारत में नवजात बच्चों की मौतों के मामलों में सरकार के लिए बीते 77 साल बड़ी चुनौती भरे रहे हैं। हालांकि इसमें लगातार कमी आ रही है। देश में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और शिशु जन्म दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। 2023 की नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) रिपोर्ट के मुताबिक देश में शिशु मृत्यु दर न्यूनतम 25 पर आ गई है। 2013 में 40 के मुकाबले इसमें 37.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, शिशु जन्म दर में पिछले 10 साल में 14 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। 2013 में ये दर 21.4 प्रतिशत थी अभी ये 18.4 प्रतिशत है। आइएमआर एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संकेतक है, जिसे एक वर्ष से कम आयु के पैदा होनेवाले प्रति 1,000 शिशुओं पर होनेवाली मौतों की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह संख्या जितनी कम होगी स्वास्थ्य सेवा की पहुंच उतनी ही बेहतर मानी जाएगी। एसआरएस रिपोर्ट के मुताबिक 1971 में शिशु मृत्यु दर के मुकाबले 2023 में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बाल मृत्यु दर प्रति हजार पर 37 दर्ज की गई है। वहीं, मणिपुर में ये आंकड़ा तीन का है। 21 राज्यों में केरल ही एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जहां शिशु मृत्यु दर इकाई में दर्ज की गई है। राज्य में ये आंकड़ा 5 का है और मणिपुर के बाद ये दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट में ग्रामीण क्षेत्रों में ये आईएमआर 44 से घटकर 28 पर आ गई है। वहीं शहरी इलाकों में 27 से घटकर 18 पर आंकी गई है। इस तरह 10 साल में इस दर में 36 प्रतिशत और 33 प्रतिशत की गिरावट क्रमशः दर्ज की गई है। शिशु जन्म दर में भी गिरावट का रुख रिपोर्ट में शिशु जन्म दर में भी गिरावट का रुख दर्ज किया गया है। ये दर जनसंख्या वृद्धि का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। इसके तहत सालभर में प्रति हजार जनसंख्या पर जीवित शिशुओं की संख्या बताई जाती है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच दशकों में जन्म दर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ये दर 1971 के 36.9 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 18.4 प्रतिशत पर आ गई है। इस दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में शिशु जन्म दर करीब-करीब बराबर हो गई है। पिछले 10 वर्ष में जन्म दर 21.4 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 18.4 प्रतिशत पर आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दशक में जन्म दर में लगभग 14 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो 2013 में 21.4 से घटकर 2023 में 18.4 हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 11 प्रतिशत घटकर 22.9 से 20.3 हो गई है। वहीं शहरी क्षेत्रों में यह 17.3 से घटकर 14.9 हो गई है, जो लगभग 14 प्रतिशत है। बिहार में 2023 में सबसे ज्यादा जन्म दर 25.8 दर्ज की गई, जबकि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 10.1 के साथ सबसे कम पर था। रिपोर्ट में कहा गया है कि चंडीगढ़ में सबसे कम मृत्यु दर 4 और छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा 8.3 दर्ज की गई। भारत ने पिछले सात दशकों में भले ही चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति करते हुए शिशु मृत्यु दर पर काबू पाया है। लेकिन आज भी शिशुओं की मौत बड़ा सवाल है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम रिपोर्ट 2023 के अनुसार देश में शिशु मृत्यु दर में काफी सुधार देखा गया है। ये साल 2013 में हर 1000 जन्मे बच्चों में से 40 से घटकर अब 25 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। यानी कि मृत्युदर में 37.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। देश में स्वास्थ्य सम्बन्धी चीजों की कमी के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है। सरकारों ने इस समस्या से निपटने के लिए बहुत सी योजनायें लागू की है। मगर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा जागरूकता की कमी के कारण शिशुओं की मृत्यु दर में पूर्णतया कमी नहीं आई है। उचित पोषण के भाव में अब भी कई बच्चे दम तोड़ देते है। ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की कमी एवं प्रशिक्षित नर्सो व दाइयों की कमी के कारण भी विभिन्न प्रकार की समस्यायें उत्पन्न होती है। 2025-26 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का अनुमानित व्यय 99,859 करोड़ रुपए है। यह 2024-25 के संशोधित अनुमानों से 11% अधिक है। जो 2025-26 के लिए केंद्र सरकार के कुल बजट का लगभग 1.97 % है। यह राशि कम है इसे बढ़ाना होगा तभी भारत में नवजात शिशुओं की मौत पर रोक लगायी जा सकती है। शिशु सुरक्षा सिर्फ सरकार की ही नहीं वरन सभी की जिम्मेदारी है। सभी को एकजुट होकर इसके लिए आगे आना होगा तब जाकर हम अपने देश के शिशुओं की सुरक्षा के मामले में अन्य देशों की तुलना में ऊपरी पायदान पर आ पाएंगे। शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार शिशु जन्म के एक घंटे के भीतर मां का दूध पिलाना चाहिए। मा के गाढ़े पीले दूध में सर्वाधिक मात्रा में संक्रमण-रोधी तत्त्व मौजूद होता है। जिसे कोलोस्ट्रम कहा जाता है। इसमें बड़ी मात्रा में विटामिन ए के साथ 10 प्रतिशत तक प्रोटीन होता है। जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम होता है। 6 माह तक शिशुओं को केवल स्तनपान कराया जाना चाहिए। जिसमें मां के दूध के अलावा कोई अन्य दूध, खाद्य पदार्थ,पेय पदार्थ और यहां तक पानी भी नहीं पिलाना चाहिए। इससे शिशु डायरिया, निमोनिया,अस्थमा एवं एलर्जी से बचा रहता है। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में भारत के स्वास्थ्य खर्च को दुनिया के औसत और अन्य विकासशील और विकसित देशों से काफी नीचे छोड़ देता है। भारत का खर्च नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों से तो ज्यादा है। मगर यूनाइटेड किंगडम, न्यूज़ीलैंड, फ़िनलैंड, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की तुलना में जो अपने कुल सकल घरेलू उत्पाद का 9 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य पर खर्च करते हैं उनसे भारत बहुत पीछे है। इसी तरह, जापान, कनाडा, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, जर्मनी स्वास्थ्य सेवाओं पर अपनी कुल जीडीपी का कम से कम 10 प्रतिशत खर्च करते हैं। वहीं, अमेरिका अपनी जीडीपी का करीब 16 फीसदी स्वास्थ्य पर खर्च करता है। बजट में स्वास्थ्य आवंटन में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली और प्रौद्योगिकी में सुधार पर जोर देना चाहिए। स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। **-रमेश सर्राफ धमोरा**

# कैंसर का फैलता जाल और समाज की चुप्पी

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

कैंसर! किसी भी व्यक्ति के लिए यह एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में यह एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है। भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का देर से पता चलता है और कई बार तो बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है। यह भी जान लें कि 'कैंसर' आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो इसके कई कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है। हालांकि कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं।

## सेहत मंत्र

# प्रदूषण की वजह से हो सकता है टॉन्सिलाइटिस

बदलते मौसम और हवा की गुणवत्ता में गिरावट आने की वजह से इन दिनों कई लोगों को गले में दर्द या ख़राश की शिकायत रहती है। आमतौर पर गले में ख़राश या दर्द होने पर लोग खुद से उपाय करते हैं, लेकिन बेहतर यही है कि गले में दर्द बढ़ने पर घरेलू नुस्खे या खुद से कोई दवा लेने की जगह सीधे डॉक्टर से संपर्क किया जाए। खासतौर पर ऐसे वक्त जब कोरोना वायरस संक्रमण का कहर अब भी जारी है। ऐसा इसलिए क्योंकि गले का दर्द कई तरह के इंफ़ेक्शन के साथ टॉन्सिलाइटिस का शुरुआती लक्षण भी हो सकता है। अगर समय पर इसका इलाज न हुआ तो दर्द बहुत अधिक बढ़ सकता है और साथ ही बुखार भी आ सकता है। हमारे गले के दोनों तरफ अंग हैं जिन्हें टॉन्सिल्स कहा जाता है। किसी तरह के बैक्टीरिया या इंफ़ेक्शन के संपर्क में आने पर इनमें सूजन आ जाती है, जिससे कुछ भी खाने-पीने के साथ सलाइवा निगलने में भी बेहद दर्द होता है। आमतौर पर इनका रंग हमारी जीभ जैसा यानी गुलाबी रंग का होता है लेकिन इंफ़ेक्शन होने पर यह सुर्ख लाल हो जाते हैं और इन पर सफ़ेद स्पॉट भी दिखाई देने लगते हैं। टॉन्सिलाइटिस होना इस बात का संकेत होता है कि आपका शरीर संक्रमण की चपेट में आ चुका है। प्रदूषित वातावरण में रहने से दिल और फ़ेफड़ों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचता है।

ऐसे होते हैं लक्षणः गले में दर्द और खराश, गले से लेकर कानों तक दर्द होना, निगलने में दिक्कत होना, बुखार आना, आवाज़ प्रभावित होना, गले में दर्द के साथ सिरदर्द होना, टॉन्सिल्स में दर्द होना और गला सूज जाना, छोटे बच्चों में इसके कारण पेट में दर्द जैसे लक्षण भी होते हैं, गर्दन में दर्द।

कैसे होता है टॉन्सिलाइटिस?

टॉन्सिलाइटिस टॉन्सिल के जीवाणु या वायरल संक्रमण के कारण होता है। टॉन्सिलाइटिस के ज़्यादा मामले वायरल इंफ़ेक्शन की वजह से ही होते हैं और बाकि बैकटीरियल टॉन्सिलाइटिस स्ट्रेप्टोकोकस योजीन की वजह से होते हैं।

वो वायरस जो टॉन्सिलिटिस इंफ़ेक्शन की वजह बन सकते हैंः पैराइंफ्लूएंज़ा वायरस, मीज़ल्स वायरस, हर्पीज़ सिम्प्लेक्स वायरस, इंफ्लूएंज़ा वायरस ।

## धर्म मंत्र

# महाकाल के दर्शन मात्र से ही दूर हो जाते हैं सभी काल

भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख स्थान रखने वाले मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित 'महाकालेश्वर' मंदिर, किसी परिचय का मोहताज नहीं है। बता दें कि कुछ दिनों पहले ही एक उत्तर प्रदेश के कानपुर के एक बदमाश विकास दुबे के महाकाल के मंदिर से गिरफ्तार किए जाने के बाद इस मंदिर की चर्चा लगातार हो रही है। महाकालेश्वर मंदिर के निर्माण और स्थापना को लेकर भी बहुत सारी कहानियां प्रचलित हैं और इनका पुराणों तक में वर्णन है। पुराणों के अनुसार कहा जाता है कि जब सृष्टि की रचना हो रही थी, उस समय सूर्य की 12 रश्मियां सबसे पहले धरती पर गिरीं और उन्हीं से धरती पर 12 ज्योतिर्लिंगों की स्थापना हुई। उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग भी उन्हीं सूर्य रश्मि से उत्पन्न हुआ एक ज्योतिर्लिंग है। कहा जाता है कि उज्जैन की पूरी धरती 'उसर' यानी की उपजाऊ नहीं है और इसलिए इसे शमशान भूमि भी कहा जाता है। यहां स्थित महाकालेश्वर का मुख भी दक्षिण दिशा की ओर है, इसीलिए तंत्र मंत्र की क्रिया करने वाले लोग विशेष रूप से इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। महाकाल के इस मंदिर में और भी बहुत सारे देवी देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं, जिसमें माता पार्वती और गणेश तथा कार्तिकेय भगवान का नाम आता है। इतना ही नहीं, महाकाल की नगरी उज्जैन में हर सिद्धि भगवान, काल भैरव भगवान, विक्रांत भैरव आदि देवताओं के भी मंदिर स्थापित हैं।

## पर्यटन



# रोमांटिक ट्रिप के लिए बेस्ट है भूटान!

सर्दियां बस अब कुछ ही दिनों में दस्तक देने के लिए तैयार हैं और इसी के साथ सभी रोज़मर्रा की ज़िंदगी और काम से कुछ दिन की छुट्टी लेकर अपने पार्टनर के साथ समय बिताया चाहेंगे। किताब पढ़ने से लेकर चाय पीने या फिर सिर्फ साथ में खाना बनाने तक, अपने शरीर और दिमाग़ को तरोताज़ा करने के लिए कभी कभीसिर्फ अपने पार्टनर के साथ कुछ समय बिताना ही काफी होता है। अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ कुछ समय एकांत में बिताना चाह रहे हैं तो बिना कुछ सोचे समझे भूटान के पारो शहर के लिए निकल जाएं। भूटान की ये सबसे हरी भरी घाटी खूबसूरत नदी पारो के पास है। जब आप पारो में हों तो कुछ चीज़ें हैं जो आपको ज़रूर करनी चाहिए। जंगस्ता डुन्गत्से ल्हाखंग मंदिर- अपनी लिस्ट में सबसे ऊपर उस मंदिर को रख सकते हैं। इसे सन 1421 में सेंट थैंगटॉन्ग ग्यालपो ने बनवाया था। इस मंदिर की खूबसूरती इसकी बौद्ध स्टाइल की इमारत है, जो आपको भूटान में देखने को नही मिलती। यह जगह आपको निश्चित तौर पर मंत्रमुग्ध कर देगी। चेले ला पास- बर्फ से ढकी चोटियां और विचित्र छोटे शहरों के साथ खड़ा ये पहाड़ सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है जिसे आपने कभी नहीं देखा होगा। हरी-भरी घाटियां और पहाड़ी परिदृश्य के साथ ये जगह बेहद लुभावनी है। 3810 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ये भूटान का सबसे ऊंचा रोड पास है। इसके साथ ही आपको माउंट जोमोल्हारी और माउंट जिकू ड्रेक को देखने का मौका भी मिलेगा। पारो विकेंड मार्केट- आप दुनिया के किसी भी कोने में घूमने जाएं वो ट्रिप शॉपिंग के बिना हमेशा अधूरी रहेगी। पारो में भी विकेंड पर खास मार्केट लगता है जहां आप अपने दोस्तों और परिवार के लिए खूबसूरत भूटान की यादगार चीज़ों खरीद सकते हैं। पारंपरिक पहनावे के अलावा कीरा और पूजा करने का वील भी ले सकते हैं। ज़ुरी जॉन्ग फोर्ट- हा घाटी भूटान की सबसे प्यारी और छोटी सी जगह है। इस जगह आपको अपने पार्टनर के साथ ज़रूर जाना चाहिए। यह पांच मंज़िल का ऊंचा नुकीला ढांचा है जिसे पुराने समय में बनाया गया था और आज भी दो दीवारों और एक पुल द्वारा सुरक्षित खड़ा है। पारो भूटान में घूमने के लिए यह सबसे अच्छी जगहों में से एक है।

# मुख्यमंत्री योगी की जनसभा, प्रशासन ने कसी कमर, साकेत सक्रिय

## रन फॉर यूनिटी जनसभा को संबोधित करेंगे महाराज जी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित रन फॉर यूनिटी की समापन जनसभा को संबोधित करेंगे।यह जनसभा आगामी 11 नवंबर को फतेहपुर - भगौली मार्ग स्थित झांसा पुरवा गांव के मैदान में आयोजित होगी। सीएम के आगमन को लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।गुरुवार को विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों संग जनसभा स्थल का



मुआयना किया। सुरक्षा बंदोबस्त,पार्किंग,यातायात नियंत्रण,रूट डायवर्जन , हैलीपैड निर्माण सहित तमाम पहलुओं पर विचार विमर्श करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी,पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ,सीडीओ अ.सूदन, एडीएम निरंकार सिंह सहित सभी विभागों के आलाधिकारी मौजूद रहे।

### जनसभा को लेकर बैठकों का दौर

निंदूरा फतेहपुर के ग्राम झासा पुरवा में सीएम योगी के आगमन को लेकर तैयारियों की समीक्षा हेतु गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और स्वागत व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री शीलरत्न मीहिर, पूर्व जिला अध्यक्ष शशांक व पंचायत प्रकोष्ठ संयोजक अरुण सिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीश रावत, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राजन सिंह, वरिष्ठ नेता मुनुआ काका उर्फ रमाकांत बाजपेई, तथा अनुसूचित मोर्चा संयोजक प्रदीप रावत,नीरज कुमार सहित सभी शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एबीएसए संजय के निरीक्षण में मिली खामी, नोटिस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकास खण्ड बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र के मुखिया संजय कुमार राय द्वारा बुनियादी शिक्षा में सुधार के दृष्टिगत प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण का क्रम जारी है। एबीएसए ने आज खंड क्षेत्र के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कंपोजिट विद्यालय अमहिया, प्राथमिक विद्यालय पूरे आहोर, कंपोजिट विद्यालय ढेमा, प्राथमिक विद्यालय बसायगपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय ढेमा में बच्चों में शिक्षा गुणवत्ता बहुत ही कमजोर थी।विद्यालय पूरे ओहार में बच्चों का नामांकन 81जबकि मौके पर 10 बच्चे उपस्थित पाए गए।श्री राय ने प्रधानाध्यापकों को फटकार लगाते हुए नोटिस जारी किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार पर दें जोर : जिला जज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से आज जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिभा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि, समस्त विभागों के नामित नोडल अधिकारीगण सम्मिलित हुए। प्रशासनिक भवन स्थित मीटिंग हाल में आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया। बैठक में राकेश कुमार सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण, बाराबंकी उपस्थित रहे।राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु मल्टीकलर पोस्टर तैयार कराये गये हैं जिन्हें न्यायालयों, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, ई-रिक्शा आदि पर चस्पा कराया गया है एवं पुलिस थानों एवं समस्त विभागों के कार्यालयों पर चस्पा कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# रक्तदान कर महादानी बने भाकियू के आधा दर्जन नेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट व भारतीय किसान संगठन के द्वारा रक्तदान का कार्यक्रम जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी की देखरेख में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में संपन्न हुआ जिसमें 6 किसान वीरेंद्र कुमार यादव राहुल वर्मा अली हसन सुभाष चंद्र इरफान अहमद राम सजीवन कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर महादानी बने कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने किया और बताया कि रक्तदान करने से किसी का जीवन बचाया जा सकता है खून की कमी से इस बार रक्तदान किया हुआ खून डेंगू के मरीजों के काम आया और उनकी जान बची किसान संगठन का यह सराहनीय कार्य रहा है जब अपने लोग खून देने से इनकार हो जाते हैं तब किसान संगठन आगे आकर रक्तदान



करके जीवन दान देने का कार्य करते हैं जीवन में इससे बड़ा पुण्य का कार्य और कुछ नहीं हो सकता है संगठन एक परिवार की तरह है एक दूसरे के काम आवे कार्यक्रम में उपस्थित ब्लड बैंक प्रभारी बीपी सिंह पंकज वर्मा जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी जिलाध्यक्ष केके गुड्डू यादव लाल यादव किसान नेता मंडल अध्यक्ष सतीश मौर्य जिला महासचिव अरविंद यादव शैलेंद्र मौर्य गौरी कश्यप दीपू यादव संजय यादव मोनू रस्तोगी आदि लोग उपस्थित रहे।

# विवादित स्थल पर पूजा करने के मामले में 21 महिलाओं पर मुकदमा दर्ज

एजेंसी

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में गुरुवार को पुलिस ने एक नामजद सहित 21 अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

बता दें कल कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महिलाएं विवादित स्थल पर पूजा करने जिद करने लगी पुलिस द्वारा रोकने पर महिलाओं ने पुलिस से जमकर अभद्रता की थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर रेड्डया मोहल्ला स्थित विवादित धार्मिक स्थल पर पुलिस-प्रशासन का सख्त पहरा है। बावजूद इसके कल शाम करीब 6 बजे कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तमाम महिलाएं पूजा और आरती के लिए विवादित स्थल की बैरिकेडिंग तक पहुंचकर दूर से ही विवादित स्थल की तरफ रुख कर पूजा-पाठ और आरती की थी।

ड्यूटी में तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने ऐसा न करने से रोकने का प्रयास किया और सदर कोतवाली पुलिस को तत्काल इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल तारकेश्वर राय ने महिलाओं को अपने अपने घरों में जाकर पूजा अर्चना करने की बात कही। आरोप है कि इससे नाराज महिलाओं ने गाली-गलौज करते हुए पुलिस वालों से अभद्रता की। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

कोतवाल तारकेश्वर राय ने बताया कि मामले में महिला आरक्षी मंजू सिंह की तहरीर पर एक नामजद सहित 21 अज्ञात महिलाओं के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों से अभद्रता करने पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

बता दें कि विवादित स्थल का मामला सिविल जज सीनियर की अदालत में विचाराधीन है। मामले की अगली सुनवाई 12 नवम्बर को होनी है। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के आह्वान पर बीते 11 अगस्त को शहर के कर्पूरी ठाकुर चौराहे पर हजारों की भीड़ इकट्ठा हुई थी और वहां से विवादित स्थल पर पहुंचकर तोड़फोड़ कर भगवा झंडा लहराते हुए पूजा पाठ किया गया था।

# कोटवा धाम में पशु बाजार गुलजार एसडीएम ने लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के तीर्थ श्रीकोटवाधाम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले मेला में पशु बाजार गुलजार है। यहां दूर-दराज से आए श्रद्धालु बाबा का प्रसाद स्वरूप दुधारू पशु खरीदकर अपने घरों को ले जा रहे हैं।

मेले में साहीवाल और जर्सी गायों के साथ-साथ अच्छी नस्ल की भैंसें और पंड़िया आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। पशु बाजार में विभिन्न जनपदों से खरीदार पहुंच रहे हैं, जिससे रौनक बनी हुई है। शमशाद मुजफ्फरनगर, शीतला और नान्हू मुजफ्फरनगर के पंडालों में जर्सी गायों और छोटी पंड़ियों की बिक्री जोरों पर है। पशु मेले में भैंस और पंड़िया 20 हजार से 75 हजार रुपये तक तथा अच्छी नस्ल की गायें 30 हजार से 60 हजार रुपये तक उपलब्ध हैं।पशु व्यापारी नवाब चौधरी ने बताया कि पशुओं की बिक्री आज से शुरू हुई है।



नान्हू मुजफ्फरनगर ने एक काली जर्सी गाय 28 हजार रुपये में बेची, जबकि एक पंड़िया 85 हजार में बिकी। छोटी पंड़ियों की बिक्री अगले पंद्रह दिनों तक जारी रहेगी।

उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा, राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक राम आशीष और सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने मेला परिसर, पशु बाजार और अभरन सरोवर का निरीक्षण किया।अधिकारीयों ने मेला कोतवाली में पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।

## 11 नवंबर को होगी प्रबंध समिति की बैठक

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा तिलोकपुर में संचालित सुप्रसिद्ध बी.पी.शुक्ला जूनियर हाईस्कूल के प्रबन्ध समिति कार्यकारिणी के पुनर्गठन सम्बन्धी सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया–2025 विद्यालय परिसर में आगामी 11 नवंबर 25 को प्रात: 8 बजे से अपराह्न दो बजे तक चरणवद्ध आयोजित होगी। दी गई जानकारी के मुताबिक साधारण सभा के सभी सदस्यों से समय से उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

## ट्रेन के ब्रेक सू में खराबी

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोंडा से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में बुढ़वल स्टेशन के पास अचानक पहिए के पास धुआं उठने से यात्रियों में हड़कंप मच गया।सूचना पर चालक ने ट्रेन रोक दी मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मियों ने ब्रेक शू में आई खराबी को ठीक किया जिसके बाद ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई।

## छमाही में निकाह और तलाक, भागा अरब, एफआईआर

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मसौली थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ागांव निवासी मो0 रफीक अंसारी की पुत्री का विवाह 29 अप्रैल को गांव के ही स्व.अब्दुल कासिम के पुत्र अली हसन के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। मो. रफीक ने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज व उपहार दिया था! लेकिन पुत्री के ससुराली जन दहेज से संतुष्ट नही थे शादी के कुछ ही दिन बाद पति अली हसन, सास सालिहा बानो, देवर मो. हसन व ममिया ससुर रईश अंसारी परेशान करने लगे। मां बाप की इज्जत खातिर वह चुप रही। माँ व ममिया ससुर के उकसाने पर अली हसन ने रात्रि मे मारपीट कर भगा दिया तब रोती बिलखती घर पहुंची बेटी को देख जब पीड़िता के पिता मो. रफीक ने पुत्री की सास से बात कर मीन्नत करने लगे तो उन्हे अपमानित करते हुए भगा दिया। पीड़िता के पिता ने जब समाज के लोगो के बींच बात रखकर मामले को निपटाने की कोशिश की जिसमे पीड़िता के पति ने समाज के लोगो के बींच ही पीड़िता को तीन बार तलाक कहकर अपमानित करने लगा जिससे समाज के लोगो ने अपने हाथ खड़े कर लिये। ससुराली जनो की यातना से परेशान पीड़िता ने 13 अक्टूबर को मसौली थाने मे तहरीर दी मसौली पुलिस ने दोनो पक्षों को थाने बुलाया बातचीत के दौरान ममिया ससुर ने 15 दिन का समय लेते हुए कहा कि मिल बैठकर समस्या का हल कर लिया जायेगा लेकिन इसी बींच ममिया ससुर रईस अंसारी ने साजिस कर अली हसन को 29 अक्टूबर को चोरी से सऊदी अरब भेज दिया। पीड़िता की तहरीर पर मसौली पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराते हुए पति अली हसन, सास सालिहा बानो, देवर मो0 हसन व ममिया ससुर रईस अंसारी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न एव मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## पीलीभीत पुलिस ने चोरी के 160 मोबाइल किए बरामद फोन पाकर लोगों के खिले चेहरे

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत पुलिस ने 160 लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद करके उन्हें वापस लौट आए हैं फोन वापस मिलने के बाद लोग बेहद खुश हैं खोए हुए मोबाइल फोन को ढूंढने के लिए की पीलीभीत के सभी थानों पर टीमों का गठन किया गया था सभी थानों की टीमों द्वारा सर्विलांस और मैनुअल इनपुट की सहायता से विभिन्न कंपनियों के कुल 160 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत तकरीबन 20.75 लाख रुपये है जिन लोगों के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं उन्हें फोन करके संबंधित थाने द्वारा जानकारी दी गई और उन्हें पुलिस लाइन बुलाकर उनके फोन सुपुर्द किए गए हैं।पुलिस के मुताबिक सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल पर लोगों के द्वारा खोए हुए मोबाइलों के संबंध में जानकारी दर्ज कराई जाती है साइबर और सर्विलांस टीम द्वारा चोरी और खोए हुए मोबाइलों का आईएमइआई नंबर ट्रेस किया जाता है यदि उस मोबाइल में कोई नया नंबर डाला गया होता है तो उसे फोन को ट्रेस करने के बाद लोकेशन आदि का पता लगाकर फोन को बरामद करने का काम किया जाता है जिन लोगो को अपना मोबाइल आज वापस मिला है. उन्होने मुस्कुराते हुए कहा, ''यकीन नहीं हुआ जब पुलिस ने फोन करके बताया कि मेरा खोया हुआ मोबाइल बरामद कर लिया गया है. पहले तो मुझे विश्वास नहीं हुआ मुझे लगा कि कोई मजाक कर रहा है, लेकिन फिर मुझसे कहा गया कि पुलिस लाइन में जाकर अपना फोन वापस ले सकते हैं आज मैं अपना फोन वापस लेने आया हूं और मुझे अपना फोन वापस मिल चुका है फोन में बहुत महत्वपूर्ण डाटा था एएसपी नताशा गोयल ने बताया यह अभियान आगे भी जारी रहेगा

# खेल मैदान में हाथ–पैर से नहीं मन से जीता जाता है मैच

एजेंसी

वाराणसी। खेल मैदान में हाथ पैर से नही दृढ़ इच्छाशक्ति और मन से मैच जीता जाता है। गुरूवार को इस कहावत को दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों ने चरितार्थ कर दिखाया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग वाराणसी, दिव्यांग प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन, संत नारायण पुनर्वास संस्थान वाराणसी एवं रोटी बैंक वाराणसी के संयोजन में खेले गए क्रिकेट मैच में दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों की बैटिंग, बालिंग,फील्डिंग देख दर्शक भी उनका जमकर उत्साह बढ़ाते रहे।

सांसद दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत डॉ संपूर्णानंद खेल स्टेडियम में वाराणसी महानगर एवं वाराणसी जिला दिव्यांग क्रिकेट टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें वाराणसी महानगर के कप्तान सुबोध राय ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वाराणसी जिला दिव्यांग क्रिकेट टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 117 रन 6 विकेट खोकर बनाया। वाराणसी जिला दिव्यांग क्रिकेट टीम की ओर से संदीप राय ने 29 बाल खेल कर 5 छक्के और 3 चौकों की मदद से सर्वाधिक 52 रन का योगदान दिया, वहीं श्याम सुंदर ने 34 बाल खेलकर 33 रन बनाया। वाराणसी महानगर की ओर से गेंदबाजी करते हुए रोहित पाल ने 4 ओवर में 20 रन खर्च करके 4 विकेट लिया। जवाब में खेलते हुए वाराणसी महानगर दिव्यांग क्रिकेट टीम 4 ओवर 2 बालों में ही 88 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वाराणसी महानगर टीम की ओर से पंकज ने 23 बाल खेल कर 2 चौकों की मदद से सर्वाधिक 20 रनों का योगदान दिया। वाराणसी जिला टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए श्याम सुंदर ने 4 ओवर में 23 रन खर्च कर 4 विकेट लिए। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी आकाश चोपड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों में अपार संभावनाएं हैं । उन्हें सिर्फ अवसर एवं प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। दिव्यांग क्रिकेट कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए एक अवसर के समान है। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट का भविष्य सुनहरा होगा। हमारे दिव्यांग क्रिकेटर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में एसोसिएशन के महासचिव डॉ संजय चौरसिया,अध्यक्ष डॉ उत्तम ओझा,काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक श्रीकांत मिश्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आरपी सिंह, कार्यक्रम संयोजक डॉ राजेश पांडेय, मीडिया प्रभारी डॉ मनोज कुमार तिवारी, रीजनल खेल अधिकारी निर्मला सिंह, सुमित सिंह आदि मौजूद रहे।

# लापता बुजुर्ग का शव अस्पताल परिसर में मिला

एजेंसी

गौतमबुद्ध नगर । उत्तर प्रदेश के नोएडा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (निम्स) से कल से लापता बुजुर्ग मरीज का शव गुरुवार शाम को अस्पताल परिसर में ही मिला है। बताया जा रहा है कि तीसरी मंजिल से गिरने के कारण उनकी मौत हुई है। बुधवार से वह लापता थे। परिवार के लोगों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। परिजन ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जेवर के भटपुरा मोहल्ला निवासी शकील ने बताया है कि उनके पिता शहीद (85) ने 31 अक्टूबर को लूज मोशन की परेशानी होने पर कैंप में दिखाया था। उसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार से वह अस्पताल से लापता हो गए थे। परिवार के लोगों ने काफी देर तक उनकी तलाश की। इसके बाद भी वृद्ध का कोई सुराग नहीं लगा। उन्होंने दनकौर कोतवाली में भी उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। आज अस्पताल से परिवार के लोगों को सूचना मिली की उनके पिता का शव अस्पताल परिसर में ही पड़ा है। उसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे।

उन्होने बताया कि शहीद अस्पताल की तीसरी मंजिल पर भर्ती थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यहीं से गिरने से उनकी मौत हुई है। घटना के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठा रहे हैं। परिजनों का कहना है कि जिस वॉर्ड में बुजुर्ग भर्ती थे, वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा था। मृतक के परिजनों ने सवाल किया है कि वॉर्ड में तैनात कर्मचारी उस समय कहां थे। उनके गुमशुदा होने के करीब 26 घंटे बाद अस्पताल परिसर में ही शव मिला है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के मुख्य कारणों का पता चल पाएगा।

# गेंदबाजों के दम पर भारत ने बनाई 2-1 की बढ़त

एजेंसी

करारा (ऑस्ट्रेलिया)। वॉशिंगटन सुंदर (तीन रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चौथे टी-20 मुकाबले में गुरुवार को 48 रन से हराकर सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त बना ली।

भारत ने शुभमन गिल (46), अभिषेक शर्मा (28),शिवम दुबे (22), कप्तान सूर्यकुमार यादव (20) और अक्षर पटेल (नाबाद 21) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत 20 ओवरों में आठ विकेट पर 167 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलियाई टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.2 ओवर में मात्र 119 रन पर ढेर हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 37 जोड़े। कप्तान मिचेल मार्श ने 30 और मैथ्यू शॉर्ट ने 25 रन बनाये।




ऑस्ट्रेलिया एक समय दो विकेट पर 70 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के सामने उसने अपने अंतिम आठ विकेट 49 रन जोड़कर गंवा दिये। सुंदर ने तीन विकेट निकाले जबकि अक्षर पटेल और शिवम दुबे ने दो-दो विकेट लिये। अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती को एक-एक विकेट मिला। अक्षर पटेल को नाबाद 21 रन बनाने और दो विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

भारत इस बढ़त के बाद अब सीरीज नहीं गंवा सकता और उसकी कोशिश अंतिम मैच जीतकर सीरीज कब्जाने की रहेगी। जबकि ऑस्ट्रेलिया आखिरी मैच में सीरीज बराबर करने के लक्ष्य के साथ उतरेगा। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़े। सातवें ओवर में एडम जम्पा ने अभिषेक शर्मा को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 28 रनों की पारी खेली।

भारत का दूसरा विकेट 12वें ओवर में शिवम दुबे के रूप में गिरा। उन्हें नेथन एलिस ने बोल्ड आउट किया। दुबे ने 18 ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 22 रन बनाये। इसके बाद एलिस ने 15वें ओवर में शुभमन गिल को बोल्डकर भारत के स्कोर पर अंकुश लगाने का काम किया। शुभमन गिल ने 39 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 46 रन बनाये। अगले ही ओवर में जेवियर बार्टलेट ने सूर्यकुमार यादव को अपना शिकार बना लिया। सूर्यकुमार यादव ने 10 गेंदों में दो छक्के लगाते हुए 20 रन बनाये। तिलक वर्मा (पांच) जितेश शर्मा (तीन), वॉशिंगटन सुंदर (12) और अर्शदीप सिंह (शून्य) पर आउट हुये। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 167 रनों का स्कोर खड़ा किया। जो अंततः मैच विजयी साबित हुआ। अक्षर पटेल 11 गेंदों में 21 रन बनाकर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया के लिए नेथन एलिस और एडम जम्पा ने तीन-तीन विकेट लिये। जेवियर बार्टलेट और मार्कस स्टॉयनिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत करेगा 2026 वर्ल्ड आर्मरेसलिंग चैम्पियनशिप की मेजबानी

एजेंसी

मुंबई। आर्मरेसलिंग खेल के इतिहास में यह एक ऐतिहासिक कदम है। पीपुल्स आर्मरेसलिंग फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (पीएएफआई) ने घोषणा की है कि भारत अगले वर्ष अक्टूबर 2026 में वर्ल्ड आर्मरेसलिंग चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा। इस प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप में करीब 75 देशों के 1,500 से 2,000 खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में हिस्सा लेंगे। यह आयोजन भारत के लिए एक और बड़ा अवसर है, जो देश को आर्मरेसलिंग के क्षेत्र में उभरती हुई महाशक्ति के रूप में स्थापित करेगा। इससे पहले भारत ने अक्टूबर 2024 में एशियन आर्मरेसलिंग कप (मुंबई) और 2025 में एशियन आर्मरेसलिंग चैम्पियनशिप (नई दिल्ली) का सफल आयोजन किया था। भारत में इस वैश्विक टूर्नामेंट की मेजबानी से न केवल खेल की लोकप्रियता को नया आयाम मिलेगा, बल्कि देश की छवि एक वैश्विक खेल केंद्र के रूप में भी और मजबूत होगी। भारत न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बल्कि घरेलू मंच पर भी आर्मरेसलिंग के लिए एक बड़ा केंद्र बन चुका है। प्रो पंजा लीग आज दुनिया की सबसे बड़ी प्रो़फेशनल आर्मरेसलिंग प्रतियोगिता मानी जाती है। यह लीग उच्चतम प्रतिस्पर्धा, शानदार प्रोडक्शन क्वालिटी और अभूतपूर्व दर्शक जुड़ाव के लिए जानी जाती है। पीएएफआई के लिए और पूरे भारत के लिए यह गौरव का क्षण है कि विश्व चैम्पियनशिप जैसे आयोजन की मेजबानी का मौका मिला है। फ़ेडरेशन ने कहा कि वह सरकारी संस्थाओं और सभी संबंधित पक्षों के साथ मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक सफलता बनाने के लिए कार्य करेगा।




वर्ल्ड आर्मरेसलिंग फ़ेडरेशन के अध्यक्ष मिस्टर अस्सेन हाडजिटोडोरोव ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ल्लपिछले पाँच वर्षों में भारत की वैश्विक आर्मरेसलिंग जगत में प्रगति असाधारण रही है। मिस प्रीति झंगियानी के दूरदर्शी नेतृत्व में पीएएफआई ने इस खेल को सांस्कृतिक और प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति में बदल दिया है। उनकी निष्ठा, उत्कृष्टता और खिलाड़ियों के हित के प्रति प्रतिबद्धता एशियन चैम्पियनशिप के दौरान साफ दिखी। हमें गर्व है कि 2026 वर्ल्ड आर्मरेसलिंग चैम्पियनशिप की मेजबानी भारत करेगा। दुनिया भारत की मेहमाननवाजी और जुनून को महसूस करेगी। पीएएफआई की अध्यक्ष और एशियन आर्मरेसलिंग फ़ेडरेशन की उपाध्यक्ष प्रीति झंगियानी ने कहा,ल्लवर्ल्ड आर्मरेसलिंग चैम्पियनशिप की मेजबानी हमारे फ़ेडरेशन और देश दोनों के लिए गर्व का विषय है। यह भारत के लिए वैश्विक स्तर पर चमकने का मौका है।

# जो लोग मुझ पर और मेरे परिवार पर ताना कसते थे, वही आज प्रशंसा कर रहे हैं: क्रांति

एजेंसी

नयी दिल्ली। मध्य प्रदेश के घुवारा गांव की रहने वाली भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने खुलासा करते हुए कहा कि एक समय उन्हें यह भी पता नहीं था कि भारत की महिला क्रिकेट टीम भी है।

इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने हाल में समाप्त हुए महिला वनडे विश्व कप में में 18.55 की औसत से नौ विकेट लिए जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ मैच में तीन विकेट लेना भी शामिल था। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। गौड़ ने गुरुवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात से ठीक पहले पीटीआई वीडियो से कहा, ''मुझे तो यह भी नहीं पता था कि महिला क्रिकेट टीम भी है। यहीं से क्रिकेट में मेरा सफर शुरू हुआ था। उन्होंने कहा, ''मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है क्योंकि यह मेरा पहला विश्व कप था और अब हम विश्व चैंपियन हैं। यह मेरे, मेरे परिवार और पूरे देश के लिए गर्व की बात है। क्रांति की कहानी स्टेडियम की दूधिया रोशनी और कैमरों से कहीं दूर शुरू हुई। वह ज़्यादातर दूर से ही कुछ लड़कों को खेलते हुए देखती थी और जब भी गेंद उसके दरवाज़े पर आती, तो वह उसे वापस फेंक देती थी। एक दिन अचानक उन्हें तब अंतिम एकादश में जगह मिल गई, जब लड़कों को एक खिलाड़ी की जरूरत थी। क्रांति ने कहा, ''जब मैंने उनके साथ खेलना शुरू किया, तो वे मुझे सिर्फ़ एक क्षेत्ररक्षक के तौर पर खिलाते थे, लेकिन धीरे-धीरे मैंने भी खेलना सीख लिया। मुझे तो यह भी पता नहीं था स्पिन गेंदबाज़ी नाम की भी कोई चीज भी होती है। इसलिए मैंने लड़कों को देखकर तेज़ गेंदबाज़ी शुरू कर दी।''

# गाबा टेस्ट में वापसी की राह पर, लेकिन पूरी एशेज सीरीज खेलना मुश्किल : पैट कमिंस

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया है कि वे ब्रिसबेन में होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट में वापसी के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि सीरीज के सभी टेस्ट मैचों में लगातार खेलना उनके लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। कमिंस जुलाई से पीठ की चोट के कारण क्रिकेट से दूर हैं, लेकिन अब वे तीन-चौथाई रन-अप से गेंदबाजी कर रहे हैं और बुधवार को उन्होंने नेट्स में करीब आठ ओवर फेंके। वे पहले टेस्ट की शुरुआत तक पूरी गति से गेंदबाजी करने की उम्मीद कर रहे हैं। 32 वर्षीय कमिंस ने बताया कि रिहैबिलिटेशन के दौरान उन्हें अब तक कोई दर्द या पुरानी चोट के लक्षण महसूस नहीं हुए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के



अधिकारी अभी इस पर स्पष्ट नहीं हैं कि कमिंस दूसरे टेस्ट में निश्चित रूप से खेलेंगे या नहीं, लेकिन कप्तान ने खुद कहा कि यही उनका लक्ष्य है। कमिंस ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा, हमारा पूरा प्लान दूसरे टेस्ट पर केंद्रित है। फिलहाल शरीर बहुत अच्छा महसूस कर रहा है। पर्थ में एक मजबूत बॉलिंग सत्र करूंगा, उसके बाद स्पष्ट हो जाएगा कि मैं कहां खड़ा हूं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वापसी के बाद हर मैच खेलना आसान नहीं होगा, क्योंकि तीसरे से पांचवें टेस्ट के बीच सिर्फ चार-चार दिन का अंतर है। उन्होंने कहा, मैं जितना ज्यादा खेल सकूं, उतना खेलना चाहता हूं। लेकिन अगर किसी मैच में 40-50 ओवर गेंदबाजी करनी पड़े और कुछ ही दिनों बाद अगला मैच शुरू हो, तो शायद वो थोड़ा मुश्किल हो सकता है। कमिंस को नहीं लगता कि उन्हें टेस्ट क्रिकेट से पहले किसी प्रैक्टिस मैच की जरूरत होगी। वे अगले सप्ताह टीम के साथ पर्थ जाएंगे और वहां कोचिंग स्टाफ के साथ रहेंगे। उन्होंने बताया, 2023 वर्ल्ड कप से पहले भी मैं साउथ अफ्रीका गया था और वहां से मैचों को कोचिंग बॉक्स से देखने का अनुभव मिला। इस बार भी पर्थ टेस्ट में वैसा ही अनुभव लूंगा, जिससे आगे के मैचों में मदद मिल सके। कमिंस की गैरमौजूदगी में मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड पेस अटैक की अगुवाई करेंगे, जबकि स्कॉट बोलैंड को भी अपनी जगह बनाए रखने का मौका मिलेगा। वहीं, कैमरन ग्रीन और ब्यू वेबस्टर ऑलराउंडर की भूमिका में टीम संतुलन बनाए रखेंगे।

2025-26 एशेज सीरीज का कार्यक्रमः

पहला टेस्टः 21-25 नवंबर ऽ पर्थ स्टेडियम।

दूसरा टेस्टः 4-8 दिसंबर ऽ गाबा, ब्रिसबेन (डे-नाइट)।

तीसरा टेस्टः 17-21 दिसंबर ऽ एडिलेड ओवल।

चौथा टेस्टः 26-30 दिसंबर ऽ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड।

पांचवां टेस्टः 4-8 जनवरी ऽ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड।

# लियोनेल मेसी 2025 एमएलएस बेस्ट इलेवन टीम के कप्तान चुने गए

नई दिल्ली। फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी को इस सीज़न के मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) की सर्वश्रेष्ठ टीम (बेस्ट इलेवन) का कप्तान चुना गया है। इस सूची में नौ अलग-अलग क्लबों के खिलाड़ियों को जगह मिली है। इंटर मियामी के इस अर्जेंटीनी फॉरवर्ड ने इस सीज़न में 29 गोल और 19 असिस्ट किए, यानी कुल 48 गोल योगदान दिए – जो 2019 में कार्लोस वेला द्वारा बनाए गए 49 योगदानों के रिकॉर्ड से बस एक कम है। मेसी अब लीग इतिहास में लगातार दो बार एमवीपी पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बनने की राह पर हैं। बुधवार को एमएलएस द्वारा घोषित इस सूची में सात देशों के खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें से छह खिलाड़ी पहली बार बेस्ट इलेवन में जगह बना पाए हैं। फिलाडेल्फिया यूनियन (जेकब ग्लेसनेस और काई वाग्नर) और वैंकूवर व्हाइटकैप्स (ट्रिस्टन ब्लैकमोन और सेबेस्टियन बर्हाल्टर) ऐसी दो टीमें हैं जिनके दो-दो खिलाड़ी इस सूची में शामिल हैं।

# सेफक्योर की स्टॉक मार्केट में जोरदार गिरावट के साथ एंट्री, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

एजेंसी

नई दिल्ली। सिक्योरिटी और फैसिलिटी मैनेजमेंट कंपनी सेफक्योर सर्विसेज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को करारा झटका दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 102 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 20 प्रतिशत के जबरदस्त डिस्काउंट के साथ 81.60 रुपये के स्तर पर हुई। कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण थोड़ी देर बाद ही कंपनी के शेयर गिर कर 77.55 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 23.97 प्रतिशत का नुकसान हो गया। सेफक्योर सर्विसेज का 30.60 करोड़ रुपये का आईपीओ 29 से 31 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से भी फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.81 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.32 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। हालांकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 3.31 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 30 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने पुराने कर्ज के बोझ को हल्का करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 3.98 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 5.69 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 6.16 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 23 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 73.27 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी पर कर्ज में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 के आखिर में कंपनी का कर्ज 32.21 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिर में बढ़ कर 32.41 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह वित्त वर्ष 2024-25 के आखिर में कंपनी का कर्ज उछल कर 53.70 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। कंपनी के रिजर्व और सरप्लस की बात करें तो वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी में ये 36.05 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी में बढ़ कर 39.46 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 के आखिरी में उछल कर 67.56 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# केंद्र सरकार जल्द ही टिकाऊ विमानन ईंधन नीति लाएगी : राममोहन नायडू

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने गुरुवार को कहा कि सरकार बहुत जल्द सतत विमानन ईंधन (एसएएफ) पर नीति लेकर आएगी, जिससे कच्चे तेल के आयात को कम करने, किसानों की आय बढ़ाने और अधिक हरित रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। देश अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर एसएएफ का उत्पादन कर सकता है। यह ईंधन विकास बनाम स्थिरता की चुनौती से निपटने में भी मदद कर सकता है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित भारत सतत विमानन ईंधन शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने यह बात कही। राममोहन नायडू ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि एसएएफ (सतत विमानन ईंधन) को अपनाने के लिए अधिक नवाचार, निवेश और सामूहिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तेल कंपनियों के अलावा निजी कंपनियों को भी एसएएफ उत्पादन में शामिल होना चाहिए। नायडू ने कहा कि कच्चे माल से लेकर ईंधन तक किसानों से लेकर विमान चालकों तक, तथा तलने से लेकर उड़ान भरने तक, वास्तव में किसने सोचा होगा कि समोसे तलने वाले भी इस पूरे वैश्विक विमानन आंदोलन (एसएएफ पर) में भाग ले सकते हैं। नायडू ने कहा कि सरकार बहुत जल्द एक एसएएफ नीति लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि भारत में 750 मिलियन टन से अधिक बायोमास उपलब्ध है और लगभग 213 मिलियन टन अधिशेष कृषि अवशेष हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने के अलावा, एसएएफ किसानों की आय में 10-15 फीसदी की वृद्धि करके उन्हें सशक्त बना सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे कच्चे तेल के आयात बिल को हर साल 45-7 अरब डॉलर तक कम करने के साथ-साथ एसएएफ उत्पादन एसएएफ मूल्य श्रृंखला में 10 लाख से अधिक हरित रोज़गार सृजित करने में भी मदद कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसबीआई आईपीओ के जरिये एसबीआईएफएमएल की 6.3 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा, बोर्ड की मंजूरी

**नई दिल्ली।** देश में सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपनी ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एसबीआईएफएमएल) में आईपीओ के जरिए हिस्सेदारी बेचने का फैसला लिया है। इस फैसले के तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एसबीआईएफएमएल में अपनी 6.3 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी लगभग 3,20,60,000 इक्विटी शेयर बेचेगा। इसके अलावा एसबीआईएफएमएल में शामिल विदेशी पार्टनर आमुंडी इंडिया होल्डिंग की 3.7 प्रतिशत हिस्सेदारी भी बेची जाएगी। बैंक के इस प्रस्ताव को बोर्ड की मंजूरी मिल गई है। एसबीआईएफएमएल में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की हिस्सेदारी की ये बिक्री पूरी तरह से रेगुलेटरी अप्रूवल पर निर्भर करेगी। बताया जा रहा है कि एसबीआईएफएमएल का ये आईपीओ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और आमुंडी इंडिया होल्डिंग का जॉइंट इनीशिएटिव होगा, जिसके जरिए दोनों कंपनियां की कुल 10 हिस्सेदारी यानी लगभग 5.09 करोड़ शेयर बिक्री के लिए ऑफर किए जाएंगे। एसबीआईएफएमएल के आईपीओ की लिस्टिंग के बाद स्टॉक मार्केट में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सहायक कंपनियां में से ये तीसरी लिस्टिंग होगी। इसके पहले एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और एसबीआई कार्ड स्टॉक मार्केट में लिस्ट हो चुके हैं। इस संबंध में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार इस आईपीओ में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास मौजूद 6.3 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 3.20 करोड़ शेयर के अलावा विदेशी पार्टनर आमुंडी इंडिया होल्डिंग की 3.7 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी लगभग 1.88 करोड़ शेयर बेचे जाएंगे। आईपीओ की पूरी प्रक्रिया रेगुलेटरी अप्रूवल मिलने के बाद 2026 में पूरी की जाएगी। एसबीआईएफएमएल देश की सबसे बड़ी ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी है, जिसका मार्केट शेयर फिलहाल 15.55 प्रतिशत है। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट (एएमयू) 11.99 लाख करोड़ रुपये का रहा।

### भारत ने पेरू और चिली के साथ व्यापार समझौते पर वार्ता के प्रमुख दौर पूरे किये

**नई दिल्ली।** भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ में वृद्धि के बीच निर्यात बाजारों में विविधता लाने के अपने प्रयास के तहत भारत ने पेरू और चिली के साथ व्यापार समझौता वार्ता के प्रमुख दौर पूरे कर लिए हैं। दोनों पक्षों ने जनवरी, 2026 में नई दिल्ली में प्रस्तावित अगले दौर की वार्ता से पहले लंबित मुद्दों के समाधान के लिए अंतर–सत्रीय बैठकें आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक भारत और पेरू व्यापार समझौते पर 9वें दौर की वार्ता 3 से 5 नवंबर तक पेरू के लीमा में आयोजित की गई। प्रस्तावित समझौते के प्रमुख अध्यायों में चर्चा के दौरान ठोस प्रगति हुई, जिसमें वस्तुओं और सेवाओं में व्यापार, मौलिकता संबंधी नियमावली, व्यापार में तकनीकी बाधाएं, सीमा शुल्क प्रक्रियाएं, विवाद निपटान और महत्वपूर्ण खनिज शामिल हैं। वार्ता के समापन समारोह में पेरू की विदेश व्यापार एवं पर्यटन मंत्री टेरेसा स्टेला मेरा गोमेज और विदेश व्यापार उप–मंत्री सीजर ऑगस्टो लोना सिल्वा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व पेरू में भारत के राजदूत विश्वास विदु सपकाल और भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव एवं मुख्य वार्ताकार विमल आनंद ने किया। दोनों देशों ने उम्मीद जताई कि यह समझौता व्यापार और निवेश को बढ़ाएगा। पेरू में भारत के राजदूत सपकाल ने भारत की निरंतर विकास गति के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि यह समझौता महत्वपूर्ण खनिजों, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, वस्त्र और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर पैदा करेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक पेरू और चिली के साथ भारत की बढ़ती व्यापारिक भागीदारी, परस्पर लाभकारी और व्यापक आर्थिक सहयोग के माध्यम से लैटिन अमेरिकी क्षेत्र के साथ मजबूत साझेदारी बनाने की दिशा में रणनीति पर जोर देती है। इससे पहले भारत–चिली व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) की तीसरी दौर की वार्ता 27 से 30 अक्टूबर तक चिली के सैंटियागो में आयोजित की गई थी। इस वार्ता में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, निवेश प्रोत्साहन, मौलिकता संबंधी नियमावली, बौद्धिक संपदा अधिकार, टीबीटी/एसपीएस उपाय, आर्थिक सहयोग और महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई अध्यायों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने सीईपीए वार्ता को शीघ्र और समयबद्ध ढंग से पूरा करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई, जिसका उद्देश्य बाजार पहुंच को बढ़ाना, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और आर्थिक एकीकरण को सशक्त करना है।

# भारतीय स्टेट बैंक ने एसबीआई फंड मैनेजमेंट में छह प्रतिशत हिस्सेदारी बिक्री को मंजूरी दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने अपनी अनुषंगी कंपनी एसबीआई फंड मैनेजमेंट लि. में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से लगभग छह प्रतिशत हिस्सेदारी के विनिवेश को मंजूरी दे दी है। एसबीआई म्यूचुअल फंड के प्रायोजकों में से एक, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लि. (एसबीआईएफएमएल) एसबीआई कार्ड्स और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के बाद सूचीबद्ध होने वाली एसबीआई की तीसरी अनुषंगी कंपनी होगी। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आईपीओ के माध्यम से 3,20,60,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री को मंजूरी दी है, जो (एसबीआईएफएमएल) की कुल इक्विटी पूंजी के 6.3007 प्रतिशत के बराबर है। यह मंजूरी नियामकीय अनुमोदन पर निर्भर है। एसबीआईएफएमएल की अन्य प्रवर्तक, अमुंडी इंडिया होल्डिंग, 1,88,30,000 इक्विटी शेयरों का विनिवेश करेगी। यह एसबीआईएफएमएल की कुल इक्विटी पूंजी के 3.7006 प्रतिशत के बराबर है। इसमें कुल मिलाकर 10.0013 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जिसमें 5,08,90,000 शेयर सूचीबद्ध होंगे। एसबीआईएफएमएल के दोनों प्रवर्तकों ने संयुक्त रूप से आईपीओ लाने की प्रक्रिया शुरू की है, जिसके 2026 में पूरा होने की संभावना है। एसबीआई म्यूचुअल फंड की स्थापना 1987 में एसबीआई के प्रायोजक के रूप में हुई थी और यह देश का पहला गैर-यूटीआई म्यूचुअल फंड था। एसबीआई फंड मैनेजमेंट लिमिटेड को 1992 में एसबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के रूप में शामिल किया गया था, जो विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में निवेश समाधान प्रदान करने के लिए एसबीआई म्यूचुअल फंड के निवेश प्रबंधक के रूप में कार्य करती है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, 900 रुपये तक सस्ता हुआ सोना

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट का रुख लगातार बना हुआ है। सोने की कीमत में आज 880 रुपये से 900 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी आई है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,21,470 रुपये से लेकर 1,21,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,11,340 रुपये से लेकर 1,11,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,21,620 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,11,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,21,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,11,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,21,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,11,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,21,470 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,11,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,21,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,11,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,21,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,11,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,21,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,11,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,21,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,11,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत घटी है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,21,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।



# बिहार सरकार को ब्यूरोक्रेट्स के साथ केंद्र की भाजपा सरकार चला रही है : राहुल

एजेंसी

अररिया। अररिया आजाद एकेडमी के मैदान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित किया और बिहार सरकार के साथ केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार सरकार को ब्यूरोक्रेट्स के साथ केंद्र की भाजपा सरकार चला रही है।

उन्होंने कहा कि एक ओर बिहार में उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन नहीं होने की बात बिहार सरकार करती हैं, दूसरी ओर अडानी को सौ एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का काम करती है । सरकार के कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री पर नफरत की राजनीति करने की बात कही। राहुल गांधी ने जंगलराज के मामले में कहा कि नरेन्द्र मोदी,अमित शाह और नीतीश कुमार जंगलराज की बात करते हैं। जंगलराज तो दिल्ली में है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का राज,नफरत का राज, गरीबों और किसानों से उनका हक छीनने का राज, मजदूरों को कुचलने वाला राज,नोटबंदी वाला राज,गलत जीएसटी वाला राज, बेरोजगारी वाला राज, ये सब हैं असली जंगलराज,जिसे भाजपा सरकार चलाती हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि जब बिहार में महागठबंधन की सरकार आयेगी तो सरकार में सबकी आवाज सुनी जाएगी।सबके हित की बात होगी।रोजगार दिलाने के साथ ही उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी कॉलेज और यूनिवर्सिटी के साथ हाई क्वालिटी वाला इंग्लिश मीडियम वाली



सरकारी स्कूल खोली जाएगी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के लिए पैसे खर्च नहीं करना पड़े,ऐसी सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस दिन देश में इंडी गठबंधन की सरकार बन जाएगी,गारंटी है दुनिया की सबसे बेहतरीन यूनिवर्सिटी नालंदा यूनिवर्सिटी के तर्ज पर बिहार में यूनिवर्सिटी खोले जाएंगे जहां न केवल देश के बल्कि दूसरे देशों चीन, जापान, वियतनाम, फ्रांस, अमेरिका से शिक्षा ग्रहण करने बिहार आएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में नालंदा यूनिवर्सिटी का इतिहास पौराणिक और ऐतिहासिक रहा है। उस समय नालंदा यूनिवर्सिटी में चीन, जापान, वियतनाम, कोरिया, जर्मनी, फ्रांस जैसे देशों से लोग पढ़ने बिहार आते थे, और आज भी इन देशों से लोग बिहार आते हैं,लेकिन केवल टूरिस्ट बनकर। उन्होंने कहा कि नफरत के बाजार में वह मोहब्बत की दुकान खोली है। देश नफरत का नहीं,बल्कि भाईचारे और मोहब्बत का देश है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में वोट चोरी कर सरकार बनाई गई है और वोट चोरी का खुलासा उन्होंने कर दिया कि किस तरह एक महिला ने सौ वोटिंग की। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार भी वोट चोरी करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में वोट चोरी को रोकना सबों का दायित्व है। बिहार की जनता होशियार है और बूथ पर ही उनकी कोशिश को नाकाम कर देना है। चुनावी सभा को पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, प्रत्याशी आबिदुर रहमान, फारबिसगंज के कांग्रेस मनोज विश्वास, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शाद अहमद, राजद जिलाध्यक्ष मंडल अविनाश आनंद सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

# राजग शासन में बिहार को जंगल राज से मिली मुक्ति : अमित शाह

एजेंसी

बेतिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बेतिया के रामनगर विधानसभा क्षेत्र के खैरवा टोला मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया और लोगों से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी मतों से जीताने का आह्वान किया। इस विधानसभा सीट पर दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होना है।

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग शासन काल में बिहार जंगलराज से मुक्त हुआ है। पिछले 20 वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने बिहार को जंगलराज से मुक्त कराने का काम किया है। 2005 से पहले लालू-राबड़ी के 15 वर्षों के शासनकाल का हाल जनता से छुपा नहीं है, जब बिहार में हर तरफ हत्या,



लूट अपहरण और घोटाला का राज था। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार में बिहार ही नहीं, पूरा देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। राजग ?सरकार के नेतृत्व में जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। गृह मंत्री ने कहा कि चम्पारण, जहां कभी अपहरण उद्योग का धंधा चलता था, आज यहां का चतुर्दिक विकास हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में घुस कर आतंकियों का सफाया करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राजग की सरकार देश के महिलाओं को रोजगार उन्मुख व सशक्त बनाने को लेकर कई परियोजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में एक करोड़ तीस लाख जीविका दीदियों के खाते में 10-10 हजार रुपये देकर उन्हें छोटे रोजगारों से जोड़ने काम किया है। अमित शाह ने कहा कि बिहार को विकसित बनाने के लिए राजग को जीत दिलाने की जरूरत है। लोगों से राजग उम्मीदवार नंदकिशोर राम के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव आपके नेता या विधायक चुनने का नहीं हैं, यह बिहार के विकास का चुनाव है। इससे पहले उन्होंने जय श्रीराम और भारत माता की जय का नारा लगाकर अपने भाषण का आगाज किया और कहा,'' मैं चंपारण की मिट्टी को नमन करता हूं। यह महर्षि वाल्मीकि, लवकुश की भूमि हैं। महात्मा गांधी के सत्याग्रह की धरती है।

# 'वौट चोर गद्दी छोड़' अभियान का पहला चरण शनिवार को समाप्त होगा : वेणुगोपाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस ने कहा है कि चुनावी प्रक्रिया में जवाबदेही, पारदर्शिता और नागरिकों की विश्वास बहाली के लिए उसका 'वोट चोर गद्दी छोड़'अभियान का पहला चरण आठ नवंबर को विशेष कार्यक्रम के साथ समाप्त कर दिया जाएगा।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि 'वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान 22 अगस्त से शुरु हुआ और इसके तहत सात सितंबर तक राज्य मुख्यालयों में रैलियां आयोजित की गई। फिर 15 सितंबर से जिलों, ब्लॉकों तथा मंडलों में इससे जुड़े कार्यक्रम हुए जिनमें लाखों लोग शामिल हुए और उन्होंने भाजपा सरकार की जनविरोधी और लोकतंत्र को खत्म करने वाली नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज किया। उन्होंने बताया कि कंग्रेस ने इसी चरण में चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ नागरिकों को संगठित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जिसके तहत अब तक देश भर में पांच करोड़ से अधिक हस्ताक्षर एकत्र किये हैं।

श्री वेणुगोपाल ने बताया कि पहले चरण के इस अभियान को लेकर बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में कंग्रेस महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से अभियान का पहला चरण शनिवार आठ नवंबर को समाप्त करने का फैसला किया गया। अभियान के समापन के बाद एकत्रित हस्ताक्षर कंग्रेस मुख्यालय भेज दिए जाएंगे और अगले चरण में और अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर एकत्र करने का अभियान चलाया जाएगा। लाखों नागरिकों की आवाज़ों का प्रतिनिधित्व करने वाले इन हस्ताक्षरों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा। कंग्रेस नेता ने कहा कि इस अभियान के जरिए चुनाव आयोग से मांग की गई है।

## इथियोपियाई प्रतिनिधिमंडल की ग्रामीण आजीविका मिशन संबंधी यात्रा समाप्त

नयी दिल्ली। अफ्रीकी देश इथियोपिया के उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की भारत की एक सप्ताह की यात्रा का बुधवार को समाप्त हो गई है। आधिकारिक सूचना के अनुसार इथियोपिया के इस प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा गरीबी उन्मूलन और महिलाओं के विकास तथा आर्थिक सशक्तिकरण में भारत की प्रमुख पहल, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन-डीएवाई-एनआरएलएम के परिचालन, मॉडल और कार्यान्वयन की रणनीति समझने पर केंद्रित था। प्रतिनिधि मंडल के सम्मान में आयोजित समापन कार्यक्रम में भारत में इथियोपिया के उप राजदूत मोलिग्न असफॉ, विश्व बैंक के प्रतिनिधि और सुश्री राजेश्वरी एस.एम., निदेशक, डीएवाई-एनआरएलएम, ग्रामीण विकास मंत्रालय शामिल हुए। इथियोपियाई प्रतिनिधिमंडल में नौ क्षेत्रों के प्रमुख, एक शहरी प्रशासन और दो प्रमुख क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल थे।

# अनेकता में एकता का अनुपम उदाहरण निरंकारी सामूहिक शादियाँ

एजेंसी

समालखा। 78वें निरंकारी संत समागम के समापन उपरांत, समालखा के उन्हीं मैदानों में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की उपस्थिति में सादगीपूर्ण निरंकारी सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवविवाहित युगलों ने परिणय सूत्र में बंधकर अपने नवजीवन की मंगलमय शुरुआत हेतु सतगुरु से शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया।यह समारोह अत्यंत अनुपम और प्रेरणादायी रहा, जहाँ भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों बिहार, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड सहित विदेश जैसे ऑस्ट्रेलिया और कनाडा से 126 नव युगल सम्मिलित हुए। इस शुभ अवसर पर 126 वर-वधू एक ही स्थल से एकत्व और सरलता का सुंदर संदेश देते हुए परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर मिशन के वरिष्ठ




अधिकारीगण, वर-वधू के परिजन, श्रद्धालु भक्तगण ने इस दिव्य एवं भावनात्मक दृश्य का भरपूर आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारम्परिक जयमाला एवं निरंकारी परंपरा के विशेष सांझा-हार से हुआ। तत्पश्चात भक्तिमय वातावरण में निरंकारी लावों का हिंदी भाषा में गायन किया गया, जिनकी प्रत्येक पंक्ति नवविवाहित युगलों के लिए आध्यात्मिक संदेशों एवं गृहस्थ जीवन की कल्याणकारी शिक्षाओं से परिपूर्ण थी। आयोजन के दौरान सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवृष्टि कर उन्हें सुखमय, आनंदमय एवं समर्पणमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया। यह आयोजन प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी अपनी सादगी, समरसता और एकत्व के दिव्य संदेश से आलोकित रहा, जो जाति, धर्म, भाषा और प्रांतीय भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता के एक सुंदर, समग्र एवं प्रेरणादायी स्वरूप को अभिव्यक्त करता है। सतगुरु माता जी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आज इस पावन अवसर पर सभी जोड़े सुंदर रूप में सजे हुए हैं। विवाहित जीवन की सार्थकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए सतगुरु माता जी ने कहा कि यह समारोह केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि प्यार, सम्मान और सहयोग से भरे पवित्र मिलन का प्रतीक है। विवाहित जीवन में यह बराबरी और सांझेदारी का संदेश देता है। जिस प्रकार लावों में भी बताया गया, यदि आध्यात्मिक प्रयास में किसी का योगदान कम हो, तो दूसरा उसे प्रोत्साहित करे, जिससे जीवन की यात्रा संतुलन और सामंजस्य के साथ आगे बढ़े। सतगुरु माता जी ने यह भी स्पष्ट किया कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं है, बल्कि यह दो परिवारों का पवित्र संगम है। इस मिलन में दोनों पक्ष अपने सामाजिक और पारिवारिक उत्तरदायित्वों के साथ सेवा, सत्संग, सुमिरण और भक्ति के पहलुओं को भी निभाते हैं। अंत में सतगुरु माता जी ने नवविवाहितों के वैवाहिक जीवन के लिए मंगलकामना करते हुए प्रार्थना की कि निरंकार प्रभु की अनंत कृपा सभी पर बनी रहे और यह पवित्र मिलन खुशी, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक बनकर ताउम्र स्थायी रहे।

# पेज एक का शेष

## अपराधियों को सत्ता...

जो संभावनाएं थीं, उसे पहले कंग्रेस, फिर राजद ने धूल-धूसरित किया। अंग्रेजों की विरासत के अनुसार कंग्रेस ने किसानों को भूखमरी की ओर ढकेला तो राजद ने उनका शोषण किया। इन लोगों ने समृद्ध बिहार बनने के सपनों को जंगलराज में बदलकर नौजवानों, नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, लेकिन 20 वर्ष पहले नौजवानों ने अंगड़ाई ली। नीतीश बाबू के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनी तो इसके साथ ही सुशासन की आधारशिला खड़ी की गई, जिस पर मजबूत इमारत का निर्माण करना है और विकसित बिहार की पीएम मोदी की संकल्पना को आगे बढ़ाना है। सीएम योगी ने कहा, कंग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि श्रीराम हुए ही नहीं। कंग्रेस ने मां सीता और महर्षि वाल्मीकि को भी झुठलाने का बड़ा पाप किया। कंग्रेस आस्था व विरासत का अपमान करती है। राजद ने राम मंदिर के रथ को रोक दिया। यूपी में इनके पार्टनर सपा ने रामभक्तों पर गोली चलाकर अयोध्या को लहुलूहान कर दिया, लेकिन हमने जो कहा-वह करके दिखाया। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो गया। इससे पहले अयोध्या में बने अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर हुआ। रसोई मां शबरी और रैनबसेरा निषादराज के नाम पर बना है। 25 नवंबर को पीएम मोदी अयोध्या आ रहे हैं। राम मंदिर में राम दरबार भी है। हनुमानगढ़ी में हनुमानजी महाराज विराजमान हैं। वहां सुग्रीव किला भी है। रामायण काल के पहले बलिदानी गिद्धराज जटायु भी राम मंदिर की तरफ देख रहे हैं। जिस गिलहरी ने सेतु निर्माण में योगदान दिया, उसकी भी मूर्ति लगाई गई है। यह कृतज्ञता ज्ञापित करने की संस्कृति है। कंग्रेस व राजद कृतज्ञता ज्ञापित करना नहीं सिखा सकती। एनडीए सरकार सीतामढ़ी में भी मां जानकी का मंदिर बना रही है। एनडीए का रथ बिना रुके, झुके, डिगे डबल स्पीड से बढ़ रहा है।

## राजद के पोस्टर...

भागलपुर क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं।उन्होंने कहा कि भागलपुरी सिल्क, मंजूषा आर्ट, मधुबनी की कला, दरभंगा का मखाना, मुजपफरपुर की लीची प्रोत्साहन देने पर दुनिया मे राज कर सकती है। उन्होंने 'वोकल फ़ॉर लोकल' के अपने मशहूर नारे को दुहराया और कहा कि स्थानीय कारीगरों के बनाये सामान जब देश और दुनिया मे पहुंचेंगे, तभी इस क्षेत्र का विकास होगा और बुनकरों तथा कारीगरों की जिंदगी में सुधार आएगा। उन्होने कहा कि राजद-कंग्रेस की गरीबों और दलितों से दुश्मनी है। उनके मुंह से छोटे और स्थानीय उद्योगों,आत्मनिर्भरता तथा स्वदेशी से सम्बंधित एक शब्द भी नही निकलता है। श्री मोदी ने कहा कि जंगलराज की पाठशाला का ककहरा ही अलग है। उनके हिसाब से अ से अपहरण, फ से फिरौती, र से रंगदारी और घ से घोटाला होता है।उन्होने कहा कि राजद ने जहां बिहार को जातियों में विभाजित किया वही कंग्रेस ने धार्मिक उन्माद फैलाया। उन्होंने कहा भागलपुर में कंग्रेस के समय हुए दंगे इस बात की जीती जागती मिसाल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार और भागलपुर को युवाओं के पलायन से बचाने के लिए जरुरी है कि प्रदेश टेक्नॉलॉजी और टेक्सटाइल का हब बने। उन्होंने कहा कि राजग की सरकार के पास इसका रोडमैप है। उन्होंने कहा कि बिहार को सेमीकंडक्टर बनाने का हब भी बनाने की योजना है। उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास के लिए जरूरी 'इंफ्रास्ट्रक्चर' तैयार हो रहा है और इस संबंध में विक्रमशिला फोर लेन पुल बनने से सुविधा बढ़ी है।उन्होंने कहा कि कोसी नदी पर भी सात किलोमीटर लम्बा पुल बन रहा है और बिहार के किसी भी कोने में जा कर देखिए, कोई न कोई निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली की समुचित व्यवस्था के लिए भागलपुर के पास पीरपैंती में विशाल संयंत्र लगाया जा रहा है और अब बिहार बिजली दूसरों को देगा। उन्होंने कहा कि बिहार में बाहर से निवेश की भारी राशि आने वाली है, लेकिन साथ मे उन्होंने आगाह किया कि किसी जंगलराज की आहट भी निवेशकों को प्रदेश से दूर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार विकास के पथ पर चल पड़ा है और अब नागरिको की जिम्मेदारी है कि राजग की सरकार को आशीर्वाद दे कर इसे आगे बढ़ाए। श्री मोदी ने कहा कि उद्योग धंधों के अलावा बिहार में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि काशी की तरह अजगैवी नाथ कॉरिडोर बन रहा और चारो तरफ गंगा के किनारे पर्यटन का विकास समृद्धि और रोजगार के अवसर ला सकता है। उन्होंने कहा कि बिहार में और भी कई प्राचीन और धार्मिक स्थल हैं, जिसे पर्यटन के हिसाब से विकसित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने आखिर में छठ महापर्व के समय कंग्रेस की टिप्पणियों और अपमानसूचक शब्दों की बात कही और लोगों से अनुरोध किया कि छठी मईया का अनादर करने वालों को बिहार चुनाव में नकार कर अपमान का बदला लें। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों से उस क्षेत्र में चुनाव लड़ रहे राजग के सभी उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की और कहा बिहार के विकास में भागीदार बनें।

## क्रिकेटर रैना और...

विदेशी संस्थाओं के माध्यम से भुगतान के बदले में किए गए थे। जाँच में पता चला कि 1ब्बीईटी भारत में बिना अनुमति के काम कर रहा था और सोशल मीडिया, ऑनलाइन वीडियो और प्रिंट मीडिया के माध्यम से भारतीय उपयोगकर्ताओं को लक्षित करने के लिए सरोगेट ब्रांडिंग और विज्ञापनों का उपयोग कर रहा था। ईडी की जाँच में 1000 करोड़ रुपये से अधिक की धन शोधन का पता चला है। 1ब्बीईटी ने विभिन्न ''म्यूल खातों ''के माध्यम से धन एकत्र कर भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए सट्टेबाजी की सुविधा प्रदान की और ऐसे 6000 से अधिक खातों की पहचान की गई है। म्यूल खाता एक बैंक खाता होता है जिसका इस्तेमाल अपराधी अवैध धन को सफ़ेद करने के लिए करते हैं। ये खाते अक्सर अनजान व्यक्तियों द्वारा आसानी से पैसा कमाने के लालच में या जबरन इसमें शामिल होने के लिए खोले जाते हैं। एजेंसी की जांच में यह भी पाया गया है कि उपयोगकर्ताओं से एकत्रित राशि में कई भुगतान गेटवे का इस्तेमाल किया जाता था। इसमें 1000 करोड़ रुपये से अधिक राशि के धन शोधन का संकेत मिला है। पीएमएलए के तहत तलाशी अभियान के बाद ईडी ने चार भुगतान गेटवे पर छापेमारी की जिसके परिणामस्वरूप आपत्तिजनक साक्ष्य जब्त किए गए। इन भुगतान गेटवे से जुड़े 60 से अधिक बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है जिनमें अब तक चार करोड़ रुपये से अधिक की राशि फ्रीज की गई है। इस तरह के बढ़ते मामलों में ईडी ने एक सार्वजनिक परामर्श जारी किया है जिसमें कहा गया है कि जानबूझकर ऐसी गतिविधियों में सहायता करने वाले किसी भी व्यक्ति पर पीएमएलए के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है। इसमें सात साल तक की कैद और संपत्ति कुर्क हो सकती है। यदि नागरिकों को खाते के दुरुपयोग का संदेह हो, तो उन्हें तुरंत अपने बैंक और स्थानीय पुलिस को सूचित करना चाहिए।

## अब्दुल्ला आजम...

बनवाने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया और अपनी जन्मतिथि एक जनवरी 1993 के बजाय 30 सितंबर 1990 बताई। यह मामला रामपुर के सिविल लाइंस थाने में दर्ज किया गया था। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 471 (जाली दस्तावेज़ का उपयोग) के तहत आरोप तय किए गए हैं। इन धाराओं के तहत आरोप नौ सितंबर 2021 को तय हुए थे। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने अक्टूबर में भी श्री अब्दुल्ला आज़म और उनके पिता आज़म खान की एक अन्य याचिका खारिज की थी। यह पैन कार्ड से जुड़ी फर्जीवाड़े के मामले में दायर की गई थी। उस मामले में भी अदालत ने कहा था कि निचली अदालत में सुनवायी पूरी हो चुकी है और उसे जल्द फैसला सुनाना चाहिए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी पहले यह कहते हुए राहत देने से इनकार कर दिया था कि दोनों मामलों में ''दोहरे दंड'' (एक ही अपराध के लिए दो बार सजा) का सिद्धांत लागू नहीं होता, क्योंकि फर्जी दस्तावेज़ का उपयोग दो अलग-अलग अवसरों पर हुआ था। उच्चतम न्यायालय के इस ताज़ा आदेश के बाद रामपुर की विशेष एमपी/एमएलए अदालत के सामने श्री अब्दुल्ला आज़म के फर्जी कागजों से पासपोर्ट बनवाने के मामले में फैसला सुनाने का रास्ता साफ हो गया है।

## बिहार : प्रथम चरण...

कुमार, जिवेश कुमार,राजू कुमार सिंह और कृष्ण कुमार मंटू के अलावा बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, राम कृपाल यादव,श्याम रजक, अनंत सिंह, अमरेन्द्र पांडेय, हरिनारायण सिंह, उमेश कुशवाहा और मैथिली ठाकुर शामिल हैं। इसी तरह महागठबंधन से जिन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने किया उनमें मुख्यमंत्री पद का चेहरा तेजस्वी यादव के अलावा अवध बिहारी चौधरी,डा. रामानंद यादव, वीणा देवी,ललित कुमार यादव,विजेन्द्र चौधरी, रेणु कुशवाहा, खेसारी लाल यादव,आलोक मेहता,भाई वीरेन्द्र, अनिरूद्ध यादव,अवधेश राय शामिल है।इसके अलावा तेज प्रताप यादव, आईपी गुप्ता, शिवदीप लांडे,आनंद मिश्रा, वी.के.रवि, जयप्रकाश सिंह, आर.के.मिश्रा, राम नारायण सिंह, पुष्पम प्रिया, के.सी. सिन्हा समेत अन्य उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला भी आज मतदाताओं ने ईवीएम में बंद कर दिया । प्रथम चरण के चुनाव में राजग के घटक जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के 57, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 48, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के दो उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। वहीं महागठबंधन के घटक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 71, कंग्रेस के 24, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले) के 14, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के छह,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के पांच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के तीन-तीन उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में थे। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज से 118 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमाया । बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा, जिसमें 122 सीटों के लिये मतदान कराया जायेगा। इसके बाद 14 नवंबर को मतगणना होगी और परिणाम घोषित किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को इस वर्ष समाप्त हो रहा है।

## पोत 'इक्षक' को...

आत्मनिर्भरता की गति को बल मिलेगा। कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड में जहाज उत्पादन निदेशालय और युद्धपोत निरीक्षण दल की देखरेख में निर्मित इक्षक में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। यह 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की सफलता के साथ-साथ जीआरएसई और देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के बीच सशक्त होते सहयोग व तकनीकी सामंजस्य का प्रमाण है। जहाज का नाम 'इक्षक' इसलिए रखा गया है, क्योंकि इसका अर्थ 'मार्गदर्शक' है। यह नाम जहाज के मिशन का प्रतीक है, जिसका कार्य अज्ञात का पता लगाना, नाविकों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करना और भारत की समुद्री शक्ति को मजबूत करना है। जल सर्वेक्षण कार्यों की अपनी प्राथमिक भूमिका के अलावा इक्षक को दोहरी भूमिका क्षमता के साथ डिजाइन किया गया है। यह जहाज मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) और आपात स्थिति के दौरान एक अस्पताल के रूप में कार्य करता है। यह महिलाओं के लिए विशेष आवास वाला पहला एसवीएल जहाज भी है। यह पोत बंदरगाहों, तटों और नौवहन चैनलों में व्यापक तटीय तथा गहरे समुद्री सर्वेक्षण करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इन सर्वेक्षणों से प्राप्त डेटा न केवल समुद्र में सुरक्षित नौवहन को सुनिश्चित करेगा, बल्कि भारत की समुद्री सुरक्षा और रणनीतिक अवसंरचना को भी सुदृढ़ बनाएगा। यह जहाज हाई-रिजॉल्यूशन मल्टी-बीम इको साउंडर, ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल (एयूवी), रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल (आरओवी) और चार सर्वे मोटर बोट (एसएमबी) जैसे अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक एवं समुद्र-विज्ञान उपकरणों से लैस है। इससे भारतीय नौसेना के हाइड्रोग्राफिक बेड़े में अभूतपूर्व बहुमुखी प्रतिभा तथा तकनीकी क्षमता मजबूत होगी।

## हरमनप्रीत ने मोदी से कहा...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान आयोजित समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय महिला टीम के सदस्यों को देव दिवाली और गुरु पूरब की शुभकानाएं दी और उनके अनुभवों को सुना। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने बहुत बड़ा काम किया है और भारत में क्रिकेट एक खेल नहीं है, एक प्रकार से भारत के लोगों की जिंदगी बन गया है और क्रिकेट में अच्छा होता है, तो भारत अच्छा महसूस करता है और क्रिकेट में थोड़ा सा भी इधर हो गया तो पूरा भारत हिल जाता है। आप भी जब तीन मैच लगातार हारे तो जो ट्रोलिंग सेना आपके पीछे पड़ गयी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि हम यहां आकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि इन लड़कियों, देश की बेटियों ने दो साल कड़ी मेहनत की। इन्होंने, प्रत्येक अभ्यास सत्र में उतनी ही इंटेंसिटी से खेले, हर प्रैक्टिस सेशन में उतनी ही एनर्जी से उतरे ग्राउंड में, यही कहूंगा कि इनकी मेहनत रंग लाई। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि सर मुझे अभी भी याद है कि जब हम 2017 में आपको मिले थे, उस टाइम हम ट्रॉफी के साथ नहीं आए थे, तब सर ने हमें बहुत मोटिवेट किया था कि जब भी आपको नेक्स्ट ओपोरर्चुनिटी मिले, कि हम वहां पर कैसे खेलें और अपना बेस्ट दें, और आज जब हम फाइनली ट्रॉफी जीत कर आए हैं तो उनके साथ बहुत अच्छा लगा बात करके। लेकिन ये हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है, कि इस बार हम आपको जिसके लिए हम इतने सालों से मेहनत कर रहे हैं, वो ट्रॉफी यहां पर लेकर आ पाए और आपने आज हमारी खुशी वो दो गुना और ज्यादा बढ़ा दी है और हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है और अभी हमारा यही उद्देश्य है कि हम भविष्य में आपको बार-बार मिले और बार-बार आपके साथ टीम के फोटो खिंचाते रहे। भारतीय टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा कि हम जब 2017 में आए थे ट्रॉफी नहीं लेके आ पाए थे, लेकिन मुझे याद है आपने एक प्रश्न पूछा था एक्सपेक्टेशंस के बारे में आपको और वो आंसर अभी भी और वो चीज काफी हेल्प की थी हम लोगों को कि, नेक्स्ट 6-7 साल हमने बहुत कोशिश की, लेकिन काफी वर्ल्ड कप्स हार्ट ब्रेक्स हुए हमारे लेकिन ये वर्ल्ड कप फाइनली आई थिंक डेस्टिनी थी कि इंडिया में ही पहला वर्ल्ड कप आएगा वुमेंस का, लेकिन मेरा मानना है आप हमेशा से इन सबके इंस्पिरेशन ही रहे और स्पेशली मेरा मानना हर फील्ड में जिस तरह से लड़कियां अभी, मेरा मानना हर क्षेत्र में सब जगह हमको सिर्फ लड़कियां दिख रही है, जहां पर भी वो इसरो का लॉन्च हुआ, या जो भी हो सो वो सब सारा सब चीजें हम लोग सब जब देखते हैं तो इंस्पिरेशनल इंस्पिरेशन ही है और मोटिवेशन है हमारे लिए कि हम और भी अच्छा काम कर पाए और लड़कियों को प्रेरित कर पाए। मंधाना ने कहा सर आई थिंक सबसे बेस्ट बात ये कैंपेन की यह थी कि कोई भी प्लेयर घर जाके उनकी स्टोरीज बताएगा, कि किसी का भी कंट्रीब्यूशन कम नहीं था। लास्ट टाइम उन्होंने एक्सपेक्टेशंस कैसे डील करनी है उसी उसके ऊपर बोला था, वह जवाब मेरे दिमाग में हमेशा रहा और जिस तरह से वह शांत और स्थिर रहते हैं, वो भी काफी इंस्पायरिंग चीज है। इस अवसर पर भारतीय टीम की धाकड़ बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब हम वो तीन मैच हारे तब हमने स्वयं का संभाला। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस टीम ने यह सबसे अच्छा किया है और इसीलिए यह टीम एक चैंपियन टीम है। इस टीम में यूनिटी थी। मैंने देखा है जब भी कोई अच्छा कर रहा था, सभी खुश हो तालियां बजा रहे थे। और जब भी कोई दुखी होता था, तो हमेशा कोई न कोई होता था। मुझे लगता है कि इसी बात ने टीम को परिभाषित किया। स्नेह राणा ने कहा, ''मैं जेमी से सहमत हूं हम लोगों ने यही फैसला किया था कि सबकी सक्सेस में तो सब साथ होते हैं, लेकिन जब किसी का डाउनफॉल चलता है तो उस टाइम और भी ज्यादा साथ देना जरूरी है।

# तृतीय केदारनाथ तुंगनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद, डेढ़ लाख तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग/तुंगनाथ। तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर के कपाट गुरुवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे शुभ मुहूर्त में शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। कपाट बंद होने के बाद भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह डोली अपने प्रथम पड़ाव चोपता के लिए प्रस्थान कर गई।इस यात्रा वर्ष में यहां डेढ़ लाख तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए।

आज प्रातःकाल भगवान तुंगनाथ का मंदिर श्रद्धालुओं को दर्शनार्थ खुला। मंदिर को फूलों से सजाया गया था और पांच सौ से अधिक श्रद्धालु कपाट मौजूद रहे। इसके पश्चात नित्य पूजा-अर्चना संपन्न हुई और तीर्थयात्रियों ने मंदिर में दर्शन किए। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल की उपस्थिति में साढ़े दस बजे से मंदिर के कपाट बंद करने की प्रक्रिया

## ■ शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहित करेंगे : हेमंत

शुरू हुई। भोग यज्ञ हवन पूजा के बाद भगवान तुंगनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप दिया गया और पूर्वाह्न साढ़े 11.30 बजे तुंगनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। तुंगनाथ की चलविग्रह डोली मंदिर के अंदर से परिसर में विराजमान हुई मंदिर की परिक्रमा और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए ढोल नगाड़ों के साथ समारोहपूर्वक अपने प्रथम पड़ाव चोपता के लिए प्रस्थान हुई। इस अवसर पर बाबा तुंगनाथ की जय घोष से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि इस यात्रा वर्ष में डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने तुंगनाथ के दर्शन का पुण्य अर्जित किया।



उन्होंने कहा कि तुंगनाथ की चलविग्रह डोली के मर्कटेश्वर मंदिर मक्कूमठ पहुंचने के बाद तुंगनाथ की शीतकालीन पूजा शुरू हो जाएंगी। मंदिर समिति शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहित करेगी। बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण तथा उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती सहित मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल एवं सभी बीकेटीसी सदस्यों ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि तुंगनाथ की यात्रा अपेक्षा के अनुरूप रही। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आज तुंगनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के बाद भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह डोली प्रथम पड़ाव चौपता पहुंचेगी और कल (शुक्रवार) 7 नवंबर दूसरे पड़ाव भनकुन प्रवास करेगी। चल विग्रह डोली शनिवार 8 नवंबर को अपनी शीतकालीन गद्दीस्थल श्री मर्कटेश्वर मंदिर मक्कूमठ पहुंचेगी। कपाट बंद होने के अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कप्रवान, सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, प्रह्लाद पुष्पवान, देवी प्रसाद देवली, डॉ. विनीत पोस्ती, बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी/कार्यपालक मजिस्ट्रेट विजय प्रसाद थपलियाल, मंदिर समिति सहित मठापति रामप्रसाद मैठाणी, केदारनाथ प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, प्रबंधक बलबीर नेगी, अरविंद शुक्ला प्रकाश पुरोहित, दीपक पंवार,चंद्र मोहन बजवाल,पुजारी अतुल मैठाणी अजय मैठाणी, सहित अधिकारी कर्मचारी हक हकूकधारी मौजूद रहे।

# युवा मतदाताओं को चुनाव आयोग कर रहा प्रेरित पहली बार मतदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में 121 सीटों पर गुरुवार सुबह 7 बजे से मतदान जारी है जो शाम 6 बजे तक चलेगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सुबह सुबह अपने बूथ पर पहुंच रहे हैं और मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। इस बार के मतदान को चुनाव आयोग ने युवाओं के लिए खास बना दिया है। मतदान केंद्रों पर उन युवा मतदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है, जिन्होंने पहली बार मतदान किया है। मतदान केंद्रों पर पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में उत्साह नजर आ रहा है।

चुनाव आयोग की इस पहल का उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाना है। मतदान केंद्रों पर जैसे ही कोई नया मतदाता वोट डालता है, उसे मौके पर ही



प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इस कदम से युवाओं में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति रुचि और गर्व की भावना बढ़ेगी। साथ ही, इससे अधिक से अधिक युवा आने वाले चुनावों में मतदान के लिए प्रेरित होंगे। 112 महाराजगंज के बूथ संख्या 108 पर भी इस अभियान को चलाया गया। सीवान जिले के महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र में युवा मतदाता की क्षेणी में पहली बार मतदान करने वाली तन्या कुमारी को भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए इस भागीदारी और सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया, जिसके बाद उन्होंने युवाओं से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में अपने अपने मतदान केंद्र पर पहुंचें और मत का प्रयोग करें।

# बिहार के राजनीतिक डीएनए की परीक्षा, राघोपुर से मोकामा तक हाई-प्रोफाइल मुकाबले




## ■ लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा में उतरा बिहार, 'बाहुबल बनाम बदलाव' का मुकाबला- बाहुबली भी चुनाव मैदान में, तेजस्वी और तेज प्रताप की सीटों पर सबकी निगाहें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में पहले चरण के मतदान के साथ सियासी संग्राम की असली परीक्षा शुरू हो गई है। गुरुवार सुबह 7 बजे से ही मतदाता 18 जिलों की 121 सीटों पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन, इस बार का मुकाबला सिर्फ उम्मीदवारों के बीच नहीं, बल्कि बाहुबल और परिवारवाद बनाम जनमत के बीच है। राजनीतिक विश्लेषक लव कुमार मिश्र एवं चन्द्रमा तिवारी मानते हैं कि यह चुनाव बिहार के राजनीतिक डीएनए की परीक्षा है। क्या जनता पुरानी परम्पराओं को दोहराएगी या नई सोच को रास्ता देगी? पहले चरण में बाहुबली उम्मीदवार भी मैदान में हैं। इनमें से कई जेल से या जमानत पर चुनाव लड़ रहे हैं। कुछ सीटें ऐसी हैं जहां बंदूक की छाया अब भी लोकतंत्र के सिर पर मंडरा रही है। वहीं, आरजेडी के दो सगे भाई तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव की सीटें भी इसी चरण में हैं, इसलिए राजनीतिक तापमान और बढ़ा हुआ है। एक तरफ राजनीति में अपराध का चेहरा बने नेता वोट मांग रहे हैं तो दूसरी तरफ युवा चेहरे बदलाव की बात कर रहे हैं। इस चरण में तेजस्वी यादव (राघोपुर) और तेज प्रताप यादव (महुआ) की सीटें सबसे चर्चित हैं। राघोपुर में भाजपा के सतीश कुमार यादव ने लालू परिवार की विरासत को सीधी चुनौती दी है। वहीं, महुआ में तेज प्रताप के सामने आरजेडी के बागी मुकेश कुमार रोशन और लोजपा के संजय सिंह हैं। दोनों सीटें यादव परिवार की साख से जुड़ी हैं, इसलिए इस चरण का राजनीतिक तापमान बाकी चरणों से अधिक है। मोकामा सीट पर हमेशा की तरह बाहुबल की राजनीति की छाया गहरी है। दुलारचंद यादव की हत्या के बाद यह इलाका फिर सुर्खियों में आया है। यहां आरजेडी की वीणा देवी और बाहुबली छवि वाले पूर्व विधायक अनंत सिंह आमने-सामने हैं। स्थानीय मतदाता कह रहे हैं कि अब मोकामा तय करेगा कि डर चलेगा या विचार। तारापुर में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और आरजेडी के अरुण कुमार आमने-सामने हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव: मैथिली और खेसारी के ज़रिए बदलाव बनाम परंपरा की परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अलीनगर/छपरा। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 का पहला चरण पूरी तरह से नए चेहरे और पुरानी राजनीति के बीच संघर्ष की तस्वीर पेश कर रहा है। अलीनगर विधानसभा सीट इस बार सुर्खियों में है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यहां से लोकगायिका मैथिली ठाकुर को उम्मीदवार बनाकर एक नया प्रयोग किया है। संगीत की दुनिया से राजनीति में कदम रखने वाली मैथिली ठाकुर का यह पहला चुनाव है और उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अनुभवी उम्मीदवार विनोद मिश्रा से है। अलीनगर में भाजपा ने यह कदम युवा मतदाताओं और महिलाओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से उठाया है। मैथिली ठाकुर की लोकप्रियता का आधार उनके संगीत और जनसंपर्क में निहित है। उनका प्रचार मुख्य रूप से युवा ऊर्जा, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक जुड़ाव पर केंद्रित है। हालांकि, अलीनगर में जातीय और धार्मिक समीकरण अभी भी निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। राजनीतिक

## ■ लोकगायिका मैथिली ठाकुर और भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव की चुनौती

के विशेषज्ञ मानते हैं कि मैथिली का नया चेहरा बदलाव की भावना लाने में सफल हो सकता है, लेकिन स्थानीय राजनीतिक दबदबा और पुराने वोट बैंक अभी भी भारी हैं। निर्दलीय उम्मीदवार राखी गुप्ता भी इस चुनाव में सक्रिय हैं। उनका उद्देश्य सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला बनाकर मुख्य दलों के समीकरण को चुनौती देना है। इससे अलीनगर में चुनावी लड़ाई और जटिल हो गई है। उधर, छपरा विधानसभा सीट पर भी राजनीतिक परिदृश्य खासा दिलचस्प है। प्रसिद्ध भोजपुरी गायक खेसारी लाल यादव इस बार राजद के टिकट पर मैदान में हैं। उनका मुकाबला भाजपा की छोटी कुमारी से है। छपरा में खेसारी लाल यादव की लोकप्रियता युवाओं और ग्रामीण मतदाताओं में बदलाव की उम्मीद जगा रही है।



हालांकि, इस सीट पर भी जातीय संतुलन और स्थानीय दबदबा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। राजनीति के जानकारों का कहना है कि छपरा और अलीनगर जैसी सीटें दिखाती हैं कि नए चेहरे और पारंपरिक राजनीति के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं है। जनता अब सिर्फ पहचान या लोकप्रियता के आधार पर वोट नहीं कर रही, बल्कि विचार और नीति को भी परख रही है। अलीनगर और छपरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें दिख रही हैं। विश्लेषकों का कहना है कि यह संकेत है कि युवाओं और महिलाओं में राजनीतिक जागरूकता बढ़ी है। स्थानीय मतदाता बता रहे हैं कि वे अब सिर्फ जातीय या धार्मिक आधार पर वोट नहीं डालना चाहते, बल्कि ऐसे उम्मीदवार को प्राथमिकता देंगे जो विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक संवेदनाओं का सम्मान करे। अलीनगर में यह साफ दिखाई दे रहा है कि युवा मतदाता बदलाव की उम्मीद के साथ मतदान कर रहे हैं। वहीं, पुराने वोट बैंक और जातीय समीकरण अभी भी कुछ हद तक निर्णायक बने हुए हैं। छपरा में खेसारी लाल यादव की लोकप्रियता ने मतदाता वर्ग को उत्साहित किया है, लेकिन अनुभवी नेताओं और स्थानीय दबदबे के असर को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मैथिली ठाकुर और खेसारी लाल यादव जैसे कलाकार यह साबित कर रहे हैं कि लोकप्रियता और संस्कृति को राजनीतिक रणनीति में प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, राजनीति की असली परीक्षा यह है कि क्या उनका लोकप्रिय चेहरा मतदाताओं के जीवन और समस्याओं को समझने में सक्षम है? अलीनगर और छपरा में परंपरा और जातीय समीकरण अभी भी निर्णायक हैं। जनता अब सिर्फ पहचान नहीं, बल्कि विचार, विकास और बदलाव को महत्व दे रही है।

# केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने बिहार के विकास में केन्द्र सरकार के योगदान की सराहना की

अररिया। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने बिहार के केन्द्र सरकार के योगदान की सराहना की।उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार सबका साथ,सबका विकास के साथ सभी क्षेत्रों में काम कर रही है। किसानों के हित के लिए केन्द्र सरकार और बिहार सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को केन्द्र सरकार की ओर से दिए जाने वाले छह हजार रूपये की राशि में बिहार सरकार ने तीन हजार और रूपये जोड़कर किसानों को अब नौ हजार रूपये लेने का निर्णय लिया है,जो ऐतिहासिक कदम है।कृषि और पशुपालन क्षेत्र में भी किसानों को नित्य नए योजनाओं के माध्यम से सरकार सशक्त बनाने में लगी है।राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के गठन के बाद मखाना किसानों के दिन बहुरेंगे। साथ ही इथेनॉल फैक्ट्री और मक्का आधारित उद्योगों के स्थापना से गन्ना उत्पादक किसानों और मक्का का उत्पादन वाले किसानों को भी अब बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना होगा।

# मंत्री सिरसा ने राजौरी गार्डन में कई विकास कार्यों का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और स्थानीय विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को राजौरी गार्डन में कई विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने नई सीवर लाइनें, वॉटर लाइन्स, बैकलाइन, नई सड़क, और बाउंड्री वॉल जनता को समर्पित किए। साथ ही प्रदूषण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए झंडी दिखाकर स्मोक गन्स को रवाना किया। मंत्री सिरसा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि तेजी से हो रहा यह विकास मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मजबूत नेतृत्व और मार्गदर्शन का ही परिणाम है। राजौरी गार्डन के हर इलाके में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम हो रहा है। विकास की यह रफ्तार निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि काम सिर्फ दिखाने भर का नहीं बल्कि जमीन पर नतीजा देने वाला हो!



इसी सोच के साथ वे राजौरी गार्डन की जनता की सेवा में पूरी निष्ठा से समर्पित है। मंत्री सिरसा ने कहा कि प्रदूषण अब काफी हद तक नियंत्रण में है। पांच नवंबर का दिन पिछले 10 सालों की तुलना में सबसे स्वच्छ रहा। पर्यावरण विभाग, दिल्ली नगर निगम, जल बोर्ड, दिल्ली लोक निर्माण विभाग और अन्य सभी एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष सवाल उठाएगा, क्योंकि जिन्होंने दिल्ली को 10 साल तक बर्बाद किया, उन्हें यह हकीकत हजम नहीं हो रही कि अब दिल्ली की हवा सुधर रही है और प्रदूषण के आंकड़े घटने लगे हैं।

# ट्रेन की छत पर चढ़ा व्यक्ति, हाई-वोल्टेज तार छूने से गंभीर रूप से झुलसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फगवाड़ा। पंजाब में फिल्लौर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक अज्ञात अधेड़ उम्र का व्यक्ति सुल्तानपुर लोधी से आई एक डीएमयू (डीज़ल मल्टीपल यूनिट) ट्रेन की छत पर चढ़ गया। यह घटना सुबह लगभग 9:30 बजे हुई, जब ट्रेन एक प्लेटफ़ॉर्म पर रुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लगभग 40 से 45 साल का एक व्यक्ति ट्रेन पर चढ़ता हुआ देखा गया। प्लेटफ़ॉर्म पर मौजूद लोगों ने उसे बार-बार नीचे उतरने के लिए कहा, लेकिन उसने उनकी चेतावनियों पर ध्यान नहीं दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि उसका व्यवहार अस्थिर लग रहा था, जिससे कई लोगों को संदेह हुआ कि वह मानसिक रूप से अस्थिर था या संभवतः नशे में था। दर्शकों की लगातार अपील के बावजूद, वह व्यक्ति ट्रेन की छत के किनारे की ओर बढ़ा और अचानक, एक चौंकाने वाली हरकत करते हुए, ऊपर से गुज़र रहे बिजली के तार को छू लिया। इस तार में अनुमानित 25,000 वोल्ट का उच्च-तनाव करंट होता है, जिसका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक ट्रेनों को बिजली देने के लिए किया जाता है। उसका हाथ जैसे ही बिजली के तार से टकराया, उसके शरीर में एक ज़ोरदार बिजली का झटका लगा। चिंगारियां उड़ीं और उस आदमी के कपड़ों में आग लग गयी और वह बुरी तरह झुलस गया। कुछ ही सेकंड बाद, वह बेहोश होकर ट्रेन की छत से प्लेटफॉर्म पर गिर पड़ा, जिससे वहां मौजूद भीड़ सकते में आ गयी। रेलवे अधिकारियों और यात्रियों ने तुरंत आपातकालीन सेवाओं को सूचित किया।

# आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी नंदा देवी राज जात यात्रा की तैयारियां शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उच्च हिमालय क्षेत्र की अत्यधिक सबसे कठिन नंदा राज जात यात्रा के लिए उत्तराखंड सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यात्रा मार्ग सुधारीकरण के लिए 47 करोड़ 75 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है। यह यात्रा 12 साल में एक बार होती है और वर्ष 2026 में यात्रा होनी है। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने जिलाधिकारी चमोली को यात्रा की व्यवस्था को लेकर एक कार्य योजना पर कार्य करने के भी निर्देश दिए हैं। उच्च हिमालय क्षेत्र में 5 हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर अगस्त-सितंबर माह में होने वाली इस यात्रा में यात्री ग्लेशियर, घने जंगल, बुग्याल, ताल, कुंडों की 280 किमी की कठिन यात्रा करते हैं। यात्रा में करीब 22 से 25 दिन का समय लगता है। गढ़वाल व कुमाऊं आराध्य देवी नंदा भगवान शिव तक पहुंचाने की यह यात्रा अत्यंत कठिन तो है,



लेकिन यात्रा के सुखद अनुभव जीवनभर की स्मृतियों में शामिल हो जाते हैं। इस बार यात्रा 2026 में होनी है और सरकार के साथ ही स्थानीय प्रशासन और ग्रामीण भी तैयारियों में जुट गए हैं। गढ़वाल हिमालय की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी नंदा देवी राज जात यात्रा उत्तराखंड में हर 12 साल में एक बार आयोजित की जाने वाली एक पवित्र तीर्थयात्रा है। पार्वती के अवतार, देवी नंदा देवी को समर्पित, यह यात्रा जिसे ''लोक जात'' भी कहा जाता है। नंदा राज जात यात्रा भगवान शिव की अर्द्धांगिनी पार्वती को उसके ससुराल पहुंचाने से जुड़ी है। इस यात्रा का अग्रेसर एक चार सींग (चौसिंग्या) का खाडू (भेड़) होता है। खाडू के पीछे-पीछे पूरी यात्रा चलती है। लोक मान्यता है कि इस क्षेत्र में यात्रा में शामिल होने वाले चौसिंग्या खाडू का जन्म होता है और माना जाता है कि चार सींग के खाडू का जन्म भी मां नंदा की कृपा से ही होता है। उसे देवी स्वयं चुनती है। गढ़वाल व कुमाऊ में नंदा देवी की ईष्टदेव के रूप में पूजा होती है। दोनों क्षेत्रों में हर गांव व हर परिवार में देवी के मंदिर भी स्थापित हैं और उन्हें श्रद्धा व विश्वास के साथ पूजा जाता है। ढोल-दमाऊ, ढौर थाली, हुड़के की थाप पर देव नृत्य भी पारंपरिक जागरों पर विभिन्न अवसरों पर आयोजित किया जाता है। इन सब में लोक जात्रा को विशेष स्थान दिया गया है। नंदा राज जात यात्रा न सिर्फ एक पैदल यात्रा है बल्कि भक्ति, श्रद्धा, उपासना की एक यात्रा है, जिसमें मां पार्वती को शिव स्थान तक उसके घर पहुंचाना होता है। इतिहास के पन्नों पर नजर दौड़ाए तो चमोली जिले में 12 सालों में होने वाली इस यात्रा की शुरूआत 7वीं सातवीं शताब्दी में गढ़वाल के राजा शालिपाल ने एक गांव से की थी।

# रजत जयंती सप्ताह पर कर्मचारियों, शिक्षकों व छात्रों को दी मुख्यमंत्री ने सागौत

देहरादून। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती सप्ताह में गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों को सौगात दी है। सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों, निकायों में कार्यरत कर्मचारियों को महंगाई भत्ता भी बढ़ा दिया है। इसके विद्यालयों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक और अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन की धनराशि जारी की है। इसके साथ ही पर्वतीय अंचलों के जिलों के विकास के लिए भी धनराशि जारी की है। उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 साल पूरे हो गए हैं और इस अवसर पर राज्य में 1 नवंबर से उत्सव मनाए जा रहे हैं। जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक सामान्य व पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान किये जाने के लिए 54 करोड़ 72 लाख़ की धनराशि अवमुक्त करने को संस्तुति दी है। साथ ही 21 अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत कार्मिकों के वेतन आदि के भुगतान के लिए 57 करोड 14 लाख की धनराशि जारी कर दी गई है।






चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063